# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024






जन-जन की प्राण शक्ति, भारत की सांस्कृतिक समृद्धि के तिलक, सुखधाम, प्रभु श्रीराम की अयोध्या में भव्य प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश उल्लासमय है, भक्ति भाव में सराबोर है। इस शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश भी पूरे उत्साह के साथ इस पावन अवसर के लिए तैयार है। इसी क्रम में प्रदेशभर में आयोजनों के माध्यम से इस अवसर को विशेष बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

D-11169/23

## श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व प्रदेशभर में अध्यात्म और आस्था का उत्सव

16 से 22 जनवरी, 2024

श्रीराम वन-गमन पथ के निर्माण को गति देने के लिए
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में चित्रकूट में न्यास की पहली बैठक से उत्सव का आरंभ

- समस्त जिलों में प्रभात फेरी एवं कलश यात्राएं
- मंदिरों के आस-पास विशेष स्वच्छता अभियान
- 28 पवित्र स्थानों पर श्री रामचरित लीला समारोह, ओरछा एवं चित्रकूट में विशेष आयोजन
- शहरों और गांवों में हर घर दीप प्रज्ज्वलन का आह्वान
- 22 जनवरी, 2024 को मंदिरों, पवित्र नदियों, जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था
- प्रमुख मंदिरों में एलईडी से प्राण-प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण
- विशेष ट्रेनों और अयोध्या जाने वाले तीर्थ यात्रियों का पुष्प वर्षा से स्वागत
- स्थानीय कलाकारों एवं संस्थाओं के सहयोग से श्रीराम-जानकी से संबंधित चित्र, शिल्प, रंगोली आदि का प्रदर्शन, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य-नाटिका, भजन संध्या का आयोजन
- गांवों में श्रीराम कथा सप्ताह में गायन, कथा वाचन, रामचरित मानस पाठ पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन

मध्यप्रदेश शासन

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024



भोपाल। राजधानी में इन दिनों काफी तेज धूप है, इसके बावजूद भी सर्दी का असर नहीं कम हो रहा है। सोमवार को बिरला मंदिर गईं युवतियां धूप में अपने आप को सेंकती हुई नजर आईं।

### तीन दिन में चौथा सबसे बड़ा मामला, दो मामलों में पैट लवर्स के खिलाफ एफआईआर

# आवारा कुत्ते ने अब चौकी इमामबाड़ा में 3 साल के बच्चे सहित एक दर्जन लोगों पर किया हमला


*राजधानी में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अब चौकी इमामबाड़ा में एक दर्जन से ज्यादा लोगों पर कुत्तों ने हमला कर दिया। इनमें एक 3 साल का बच्चा व महिला भी शामिल है। वहीं पिपलानी के राजीव नगर में एक तीन साल के मासूम पर अटैक कर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में स्ट्रीट डॉग्स के काटने का सिलसिला जारी है। सोमवार को पुराने शहर के चौकी इमामवाड़ा कॉलोनी में एक दर्जन से ज्यादा लोगों पर कुत्तों ने हमला कर दिया। इनमें एक 3 साल का बच्चा व महिला भी शामिल हैं। इनके हाथ-पैरों में कुते के दांत के गहरे निशान हैं। इन लोगों ने जेपी अस्पताल में जाकर रैबीज के इंजेक्शन लगवाए। रहवासियों ने तुरंत ही नगर निगम के कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद डॉग स्क्वाड उसे पकड़ कर ले गई।

भोपाल में कुत्तो का आतंक लगातार जारी है। सोमवार को फिर कुत्ते ने बनाया एक मासूम सहित एक दर्जन लोगों को अपना शिकार बनाया। यह घटना पुराने शहर के शहर के चौकी इमामबाड़ा इलाके की है। यहां एक कुत्ते ने बच्चे दिए थे। दोपहर को करीब 3 से 4 बजे के बीच का समय था। उसी दौरान कुत्ते ने वहां से निकल रहे एक बच्चे पर पहले हमला किया, उसके बाद बच्चे को बचाने गए लोगों को अपना शिकार बनाया। 3 साल के मासूम बच्चे को शरीर के कई हिस्से में दांत के निशान है। रहवासियों के अनुसार लगातार कॉलोनियो में आवारा कुत्ते आ रहे है। कलेक्टर भोपाल के आदेश के बाद भी नगर निगम एक्टिव नहीं हो पाया है।

सूचना मिलने पर नगर निगम की डॉग स्क्वाड कुत्ते को पकड़ कर ले गई



### 12 लोगों के हाथ पैरों में दांत के निशान, लगवाए रेबीज के इंजेक्शन

इससे पहले 10 जनवरी को 7 महीने के एक बच्चे को पार्क से घसीटकर ले गए और उसका एक पूरा हाथ खा लिया था। बाद में शव लहूलुहान मिला था। इसके बाद राजीव नगर में एक बच्चे को आवारा कुत्ते ने बच्चे को शिकार बनाया। जबकि पिछले हफ्ते ही एमपी नगर में 21 लोगों को और उसके पहले साकेत नगर में 8 लोग आवारा कुत्तों का शिकार हो चुके हैं। इस संबंध में जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव के अनुसार दोपहर को ओपीडी के समय 12 लोग आए थे, जिन्हें एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए।

### आवारा कुत्तों के लिए भोपाल का स्वयं का माडल है तीन एबीसी सेंटर का, तीनों पर हो रहा स्टरलाइजेशन

आवारा कुत्तों की आबादी को कंट्रोल करने हैदराबाद व बैंगलुरू मॉडल का पांच साल पहले चयन किया गया, लेकिन आबादी कंट्रोल होने की जगह लगातार बढ़ती गई। इसके बाद नगर निगम भोपाल ने स्वयं ही अपना मॉडल तैयार किया और शहर के तीन हिस्सो में एनिमल कंट्रोल सेंटर(एबीसी) बनाकर हर माह ढाई हजार से ज्यादा आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका स्टरलाइजेशन किया जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जब तक 50 फीसदी आवारा कुत्तों का स्टरलाइजेशन हो जाएगा, तब इसका असर शहर में दिखने लगेगा।

- एक लाख से ज्यादा ऐसे आवारा कुत्ते, जिनका स्टरलाइजेशन होना बाकी



नगर निगम द्वारा आवारा कुत्ते पकड़ने का काम रोजाना ही होता है। अब इनके काम में रोड़ा अटकाने वालों की खैर नहीं है। शहर में हुई दो बड़ी घटनाओं के बाद लगातार एफआईआर दर्ज करवाई जा रही हैं। **रणवीर सिंह,** अपर आयुक्त नगर निगम

### पिता ने बुलाई टीम तो भड़कीं पशु प्रेमी

## मासूम को कुते ने काटा, विरोध किया तो पीड़ित पिता को पीटा

रविवार रात राजीव नगर पिपलानी में नगर निगम की टीम एक व्यक्ति की सूचना पर कुत्ता पकड़ने पहुंची तो पशु प्रेमी महिला ने सूचना देने वाले व्यक्ति के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, महिला ने नगर निगम की टीम के साथ भी अभद्रता की है। पुलिस ने उक्त मामले में पशु प्रेमी महिला और उसके दो बेटों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 30 साल के विकेश कुमार यादव, राजीव गांधी नगर, पिपलानी में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 11 जनवरी को उनका 3 साल का बेटा कौशिक कॉलोनी के पार्क में खेल रहा था। तभी कविता भावनानी के पालतू कुत्ते ने कौशिक को काट लिया। विकेश ने घटना की शिकायत नगर निगम में की। नगर निगम की टीम कुत्ते को पकड़ने रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे राजीव गांधी नगर पहुंच गई। नगर निगम की टीम को विकेश कुमार ने कुत्ता दिखाया और टीम पकड़ने की तैयारी करने लगी। इसी बीच पशु प्रेमी कविता भावनानी पहुंची उनके साथ उनके दोनों बेटे भी थे। उन्होंने नगर निगम की टीम पूछताछ की और वहां खड़े विकेश के साथ गालीगलौज करनी शुरू कर दी। विकेश ने गाली देने से मना किया तो कविता ने अपने दोनों बेटों के साथ मिलकर विकेश से मारपीट कर दी।

पुलिस ने पशु प्रेमी महिला और उसके दो बेटों पर मामला किया दर्ज



#### पालतू कुत्ते को खुला छोड़ा

विकेश ने पुलिस को बताया कि कविता ने उक्त कुत्ते को पाल रखा है और उसे खुला छोड़ दिया है। पूरे मामले में थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि नगर निगम की टीम के साथ अभद्रता हुई या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। नगर निगम के किसी कर्मचारी और अधिकारी की तरफ से अभी कोई शिकायत नहीं की गई।

## उत्तरी हवाओं के झोंकों ने गिराया तेज धूप में पारा

*दिनभर बदलती रहीं हवाएं, दिन और रात के तापमान में पूरे प्रदेश में गिरावट*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में सोमवार को सुबह से धूप खिली, इसके बावजूद दिन और रात के तापमान में गिरावट रही। दिन में उत्तरी हवाओं के झोंके आने से दिन के तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट हुई, जबकि रात का पारा दो दिन में 2 डिग्री तक गिरा है। पारे में गिरावट के बावजूद अभी शहर का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक है। इससे तेज सर्दी का असर अभी नहीं होगा। शहर का दिन का पारा 2.8 डिग्री गिरकर 25.3 डिग्री रहा, जबकि रात का तापमान 1.4 डिग्री की कमी के बाद 13 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.3 डिग्री अधिक है। अगले 24 घंटे में मौसम में विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला ने बताया, अभी हवा बदलते रहने से पारे में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। एक से दो डिग्री तक उतार-चढ़ाव बना रहेगा। सुबह से शाम तक बीच बीच में हवाएं उत्तरी होने से दिन के तापमान में कमी आई है। रात का तापमान बादल, धुंध और कोहरे में कमी आने के कारण कम हुआ है।

#### दो दिन में 2 डिग्री की गिरावट

शहर में रात के समय बादल, धुंध छंटने और कोहरे में कमी आने से तापमान में कुछ कमी रही। शहर में दो दिन में रात का पारा करीब 2 डिग्री गिरा है। 13 जनवरी को यहां रात का पारा 15 डिग्री के करीब था, जो सोमवार को 13 डिग्री रहा। श्री शुक्ला के अनुसार दो दिन में तापमान में एक से दो डिग्री की कमी और बढ़त होती रहेगी।

#### नए पश्चिमी विक्षोभ से बढ़ेगी सर्दी

मौसम विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ कश्मीर सहित पूरे हिमालय क्षेत्र में बर्फवारी करेगा। इसका असर सोमवार से बढ़ गया है। तीन से चार दिन में हवाएं उत्तरी होने के साथ ही दक्षिण पूर्वी होने पर प्रदेश के यूपी से लगे हिस्सों में बादल छाने के साथ कहीं कहीं तेज सर्दी भी होगी, जबकि भोपाल में दिन और रात के तापमान में कुछ गिरावट होने से सर्दी का असर बढ़ेगा। प्रदेश में इस डब्ल्यूडी से बारिश की उम्मीद कम है।

### कई ट्रेनें निरस्त तो कई को किया री-शेड्यूल

## सचखंड साढ़े 22 तो श्रीधाम 20 घंटे देरी से भोपाल आई

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। रेलवे की ओर से कई ट्रेनों को रैक के अभाव में लगातार निरस्त किया जा रहा है तो वहीं कई ट्रेनों री-'शेड्यूल कर चलाया जा रहा है। सोमवार को सचखंड एक्सप्रेस जहां 22 घंटे से अधिक की देरी से आई तो वहीं श्रीधाम एक्सप्रेस 20 घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा कई ट्रेनें 10 घंटे से अधिक की देरी से आई। दिल्ली में घने कोहरे के प्रभाव के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस घंटों की देरी से आ रही है।

- 12191 श्रीधाम एक्स.20 घंटे
- 12616 जीटी एक्स. 14.25 घंटे
- 11058 अमृतसर ए.7.45 घंटे
- 12002 शताब्दी एक्स. 3.36
- 22222 राजधानी 5:40 घंटे
- 12626 केरल एक्स. 13 घंटे
- 20806-आंध्र एक्स 12 घंटे
- 12920 मालवा एक्स. 8 घंटे
- 12156 भोपाल एक्स. 13 घंटे
- 12622- तमिलनाडु एक्सप्रेस 7.50 घंटे
- 12722 दक्षिण एक्स. 13 घंटे
- 12724 तेलंगाना एक्स. 16.56 घंटे
- 12716 सचखंड एक्स. 22: 21 घंटे लेट चल रही है।

### कोहराः दिल्ली, प्रयागराज फ़्लाइट कैंसिल

**संतनगर।** मौसम की ख़राबी से सेक्टर रीज़न के चलते भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानें लगातार प्रभावित हो रही हैं। सोमवार को भी एयर इंडिया की दिल्ली और इंडिगो एयरवेज़ की प्रयागराज उड़ान को रद्द किया गया, जबकि रायपुर व कुछ उड़ानें अपने निर्धारित समय से घंटों लेट आईं। घने कोहरे से यहां पर लगातार उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। आज इंडिगो की प्रयागराज को कैंसिल किया गया, जबकि इससे पहले एयर इंडिया की मॉर्निंग दिल्ली उड़ान भी आज भोपाल नहीं आ सकी और उसे कैंसिल कर दिया गया, जिसके कारण यात्रियों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण और सेक्टर रीज़न से कई उड़ानें यहाँ पर लेट आ रही है और कैंसिल भी किया जा रहा है। रविवार को भी दिल्ली उड़ान भोपाल नहीं आ सकी थी।

### खबर संक्षेप

#### चौराहों पर लगेंगी एलईडी होगा लाइव प्रसारण

**भोपाल।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर जिले के मंदिरों और शहर में होने वाले आयोजनों को बेहतर करने और सुविधाएं मुहैया कराने जिला प्रशासन ने सहयोग का आश्वासन दिया है। सोमवार को कलेकटोरेट में भोपाल सांसद, भोपाल जिले के दोनों मंत्री और विधायकों की बैठक बुलाई गई थी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सीएम की बैठक होने के कारण सांसद और दोनों मंत्रियों ने अपने प्रतिनिधि भेजे थे। उन्होंने 22 जनवरी तक मंदिरों और शहर में धार्मिक आयोजनों और उसकी तैयारियों में प्रशासन से सहयोग मांगा है। उन्होंने कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के लिए एलईडी जैसी सुविधाओं की बात की थी।

#### भोपाल के पहले महापौर डॉ. बिसारिया का निधन

**भोपाल।** राजधानी के पहले महापौर डॉ. आरके बिसारिया का 14 जनवरी को देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 जनवरी को किया जाएगा।




डॉ. बिसारिया न सिर्फ भोपाल के पहले महापौर थे, बल्कि ख्यात प्राप्त चिकित्सक भी रहे हैं। वर्ष 1983 में कुल 55 वार्डों वाली भोपाल नगर परिषद को नगर निगम का दर्जा मिला और कांग्रेस के डॉ. आरके बिसारिया पहले महापौर चुने गए थे। मूलतः वे इंदौर के रहने वाले थे, लेकिन भोपाल आ गए। तब वे तत्कालीन मुख्यमंत्री सिंह के संपर्क में आए और राजनीति में आ गए।

### बेड, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी समेत पूरे अस्पताल को यह सर्टिफिकेट मिला

## एम्स भोपाल एनएबीएच से मान्यता प्राप्त करने वाला मध्य भारत का पहला सरकारी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त करने वाला मध्य भारत का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है। इसके साथ ही यह अकेला एम्स है, जिसके 960 बेड, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, एंबुलेंस सेवा समेत पूरे अस्पताल को यह सर्टिफिकेट मिला है। इससे पहले एम्स दिल्ली और एम्स नागपुर को यह सर्टिफिकेट अस्पताल के कुछ भाग के लिए मिला था। इसकी हर साल जांच भी होती है, कमी मिलने पर मान्यता खत्म कर दी जाती है। यह जानकारी एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह द्वारा प्रेस वार्ता में दी गई।



#### यह होगा लाभ

इस सर्टिफिकेट के तहत एम्स भोपाल को केंद्र सरकार की तरफ से इलाज के लिए मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी होगी। अस्पताल को बजट से 25 फीसदी अधिक धनराशि मिलेगी और डिफॉल्ट रूप से सीजीएचएस की रेट लिस्ट में इजाफा हो जाएगा।

#### अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण मान्यता

अस्पताल के लिए यह एक महत्वपूर्ण मान्यता है। इस सर्टिफिकेट को विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त है। इसमें सफल होने की प्रक्रिया कठोर और व्यापक है।

पुलिस ने बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

## मुंह पोंछने रुमाल दिया, बेसुध हुई तो 12 साल की बच्ची से 16 के नाबालिग ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एक बस्ती में 12 साल की बच्ची से 16 साल के नाबालिग द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मोहल्ले में रहने वाले एक नाबालिग से दोस्ती हो गई थी। दोस्ती का फायदा उठाकर वह उसे बस्ती के पास ही स्थित पार्क में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। उसने पुलिस को बताया कि उसके साथ दो बार दुष्कर्म हुआ है। पुलिस ने बालअपचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 12 साल की बच्ची छठवीं कक्षा में पढ़ती है। वह अपनी बड़ी मम्मी और पापा के साथ यहां रहती है। जबकि परिवार गांव में रहता है। पीड़िता ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले 16 साल के नाबालिग से उसकी दोस्ती हुई थी।



उसकी नाबालिग से मोबाइल पर बातचीत भी होती थी। 30 दिसंबर को उसने कॉल कर उसे मिलने बुलाया था। वह उससे मिलने पहुंची तो पार्क में ले गया। वहां मुंह पोछने के लिए उसने रुमाल दिया था। रुमाल से मुंह पोंछने के बदा वह बेसुध हो गई और नाबालिग से उससे दुष्कर्म किया। वह डर गई थी। आरोपी ने दूसरी बार धमकाते हुए उसे मोहल्ले में झुग्गियों के पीछे बुलाया था और वहां भी उससे दुष्कर्म किया।

#### बड़ी मां ने पूछा तो हुआ खुलासा

बच्ची की मां नहीं है। उसकी परवरिश बड़ी मम्मी और बड़े पापा कर रहे हैं। दुष्कर्म के बाद से बच्ची के हाव-भाव बदल गए थे। वह परेशान नजर आ रही थी। इसके अलावा बड़ी मां को पता चला था कि वह नाबालिग के साथ कहीं गई थी। बड़ी मां ने दबाव बनाकर पूछा तो बच्ची ने अपने साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी दी। बड़ी मां और पिता ने उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज में बिना चीरा लगाए दूरबीन पद्धति से किया जटिल ऑपरेशन

# एमआरकेएच सिंड्रोम की मरीज़ के जीवन में खुला नया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग के डॉक्टरों द्वारा, दुर्लभ, मेयर- रोकीटांस्की- कस्टर- हाउसर सिंड्रोम (एमआरकेएच सिंड्रोम) से ग्रसित, 34 वर्षीय महिला का, सफल ऑपरेशन, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से, किया गया। एमआरकेएच सिंड्रोम जन्मजात विकृतियों का एक समूह होता है जिसमें महिला के प्रजनन अंगों, गुर्दे व मूत्र मार्ग का असामान्य विकास होता है।

यह लगभग 5 हज़ार में से किसी एक महिला में पाया जाता है। इस मरीज़ में जन्म से ही योनि मार्ग (वेजाइना) और गर्भाशय अविकसित रह गए थे, जिसके कारण उसका विवाह नहीं हो पा रहा था और वो भारी मानसिक अवसाद से ग्रसित थी।

#### इस बीमारी से योनि मार्ग और गर्भाशय रह गए थे अविकसित



#### सर्जरी में जुटी यह टीम

चीरे के, दूरबीन पद्धति से, डॉ दिव्या शर्मा (स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं लैपरोस्कोपिक सर्जन) की अगुआई में, मरीज़ के योनि मार्ग का नव निर्माण किया गया। सर्जिकल टीम में डॉ. रंजीत चौधरी (मूत्र रोग सर्जन), डॉ. सीमा खुर्रम (गाइनेक), डॉ. गरीमा अथक प्रयासरत रहे। डॉ. एस. एन. अग्रवाल के नेतृत्व में निश्चेतना विभाग का भरपूर सहयोग होने से एवं लैपरोस्कोपिक सर्जरी के नवीनतम उपकरणों से लैस ओ. टी. होने से यह जटिलतम सर्जरी सहजता से हो पाई और महिला के जीवन में गृहस्थ जीवन की नई संभावनाएं अब खुल गई हैं।

## किसी इंफेक्शन से उभरे सेप्सिस में मरीज को एक घंटे में अस्पताल पहुंचाना जरूरी

जिस तरह सडक या किसी प्रकार की दुर्घटना में ट्रामा इमरजेंसी के लिए शुरू के चार घंटे अहम होते हैं। ठीक वैसे ही वायरल इंफेक्शन या कोई दूसरे इंफेक्शन से उभरे सेप्सिस की स्थिति में मरीज का शुरूआती एक घंटे में अस्पताल पहुंचना जरूरी है। यह बात हमीदिया अस्पताल में आयोजित एक वर्कशॉप में क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट ने कही। सीएमई का आयोजन इंडियन सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन चैप्टर भोपाल द्वारा किया गया था। इस सीएमई में गांधी मेडिकल कॉलेज के अलावा एम्स भोपाल और अन्य अस्पतालों के क्रिटिकल केयर चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। हमीदिया के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ताहिर अली ने बताया कि हर तरह के इंफेक्शन से सेप्सिस नहीं होता, लेकिन सेप्सिस के लिए हर बार कोई न कोई इंफेक्शन जिम्मेदार होता है।



#### 40 फीसदी मौत का जिम्मेदार

डॉ. ताहिर ने बताया कि सेप्सिस के कारण आईसीयू या क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती मरीजों का इलाज बहुत कठिन हो जाता है। इस तरह के मरीजों में मौत का प्रतिशत 40 से भी ज्यादा है। मतलब क्रिटिकल केयर यूनिट में होने वाली 40 फीसदी मौत के लिए सेप्सिस जिम्मेदार है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com | भोपाल, मंगलवार 16 जनवरी 2024


## अनोखा उत्सव, आग से निकलते हैं मवेशी



बेंगलुरु। सोमवार को बेंगलुरु में मकर संक्रांति उत्सव अनोखे अंदाज में मनाया गया। फसल के मौसम के बाद यहां 'किच्चू हैसोडा' समारोह का आयोजन हुआ। बैलों ने हैंडलर के साथ आग के ऊपर छलांग लगाई। हजारों लोग आयोजन में शामिल हुए।






# मैं भाग्यशाली हूं ...श्री रामलला हमें 22 जनवरी को दर्शन देंगे

अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले पीएम मोदी ने संदेश जारी किया और कहा है कि भगवान राम हमें 22 जनवरी को दर्शन देंगे। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे समारोह में भाग लेने का मौका मिल रहा है।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोमवार को कहा कि भगवान राम हमें 22 जनवरी को दर्शन देंगे और मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अयोध्या में राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैंने 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान भी शुरू किया है। ⏩ शेष पेज 2 पर



### पीएम मोदी कर रहे हैं 11 दिन का अनुष्ठान

पिछले हफ्ते, पीएम मोदी ने एक ऑडियो संदेश जारी किया था और कहा था कि वह 11 दिवसीय 'अनुष्ठान' (विशेष अनुष्ठान) शुरू करेंगे, क्योंकि राम मंदिर उद्घाटन के लिए केवल कुछ ही दिन बचे हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए केवल 11 दिन बचे हैं। भगवान ने मुझे अभिषेक के दौरान भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए, मैं आज से 11 दिनों के लिए एक विशेष अनुष्ठान शुरू कर रहा हूं।

*नीति आयोग की रिपोर्ट में दावा, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ लोग गरीबी से हुए मुक्त*



## मोदी सरकार के नौ साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अच्छी खबर

नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन ⏩ शेष पेज 2 पर

### सीएम ने कहा
### कल्याणकारी योजनाओं से ये संभव हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स में कहा कि डबल इंजन सरकार की बेहतर नीतियों का असर, गरीबों का जीवन स्तर हो रहा बेहतर। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार विगत 9 वर्षों मे मध्यप्रदेश के 2 करोड़ 30 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन और नागरिकों की सहभागिता से ही यह संभव हुआ है। हमारी सरकार अंत्योदय के लिए संकल्पित है।

## उज्जैन के चिंतामन गणेश स्थित लड्डू निर्माण इकाई पहुंचे

# मुख्यमंत्री यादव ने श्रीराम मंदिर अयोध्या के लिए बनाए लड्डू

**1** अयोध्या भेजे जाने हैं 5 लाख लड्डू, अब तक 4 लाख बन चुके **2** आज तीन ट्रक लड्डू होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन से अयोध्या के लिए 5 लाख लड्डू लेकर तीन ट्रक मंगलवार को रवाना हो जाएंगे। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाकालेश्वर प्रबंध समिति की चिंतामन स्थित लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई पहुंचकर अयोध्या के लिए बन रहे लड्डुओं की निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने खुद भी ⏩ शेष पेज 2 पर



सरकार के कामकाज की दी रिपोर्ट

### *मुख्यमंत्री यादव अचानक पहुंचे दिल्ली राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात*

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार की शाम अचानक दिल्ली पहुंच गए। पहले उनका दिल्ली जाना तय नहीं था, किंतु बाद में उनके कार्यक्रम में संशोधन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली पहुंचते ही सबसे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। नड्डा से उनकी काफी देर तक चर्चा हुई है। संभावना जाहिर की जा रही है कि प्रदेश के मौजूदा ⏩ शेष पेज 2 पर









### शारदा मंदिर में गर्दन काटकर चढ़ाने की कोशिश

भोपाल। मैहर मां शारदा दरबार में हैरतअंगेज मामला सामने आया है, जहां एक भक्त ने अपनी मन्नत पूरी होने पर शारदा माता मंदिर के




हवन कुंड में अपने सिर को चढ़ाने के लिए चाकू से गर्दन काटकर नाकाम कोशिश कर डाली। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भक्त को दबोच लिया और हाथ से चाकू छीन लिया। पुलिस ने उसे मैहर अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

#### अस्पताल में चल रहा था इलाज

## गृहमंत्री शाह की बड़ी बहन का मुंबई में निधन, गुजरात के सारे कार्यक्रम रद्द

अंतिम संस्कार अहमदाबाद में किया





एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन का मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है।

बहन राजेश्वरीबेन शाह के निधन के बाद अमित शाह ने गुजरात में अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। राजेश्वरीबेन की उम्र 60 के आसपास थी। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि राजेश्वरीबेन की तबीयत कुछ समय से ठीक नहीं थीं और मुंबई के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने सोमवार तड़के अंतिम सांस ली। राजेश्वरीबेन का पार्थिव शरीर सोमवार सुबह अहमदाबाद में उनके आवास पर लाया गया है और उनका अंतिम संस्कार दोपहर में थलतेज श्मशान में कर दिया गया।

#### औरंगाबाद में मॉब लिंचिंग

## बुजुर्ग की हत्या के बाद भीड़ ने दो बदमाशों को पीट-पीटकर मार डाला



एजेंसी ⏭ औरंगाबाद

- तीन की मौत की एसपी ने पुष्टि की

औरंगाबाद जिले में मॉब लिंचिंग का एक मामला सामने आया है। सोमवार को कार सवार बदमाशों ने गोली मारकर बुजुर्ग महुली गांव निवासी रामशरण चौहान की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कार सवार दो बदमाशों की पीट-पीटकर मार डाला। दो अन्य बदमाशों को पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया है। तीन की मौत की एसपी ने पुष्टि की है। बताया जाता है कि तेतरिया मोड़ पर जाम लगा थी। जाम के दौरान एक युवक बदमाशों से उलझ गया। बदमाशों ⏩ शेष पेज 2 पर

## फास्टैग की 31 तक केवाईसी नहीं, तो देनी होगी पेनाल्टी

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य कई वाहनों के लिए एकल फास्टैग का उपयोग अथवा एक विशेष वाहन के लिए कई फास्टैग को जोड़ने को रोकना है। फास्टैग का तय समय से पहले केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। बकाया धनराशि के साथ अपूर्ण केवाईसी ⏩ शेष पेज 2 पर






#### नौकरी देने के बदले लड़कियों को दिया था 'अभद्र प्रस्ताव'

## बीज विकास निगम के संविदा अफसर तंतुवाय बर्खास्त, जांच में कदाचरण की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीज विकास निगम में नौकरी के लिए इंटरव्यू में पास कराने के नाम पर तीन युवतियों से घिनौनी मांग रखने वाले संविदा अफसर संजीव कुमार तंतुवाय को बीज विकास निगम द्वारा सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। क्राइम ब्रांच को जांच करने पर शिकायत को सही पाया गया। तंतुवाय का यह कृत्य घोर निंदनीय एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। जो संविदा सेवा नियमों की शर्तों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। जिससे यह कार्रवाई की गई।

### क्राइम ब्रांच ने धारा 354 ए के तहत आरोपी पर केस दर्ज किया



#### देर रात सेवाएं समाप्त करने का आदेश

बीज विकास निगम पहले तंतुवाय को नोटिस जारी किया था। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी थी, देर रात मप्र राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम के प्रबंध संचालक के हस्ताक्षर से सेवा समाप्ति का आदेश जारी हुआ।

#### आरोपी ने गलती कबूली

ग्वालियर में बीज विकास निगम में संविदा नौकरी के लिए कुछ समय पहले इंटरव्यू हुए थे। बाद में इंटरव्यू पैनल में शामिल संविदा अधिकारी संजीव कुमार तंतुवाय ने तीन युवतियों को वाट्सएप पर मैसेज भेजकर अनैतिक मांग रखी। उसने यह तक लिखा कि यदि नौकरी पाना है तो एक रात बितानी पड़ेगी। बाद में उसने मैसेज डिलीट कर दिया। हालांकि, एक युवती ने मैसेज का स्क्रीन शॉट ले लिया और इसकी शिकायत पुलिस में कर दी। इस पर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज ⏩ शेष पेज 2 पर




## स्टार्टअप के जरिए समाज को फायदा पहुंचाने वाले युवा इनोवेटर्स से हरिभूमि की बातचीत

# नेशनल स्टार्टअप डे... किसी ने एक रुपए प्रति दर से बनाया सैनेटरी नैपकिंस तो किसी ने जैविक खेती के लिए बनाई स्वाइल टेस्टिंग मशीन

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

स्टार्टअप्स किसी भी देश की रीढ़ कहलाते हैं। वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने और रोजगार के नए क्षेत्रों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी, स्टार्टअप डे के रूप में मनाने की घोषणा की। सोमवार को नेशनल स्टार्टअप डे पर हरिभूमि ने ऐसे स्टार्टअप संचालित करने वाले युवाओं से बातचीत की, जिनके बने मॉडल ने समाज को भी फायदा पहुंचाया और विकास रूपी शरीर में रीढ़ साबित हुए।

### जैविक खेती के रूप में सवा लाख किसानों को लाभ देने वाली 'फार्मर बडी स्वाइल टेस्टिंग पेटेंट प्रोब' बनाया



वर्तमान में जैविक खाद्य पदार्थों की बात सभी करते हैं, लेकिन जैविक खेती के प्रयास कम ही देखने को मिलते है, लेकिन शहर के असीम जौहरी और उनके तीन दोस्तों अंकित शिवदासानी, अजय तिवारी, दीप गुप्ता ने मिलकर इंवेंटोहेक स्टार्टअप के रूप में 'फार्मर बडी स्वाइल टेस्टिंग पेटेंट प्रोब' का निर्माण किया। इस स्वाइल टेस्टिंग मशीन की खासियत है कि इससे केवल मृदा में मौजूद न्यूट्रिएंट्स तत्व का ही पता नहीं लगाया जाता, बल्कि यह मल्टीपरपज मशीन है, जिसके जरिए डेरी और मिल्क प्रोडक्ट की भी टेस्टिंग की जाती हैं, साथ ही मृदा में कौन-कौन से केमिकल्स होते हैं और किसकी कमी है, इसे भी मशीन से टेस्ट कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्राप्त इस मशीन के लिए इंवेंटोहेक को एएनआईसी बॉय एएमआई नीति आयोग, आईसीएआर एनएएआरएम अवॉर्ड सहित कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीस स्तर के सम्मान प्राप्त हुए हैं। असीम ने कहा कि अभी तक हमने 25 से 50 डिवाइसेज बेची है और जिसमें प्रति डिवाइस हजार बार टेस्टिंग की जा सकती है। ऐसे में अभी तक हमने सवा लाख किसानों के लिए स्वाइल टेस्टिंग का काम किया है, जिससे किसान अपनी मृदा की प्रकृति का पता लगाकर उसके अनुसार फसल लगा सकते है।

### एक रुपए प्रति पैड के रूप में तैयार की सैनेटरी नैपकिंस बनाने की मशीन



अनुराग और विराग दो भाइयों ने एमटेक करने के बाद यह डिसाइड किया कि ऐसा कुछ इनोवेटिव मॉडल बनाना है, जो समाज के लिए फायदेमंद हो और फिर 2015 में एक साल में दोनों भाइयों ने करीब डेढ़ लाख रुपए की लागत से सैनेटरी नैपकिंस बनाने की मशीन राग इनोवेशन नाम से बनाई। विराग कहते है कि पहले हमने जयपुर मॉडल देखकर मशीन बनाई, लेकिन उससे सैनेटरी नैपकिंस की क्वालिटी अच्छी नहीं आई फिर हमने उसे अपग्रेड किया और अच्छा मटेरियल यूज किया और मार्केट जैसे सैनेटरी नैपकिंस बनाना शुरू किया, वह भी काफी कम दाम पर। विराग कहते हैं कि आज हमें करीब दस साल हो गए इस फील्ड में और हमारी देशभर में 250 से अधिक मशीने इंस्टाल की है। जिसमें प्रति नैपकिन एक रुपए की दर से महिलाओं को मिले, इतना ही नहीं इस मशीन से कई महिलाओं को रोजगार भी मिला है। इससे 10 घंटे में 2 से 5 हजार सेनेटरी पैड तैयार होते हैं।

## खबर संक्षेप

### 2101 दीप प्रज्वलित और सुंदरकांड पाठ का होगा

**भोपाल।** 22 जनवरी को अयोध्या में जिस दिन भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी उसी दिन भोपाल के शीतला माता मंदिर टीलारामपुरा मंदिर में 2101 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि 22 जनवरी अयोध्या में रामललाजी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में खुशी उमंग का वातावरण है कि इसी के तहत शीतला माता मंदिर शापिंग सेंटर टीलारामपुरा में शाम 7 बजे सुंदरकांड पाठ व महाआरती व प्रसादी वितरण किया जाएगी।

### मंदिरों में 22 तक चलेगा सफाई अभियान



**भोपाल।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर राजधानी में 22 जनवरी तक मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने, रोशनी करने, दीप प्रज्वलन, प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने प्रमुख मंदिरों के धर्मगुरुओं की बैठक बुलाई। बैठक में बताया गया कि जिले के प्रमुख मंदिरों में 16 से लेकर 22 जनवरी के दिन सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान में नगर निगम का अमला भी सहयोग करेगा। इस अभियान की जिम्मेदारी सभी एसडीएम को सौंपी गई है।

### गुरु गोविंद सिंह के नगर कीर्तन का किया स्वागत



**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने आनंद नगर से प्रारंभ होकर हमीदिया रोड पर समाप्त होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह के नगर कीर्तन का स्वागत किया। उनके ऊपर पुष्प वर्षा की गई। प्रसाद वितरण किया गया। नगर कीर्तन समिति द्वारा मंडल सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया गया। इस मौके पर मंडल के सचिव रिंकू भटेजा, हरि सिंह वर्मा, उमेश अग्रवाल, सचिन सेवारमनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### संस्कृत शिक्षण संस्थान: सम्बद्धता आवेदन की तारीख बढ़ाई

**भोपाल।** संस्कृत शिक्षण संस्थानों के सत्र 2024-25 के लिए नवीन सम्बद्धता प्राप्त करने अथवा सम्बद्धता नवीनीकरण के आवेदन की अंतिम तारीख में बढ़ोत्तरी की गई है। एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से अब 30 जनवरी 2024 तक आवेदन किए जा सकेंगे। प्रदेश के शासकीय, आदर्श संस्कृत विद्यालय, अशासकीय संस्कृत विद्यालय, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, परम्परागत सामान्य संस्कृत विद्यालय एवं प्राच्य आवासीय संस्कृत विद्यालय (छात्रावास युक्त) संस्कृत विद्यालयों को वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर, संस्थान से सम्बद्धता के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद समस्त सहपत्रों सहित आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करानी होगी।

## मंदिरों में पूजा-अर्चना, बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का किया अलौकिक श्रृंगार

# मकर संक्रांति पर्व पर स्नान दान कर तिल गुड़ के लड्डूओं का भगवान को लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को मकर संक्रांति पर्व का उत्साह व उल्लास देखने को मिला। शहरवासियों ने सुबह जल्दी उठकर शीतलदास की बगिय व घरों में स्नान किए। मंदिरों में पूजा-अर्चना की। शिवजी, गणेशजी, कृष्ण जी, भगवान राम, मां दुर्गा को तिल-गुड़ के लड्डूओं का भोग लगाया। बाबा मुक्तेश्वर महाकाल के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं श्री बड़वाले महादेव मंदिर का तिल, फूल व रत्नों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। भगवान बटेश्वर से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। रात के समय तक भक्तों की भीड़ लगी रही।

इस अवसर पर मंदिर समिति के संयोजक संजय अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इब्राहिमपुरा के राधा-वल्लभ मंदिर, हनुमान मंदिर शाहपुरा, खाटू श्याम मंदिर कोलार सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना के कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही शहर के कोलार, भेल, संत हिरदाराम नगर, होशंगाबाद रोड, कोटरा सुल्तानाबाद, नेहरू नगर, पीएंडटी, जवाहर चौकर, न्यू मार्केट समेत पुराने व नए शहर के सभी कॉलोनियों में युवा व बच्चों ने पतंगें उड़ाईं। पतंगबाजी करते हुए लोग दिखे। उल्लेखनीय है कि कुछ लोगों ने रविवार को मकर संक्रांति मनाई थी, तो अधिकांश लोगों ने सोमवार को संक्रांति का पर्व मनाया है।



**दो दिन तक रहा मकर संक्रांति का उल्लास**

शहर में दो दिन मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सोमवार को मकर संक्रांति पर्व मना। लोगों ने तिल व गुड़ के लड्डूओं को खाने का आनंद उठाया। मंदिरों में शिवजी के विशेष श्रृंगार किए गए। कुछ पंचांग के अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मनाया।


### तमिल समाज ने बांटी पोंगल की खुशियां

मकर संक्रांति के साथ ही राजधानी में तमिल समाज के लोगों ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ पोंगल पर्व मनाया। मटकी में पोंगल (मीठे गुड़) के चावल चूल्हे पर पकाए गए। विधि-विधान से सूर्य भगवान की आराधना की गई। हवन किया गया। पंड़ित एएस रामनाथ शास्त्री ने बताया कि 12 नंबर स्थित बालाजी मंदिर में पोंगल पर्व की पूजा-अर्चना की। पोंगल श्रद्धालुओं को बांटा गया। दो साल बाद धूमधाम से इस पर्व को मनाया गया। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को पोंगल पर्व की बधाई दी गई। मकर संक्रांति के समान ही सूर्य के उत्तरायण होने पर मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से इंद्रदेव की पूजा की जाती है। साथ ही वर्षा, धूप, खेतिहर मवेशियों विशेषतः गाय, बैल के पूजन का विधान है।

### दादाजी धाम मंदिर में हुआ विष्णुशहस्त्र नाम पाठ

दादाजी धाम मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर सभी देवी देवताओं का अभिषेक पूजन कर हवन किया गया। भगवान भोलेनाथ व दादाजी जी की आरती की गई। इस दौरान विष्णुशहस्त्र नाम पाठ श्रीविष्णुसहस्त्रनाम मंडल की ओर से किया गया। तो वहीं विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। देर रात तक मंदिर के पट खुले रहे। जिसमें भोपाल और प्रदेश के भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सफेद तिल से लेपन, श्रृंगार में श्री राम नाम अंकित पतंगें लगाईं



पुराने शहर के प्राचीन श्री बड़वाले महादेव मंदिर में मकर संक्रांति पर बाबा श्री बटेश्वर का सफेद और काली तिल से विशेष श्रृंगार किया गया। विभिन्न प्रकार के फूलों के साथ श्री राम नाम अंकित पतंगों से श्रृंगार में लगाई गई। रात्रि में गुड और तिल के लड्डू का भोग अर्पण कर आरती की गई।

**बाबा मुक्तेश्वर का हुआ श्रृंगार**

मकर संक्रांति के पर्व पर छोला विश्राम घाट परिसर में विराजे छोला मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में बाबा मुक्तेश्वर जी का फूलों से श्रृंगार किया। गर्भगृह को पतंगों से सजाया गया। इस मौके पर बाबा के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए।




## मकरविल्लकु महोत्सव का समापन मंदिरों में की गई विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मलयाली समाज द्वारा मनाए जा रहे मकरविल्लकु महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। मकरविल्लकु के मौके पर शहर के अय्यप्पा मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई और दीप आराधना हुई। इस दौरान मंदिर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई। फूलों से रंगोली बनाई और दीपमालाएं सजाई गईं। मंदिरों में आकर्षक दीपमालाएं सजाई गईं और कर्पूरज्योति कार्यक्रम हुआ। मलयाली समाज का यह प्रमुख पर्व माना जाता है।

**रोशनी से जगमगाए अयप्पा मंदिर, सजी रंगोली**



### भगवान अयप्पा का किया पूजन

नारायण मिशन मंदिर गोविंदपुरा में मकरविलक्कु के उपलक्ष में कई अनुष्ठान किए गए। इस मौके पर सुबह अभिषेक, पूजा-अर्चना हुई। मंदिर में फूलों की रंगोली सजाई गई और दीप जलाए गए। मिशन के अध्यक्ष एम एन सदानंदन ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि मकरविलक्कु के दिन आकाश में एक प्रकाश दिखाई देगा और लोग दो दर्शन से पहले इस प्रकाश की प्रतीक्षा करते हैं। शाम को मंदिर में दीप आराधना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।



## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में लंगर और विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। इसी के तहत सोमवार को नगर कीर्तन निकाला गया, जो शहर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए हमीदिया रोड गुरुद्वारा पहुंचा। यह नगर कीर्तन दोपहर कर्मवीर नगर भेल से प्रारंभ हुआ जो जुबली गेट, प्रभात पेट्रोल पंप, पुल बोगदा, पातरा, भारत टॉकीज होते निकला। साथ ही गतका टीम के कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए। अनेक गुरुद्वारों की झांकियां इसमें शामिल हुई। गुरुद्वारे पर जमकर आतिशबाजी की गई।

### सफाई का संदेश

इस दौरान श्रद्धालु स्वच्छता का संदेश देते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन में सबसे आगे लोग सफाई करते हुए और पानी का छिड़काव करते चल रहे थे। रास्ते में कई जगह लंगर लगाकर संगत को फल, बिस्कुट, चाय आदि का वितरण किया।

## कथा पंडाल बना गोकुल...

## सभी भक्तों ने गोपी ग्वाल बन मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**भोपाल।** बधाई हो... नंद घर लाला भयो है... सात दिवसीय देवी भागवत कथा के छठवें दिन श्री कृष्ण जन्म की कथा का वाचन किया गया। बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सभी श्रोताओं ने नंदलाला, का स्वागत किया। कथा पंडाल में ठीक उसी प्रकार बड़ी ही सुंदर कृष्ण जी की झांकी सजाई गई, जिस प्रकार वसुदेव श्रीकृष्ण को टोकरी में रखकर नंदबाबा मथुरा से गोकुल ले जाते हैं। मानमोहक झांकी देख सभी श्रोता उल्लास से झूम उठे, खुशियां मनाई। व्यास पीठ से बधाइयां बांटी गईं। यशोदा जायो ललना.. लल्ला की सुनके मैं आई.. जैसे बधाई गीत गाए गए। सारा कथा पंडाल कृष्ण भजनों में कृष्णमय दिखाई दिया। साथ ही कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होने बीजेपी प्रवक्ता नेहा बग्गा भी पहुंचीं और व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया।

भोपाल स्वदेशी जागरण मंच भोपाल विभाग की बैठक संपन्न

## भोपाल विभाग के पांचों भागों के नए दायित्वों की घोषणा

**भोपाल।** स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश कार्यालय में भोपाल विभाग के 120 कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस बैठक में अखिल भारतीय पदाधिकारी, प्रान्त के जिले के विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में भोपाल विभाग के पांचों भागों से नए दायित्वों की घोषणाएं की गई।



### आठ स्वदेशी स्टॉल्स की सराहना



स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत की महिला इकाई द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत 8 स्वदेशी स्टॉल लगाए गए। मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने सभी स्टॉल लगाने वाली बहनों से चर्चा कर उनके स्वदेशी उत्पादों की सराहना की। मंच के सदस्यों उनके उत्पाद खरीदे। इनमें राम मंदिर, विभिन्न प्रकार घर के बने लड्डू, जुट के बैग, मोती की ज्वेलरी, हस्तशिल्प उत्पाद, घर के दैनिक काम आने वाले विभिन्न प्रकार के साबुन, बाम, कपड़े के राम ब्लॉक के बैग, खजूर पान, विभिन्न प्रकार के पापड़ उपलब्ध थे। मातृ शक्तियों की बड़ी संख्या उपस्थित थीं। सभी ने घर पर तैयार अपराजिता का पौधा रोपा।

## डॉ. शैलेष एंजेल गार्जियन की उपाधि से अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के परम संरक्षक सेवा निवृत न्यायाधीश अभय गोहिल, सेवा निवृत न्यायाधीश डॉ. निर्मल जैन एवं दधीच नारायण भरद्वाज, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पटना उच्च न्यायालय), राघवेंद्र सिंह रघुवंशी (सहायक निदेशक) पूना के मार्गदर्शन मे पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन एवं डॉक्टर संजीव जैन ऑर्थो, द्वारा आज डॉ. शैलेष लूनावत को एंजेल गार्जियन की उपाधि से अलंकृत किया, साथ में उपस्थित डॉक्टर हारून, सोनू, नहीद, युवराज, लक्ष्मी, पूनम, सोनू तिवारी, अनिकेत नसरीन, गगन सोनी आदि उपस्थित रहे।



### ट्रेन में की गर्भवती की मदद

पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने कहां कि डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है। इसका उदाहरण कुछ दिन पूर्व ही ऐसा एक मामला सामने आया, जिसमें मुंबई मेल 12322 में यात्रा कर रही निकहत परवीन को प्रसव पीड़ा होने लगी। इससे निकहत के परिजन घबरा गए। इसी ट्रेन में भोपाल के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शैलेष लूनावत परिवार के साथ तीर्थयात्रा के लिए सफर कर रहे थे। डॉ. लूनावत ने बताया कि अगला स्टेशन मैहर करीब 45 किमी दूर था। इंतजार करना मुश्किल था। डॉ. लूनावत ने अपने डॉक्टर होने की जिम्मेदारी निभाते हुए डिलीवरी करवाई एवं डॉ. लूनावत ने बताया कि महिला की स्थिति को देखते हुए सबसे पहले उन्होंने टीसी से संपर्क कर स्टेशन पर एंबुलेंस की व्यवस्था और सारी व्यवस्था करवाई। अब मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

## कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे

# राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूल स्तर पर शुरू हुई विज्ञान प्रदर्शनी, राज्य के लिए फिलहाल तारीख तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शिक्षा केंद्र ने राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं समाजिक विज्ञान प्रदर्शनी सत्र 2023-24 के आयोजन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। स्कूल स्तर पर सोमवार से प्रदर्शनी शुरू हो गई है। इसके बाद जनशिक्षा केंद्र स्तर पर 19-20 जनवरी, विकासखंड स्तर पर 23-24 जनवरी, जिला स्तर पर 27-28 जनवरी, जोन स्तर पर 2-3 फरवरी को प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। हालांकि राज्य स्तर पर प्रदर्शनी के आयोजन के लिए फिलहाल तिथि जारी नहीं की गई है।

### स्कूल से राज्य स्तर तक आयोजन



प्रदर्शनी का आयोजन स्कूल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक किया जाएगा। इसमें प्रदेश के स्कूलों के कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनके अलग-अलग समूह में मॉडल चयनित किए जाएंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### बीयू: इस शैक्षणिक सत्र से यूटीडी में अब सीयूईटी के माध्यम से होंगे एडमिशन

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए इस साल प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव किया जा रहा है। इस साल से नए शिक्षा सत्र के लिए अब कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से प्रवेश होंगे। इसके तहत बीयू के सभी यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट(यूटीडी) में प्रवेश काउंसलिंग के लिए केंद्रीय कमेटी होगी। इस समिति के माध्यम से सभी विभागों के सभी पाठ्यक्रमों के लिए एक साथ एक शेड्यूल पर काउंसलिंग होगी। इसमें यूजी के सभी पाठ्यक्रमों को भी शामिल किया जाएगा। 25 विभागों में संचालित होने वाले 58 पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे। इसमें यूजी के आठ और पीजी के 50 पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश होंगे। पहले सीयूईटी की मेरिट के आधार पर प्रवेश होंगे। इसके बाद जो सीटें खाली होंगी। उनमें चयन परीक्षा के आधार पर प्रवेश मिलेगा। बीयू में अब केंद्रीयकृत सिस्टम होने से विद्यार्थियों को अलग-अलग विभाग में जाकर काउंसलिंग कराने की परेशानी नहीं उठानी होगी। इस संबंध में बीयू के कुलपति प्रो. एसके जैन ने सभी विभागों की बैठक कर रूपरेखा तैयार करने की बात कही है।

भोपाल
मंगलवार, 16 जनवरी 2024
पौस मास शुक्ल पक्ष– 5/6
वर्ष : 10, अंक : 300
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 24
न्यून. 10

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

09 योगेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर...



विचार पेज
04 अस्तित्व नहीं, विरोध की ज्यादा चिंता

## प्रधानमंत्री मोदी ने शिवपुरी के ग्राम हातोद की हितग्राहियों से वर्चुअली की बातचीत

# हितग्राही ललिता और विद्या ने पीएम को बताया पूरे परिवार को मिल रहा सारी योजनाओं का लाभ

पीएम ने कहा कि योजनाओं का लाभ जिनका अधिकार है उन्हें भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कलेक्ट्रेट उज्जैन से कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम जन-मन अंतर्गत पीएमवाई (जी) के लाभार्थियों से बातचीत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कलेक्ट्रेट उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-जनमन के शिवपुरी जिले के ग्राम हातोद की हितग्राही श्रीमती ललिता आदिवासी और श्रीमती विद्या आदिवासी से वर्चुअली चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी को श्रीमती ललिता ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी छठवीं ▶▶ शेष पेज 2 पर

पीएम-जनमन के लाभार्थी



पीएम मोदी ने शिवपुरी सहित देश भर के कई राज्यों के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कर उनके अनुभव को जाना।



### प्रधानमंत्री जी, हम सब आभारी हैं

*प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता से कहा कि आपका पक्के घर का सपना पूरा होने जा रहा है, आपको आज पहली किस्त भी मिलने जा रही है। ललिता ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछड़े आदिवासी गांव के बारे में सोचा, जनमन योजना के अंतर्गत सभी योजनाओं का लाभ हमारे समुदाय को उपलब्ध कराया, उसके लिए हम सब आपके बहुत आभारी हैं। प्रधानमंत्री ने ग्राम हातोद के सभा स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को भी बातचीत के लिए प्रोत्साहित किया।*

### पीएम आवास योजना के 1 लाख लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त

*प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इसके साथ ही 893 करोड़ रुपए लागत के 541 टोलों में 1200 किमी सड़क निर्माण, 298 करोड़ रुपए की लागत के 70 हजार 263 घरों में विद्युतीकरण परियोजना, 20 करोड़ रुपए की लागत के 405 वन धन विकास केंद्रों, 126 करोड़ रुपए की लागत के 916 आंगनवाड़ी केंद्रों, 270 करोड़ रुपए की लागत के 450 मल्टीपरपस केंद्रों, 275 करोड़ रुपए की लागत के 100 छात्रावासों, 34 करोड़ रुपए की लागत के 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और 240 करोड़ रुपए की लागत के 206 मोबाईल टॉवर की स्वीकृति प्रदान की।*

## खबर संक्षेप

### जम्मू कश्मीर में सिर्फ प्रगति की आवाजः सिन्हा




**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांस ले रहा है और सरकार न केवल आतंकवादियों को खत्म करने के लिए बल्कि केंद्र शासित प्रदेश में अलगाववादी पारिस्थितिकी तंत्र को भी नष्ट करने के लिए रणनीति पर काम कर रही है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा आज जम्मू-कश्मीर में गोलियों की आवाज नहीं है। वहां सिर्फ प्रगति का शोर है।

### प्रखर ने फाइनल में ठोके नाबाद 404 रन



**नई दिल्ली।** उभरते सितारे प्रखर चतुर्वेदी ने कूच बिहार ट्रॉफी में नाबाद 404 रन बनाते हुए रिकॉर्ड बुक तहस-नहस कर दिया। मुंबई के खिलाफ फाइनल में प्रखर चतुर्वेदी की इस ऐतिहासिक पारी के बूते कर्नाटक चैंपियनशिप भी जीतने में कामयाब रहा। कूच बिहार ट्रॉफी भारत का प्रतिष्ठित अंडर-19 डोमेस्टिक टूर्नामेंट है, जिसके फाइनल में आज तक कभी किसी बल्लेबाज ने 400 रन का आंकड़ा पार नहीं किया था।

### चीनी मिल में स्टीम टैंक फटा, 3 मजदूरों की मौत




**सीतापुर।** उप्र के सीतापुर में चीनी मिल में स्टीम टैंक फटने से बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में तीन मजदूरों की जान चली गई है जबकि दो कर्मचारियों का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। रामकोट के जवाहरपुर चीनी मिल में स्टीम टैंक फटने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। जबकि पांच से ज्यादा कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, दो मजदूर अभी भी लापता बताए जाते हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**ऐसा पहली बार हुआ :** इंडिगो की फ्लाइट हुई 10 घंटे लेट तो यात्री ने कर डाली ऐसी हरकत

# पायलट को मारा मुक्का, कहा-चलाना है तो चला वरना गेट खोल नीचे उतार

पुलिस ने आईपीसी की धारा 323, 341, 290 और 22 एयरक्राफ्ट रूल्स के तहत एफआईआर दर्ज की

*पुलिस अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल आरोपी पैसेंजर साहिल कटारिया को सीआरपीसी 41 के तहत पूछताछ के लिए नोटिस सर्व किया है। हालांकि, ये सभी धाराएं जमानती हैं।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो विमान में कप्तान के साथ मारपीट करने का एक मामला सामने आया है। उड़ान में देरी से नाराज होकर एक पैसेंजर ने कप्तान को मुक्का जड़ दिया। मुक्का मारते हुए कहा कि चलाना है तो चला वरना गेट खोल नीचे उतार।

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस के मुताबिक इंडिगो फ्लाइट के को पायलट अनूप कुमार की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 323, 341, 290 और 22 एयरक्राफ्ट रूल्स के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों ▶▶ शेष पेज 2 पर

इंडिगो फ्लाइट नंबर 6ई 2175 दिल्ली से गोवा जाने वाली फ्लाइट में हंगामा किया

विमान ने 10 घंटे से ज्यादा की देरी के बाद शाम छह बजे दिल्ली से उड़ान भरी



### भड़के मंत्री सिंधिया, कहा-बर्दाश्त नहीं, सख्ती से निपटेंगे

इस घटना को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने सोमवार को कहा कि यात्रियों का खराब व्यवहार स्वीकार नहीं है। इससे मौजूदा कानूनी प्रावधानों के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट फ्लाइट राडार 24 के मुताबिक विमान ने 10 घंटे से ज्यादा की देरी के बाद शाम छह बजे दिल्ली से उड़ान भरी।

### यात्री को 'नो-फ्लाई लिस्ट' में डालने की तैयारी

*दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डीसीपी ने बताया कि इंडिगो ने यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। हमें शिकायत मिल चुकी है और हम उचित कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इंडिगो ने इस मामले की जांच के लिए एक इंटरनल कमेटी का भी गठन किया है। इस मामले को कमेटी को भेज दिया गया है। आरोपी को 'नो-फ्लाई लिस्ट में शामिल किए जाने सहित कार्रवाई करने की तैयारी भी चल रही है।*

### एयरपोर्ट पर जमीन पर बैठकर खाना खाते दिखे इंडिगो के यात्री

*इधर, इंडिगो की गोवा से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण मुंबई की ओर डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद यात्रियों को मुंबई हवाई अड्डे पर जमीन पर बैठे हुए और खाना खाते हुए देखा गया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि रात का समय है, जहां इंडिगो का प्लेन खड़ा हुआ है वहीं पास में जमीन पर कुछ लोग बैठे हुए हैं। किसी के हाथ में फोन है, कोई आपस में बात कर रहा है तो कोई भोजन के साथ दिख रहा है।*

### हंगामे के बीच डीजीसीए ने जारी की गाइडलाइंस

*कोहरे की वजह से हो रही देरी पर मचे डीजीसीए ने कहा है कि विमानन कंपनियों की ओर से एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों को उड़ान में देरी के संबंध में रियल टाइम इंफॉर्मेशन दिया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न उठाना पड़े। इसके साथ-साथ डीजीसीए ने एसओपी में कहा है कि अगर फ्लाइट में तीन घंटे से अधिक की देरी की संभावना है कि एयरलाइंस कंपनियां* ▶▶ शेष पेज 2 पर

**1300 करोड़ का बैंकिंग फ्रॉड**






# ऑटोमोटिव के डायरेक्टर गिरफ्तार 16 लाख रुपए कैश भी हुआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत एक और मामला सामने आया है। साल 2017 में पंजाब नेशनल बैंक के साथ 1300 करोड़ रुपए के बैंकिंग फ्रॉड मामले में जगदंबा एएमडब्ल्यू ऑटोमोटिव के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट में पेश करने के बाद डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह से एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट पूछताछ करेगी।

एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने मध्य प्रदेश के रीवा, सतना कटनी और जबलपुर में दबिश थी। ईडी के हाथ कई अहम बैंकिंग फ्रॉड से जुड़े हुए दस्तावेज लगे हैं। इसके अलावा डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह के पास 16 लाख रुपए कैश भी बरामद हुए हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है कोर्ट ने रिमांड में सौंप दिया है। इसके अलावा मनी लांड्रिंग के तहत इकट्ठा की गई संपत्ति के बारे में भी जानकारी हाथ लगी है।


◆ रीवा, सतना कटनी और जबलपुर में दबिश थी ईडी ने

### शराब के धंधे में भी एक करोड़ की चपत लगाई

साल 2017 में भी सीबीआई ने कंपनी के डायरेक्टर और कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुष्पेंद्र सिंह पर बैंकिंग फ्रॉड से जुड़े हुए आरोप थे। इसके बाद एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट पूरे मामले की जांच शुरू कर दी थी। यह भी बताया जा रहा है कि पुष्पेंद्र सिंह ने शराब के धंधे में भी फर्जी डीडी लगाकर करोड़ रुपए की सरकार को चपत लगाई थी। वर्ष 2016 में शराब ठेकेदार पुष्पेंद्र सिंह को शराब का ठेका मिला था। मार्जिन मनी जमा करने के एवज में 17 डिमांड ड्राफ्ट लगाए गए थे। इन 17 डीडी में से 13 फर्जी पाई गईं थी। आबकारी विभाग में हुए इस बड़े फर्जी डीडी कांड का मास्टरमाइंड कटनी निवासी बल्लन तिवारी था। फर्जी डीडी के आधार पर ही शराब कारोबारी शराब बेचता रहा था।

**जेल प्रबंधन पर दबाव बनाने की कोशिश**

# भूख हड़ताल पर फिर सिमी आतंकी खुले में घूमने की मांग रहे 'आजादी'



कुछ महीनों पहले भी कर चुके हैं मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में केंद्रीय जेल में सिमी आतंकवादी फिर से भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। आतंकियों ने जेल प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए खाना-पीना छोड़ दिया है। आतंकी खुले में घूमने, सामूहिक नमाज, नमाजी टोपी, अखबार और लाइब्रेरी की मांग कर रहे हैं। यह लगातार अपनी मांगों को मनवाने के लिए जेल प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि, जेल के डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे हैं। आतंकियों की भूख हड़ताल का सोमवार को पांचवा दिन है। उन्होंने गुरुवार को अपनी हड़ताल शुरू की ▶▶ शेष पेज 2 पर

**चाइना डोर से बच्चे की मौत का मामला**

# धार में दुकान को किया सील, कलेक्टर ने कहा धागा जला दें, यही सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रतिबंधित चाइना डोर से हुई बच्चे की मौत के बाद प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की है। धार जिले में पतंग दुकानों पर प्रशासन द्वारा सर्चिंग की गई है।

इस दौरान दुकानों पर चाइना डोर के गट्टे भी प्रशासन की टीम को मिले हैं, जिसके बाद इन जानलेवा डोर को जब्त करने के साथ ही विक्रय करने वाले व्यापारियों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी



गई है। मगजपुरा स्थित एक दुकान को सील किया गया है, इस दुकान पर चैकिंग के दौरान एक रजिस्टर प्रशासन को मिला है। ऐसे में चाइना डोर की आशंका के चलते दुकान को सील करने की कार्रवाई पंचनामा ▶▶ शेष पेज 2 पर

**सोनकच्छ तहसीलदार अंजली ने खोया था आपा**

# किसान को 'अंडे से निकले चूजे' बोलने वाली तहसीलदार को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ अंजली ने कहा- किसान ने भी अनर्गल बोला।



शाजापुर कलेक्टर किशोर कान्याल द्वारा ड्राइवर को औकात में रहने की नसीहत करने का मामला तूल पकड़ने के बाद देवास जिले की सोनकच्छ तहसीलदार अंजली गुप्ता ने एक किसान को अंडे में से निकले चूजे कह डाला, दरअसल तहसीलदार किसान की जमीन पर बिजली टॉवर को लेकर बातचीत करने गई थीं। जहां उन्होंने बातचीत के दौरान अपना आपा खो दिया। सोमवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल होने के बाद तहसीलदार ने इसको लेकर सफाई भी दी। उनका कहना है कि किसान ने सहमति देने के बाद भी काम में रुकावट डाली थी, जिसको लेकर मैंने ऐसा कहा। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तहसीलदार को जिला मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र के कुमारियां राव गांव में तहसीलदार बहुत गुस्से में दिखाई दीं। वीडियो में तहसीलदार सामने वाले व्यक्ति को जोर-जोर से चिल्लाते हुए डांटती नजर आ रही हैं। इस संबंध में जब तहसीलदार ▶▶ शेष पेज 2 पर

**दो बेटों के बाद फिर बेटा होने से नाराज था पिता**

# बैतूल में बेटी की चाहत में 12 दिन के नवजात बेटे की हत्या

पिता ने शराब के नशे में नवजात का गला दबाया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमतौर पर बेटे की चाहत ही किसी दंपत्ति को रहती है और ऐसे में भ्रूण हत्या या बेटी होने पर हत्या होने की खबरें तो आती रहती हैं। लेकिन बेटी की चाहत में बेटे की हत्या का शायद यह पहला मामला होगा, जो बैतूल में देखने मे आया है। किसी की हत्या जहां दुखद है, वहीं लड़कियों के प्रति आई जागरूकता से भी लोग इसको जोड़कर देख रहे हैं। बैतूल कोतवाली थाना क्षेत्र के में तीसरा बेटा पैदा होने पर उसने शराब के नशे में गला दबाकर अपने 12 दिन के ▶▶ शेष पेज 2 पर

### आरोपी ने कबूला जुर्म

आरोपी अनिल उइके का कहना है कि उसके दो बेटे पहले से थे। उसकी पत्नी से आपरेशन करवाने के लिए वह बोल रहा था लेकिन वह गर्भवती हो गई, तो उसने यह सोचा था कि तीसरी पुत्री हो जाए, लेकिन पुत्र हो गया, जिसके कारण उसका गला दबाकर मार दिया। नशे के कारण हत्या हो गई। पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने नवजात शिशु के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। ▶▶ शेष पेज 2 पर

**वॉशिंगटन-पेरिस से लेकर सिडनी तक मनाया जाएगा प्राण-प्रतिष्ठा का जश्न**

60 से ज्यादा देशों में किए जाएंगे कार्यक्रम

# एफिल टॉवर पर श्रीराम धुन का जाप, भक्ति गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण भी होगा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

वॉशिंगटन डीसी, पेरिस से लेकर सिडनी तक अलग-अलग देशों में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान कई कार्यक्रम किये जाएंगे। ये कार्यक्रम या तो विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं या हिंदू प्रवासी द्वारा किए जा रहे हैं।

विहिप के संयुक्त महासचिव स्वामी विज्ञानानंद (संगठन के अंतरराष्ट्रीय मामलों को देखते हैं) ने कहा कि विहिप का 60 से अधिक देशों में सीधा संपर्क है और वहां हिंदू समुदाय के संगठनों के साथ कार्यक्रमों की योजना बनाई है। विज्ञानानंद ने कहा कि कार्यक्रम कार रैलियां, रथयात्रा या प्रभात फेरी (भजन गाते हुए निकाला गया मार्च) निकालकर किया जाएगा। समारोह को विभिन्न देशों के मंदिरों में लाइव-स्ट्रीम भी किया जाएगा।

पेरिस में स्थित प्लेस डे ला कैपेल से एफिल टॉवर तक राम रथयात्रा निकाली जाएगी। एफिल टॉवर पर श्री राम धुन का जाप, भक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण भी होगा। रथयात्रा एक पूजा और एक विश्वकल्याण ▶▶ शेष पेज 2 पर

◆ न्यूयॉर्क में भक्त 22 जनवरी को टाइम्स स्क्वायर पर इकट्ठा होंगे



*कार्यक्रम के आयोजक अविनाश मिश्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि फ्रांस में रहने वाले हम भारतीय पूरे पेरिस में राम रथ यात्रा का आयोजन करके और बड़े पैमाने पर उत्सव मनाकर अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर में शामिल होंगे। न्यूयॉर्क में भक्त 22 जनवरी को टाइम्स स्क्वायर पर इकट्ठा होंगे। वॉशिंगटन डीसी में वीएचपी ने 20 जनवरी को श्री भक्त आंजनेय मंदिर में एक कार और बाइक रैली का* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मंडल कल्याण समिति का इंटर सर्कल हॉकी

# भोपाल ने अमरावती को 11-0 से हराया, नईम रहे मैन ऑफ द मैच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मंडल कल्याण समिति, भोपाल सर्कल, भोपाल द्वारा स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, खेल मैदान पर 14 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित इंटर सर्कल हॉकी टूर्नामेंट 2024 का शुभारंभ किया गया। जिसमें कॉरपोरेट सेंटर मुम्बई से मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के उपप्रबंध निदेशक बिनोद कुमार मिश्रा थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि भोपाल मण्डल के मुख्यमाहाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा सहित विशिष्ट अतिथि आल इंडिया एसबीआई स्टाफ फेडरेशन के अध्यक्ष कॉम अरुण भगोलीवाल व महासचिव कॉम संजीव बंदलिश ने शिरकत की। इस दौरान प्रबंधन के सभी अधिकारी गण सहित ऑफिसर्स एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पिच 1 पर पहला मैच हैदराबाद और कोलकाता टीम के बीच खेला गया। जिसमें हैदराबाद ने कोलकाता को 7-2 से हराया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड हैदराबाद के सीआर भीम सिंह को दिया गया। दूसरा मैच लखनऊ और भुवनेश्वर टीम के बीच खेला गया, जिसमें भुवनेश्वर ने लखनऊ को 7-2 से हराया।

मैन ऑफ द मैच का अवार्ड भुवनेश्वर के नैमन केरकट्टा को दिया गया। तीसरा मैच भोपाल और अमरावती टीम के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल ने अमरावती को 11-0 से हराया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड भोपाल के मो. नईम को दिया गया व पिच 2 पर पहला मैच पटना और मुम्बई टीम के बीच खेला गया, जिसमें पटना ने मुम्बई को 3-0 से हराया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड पटना के प्रबोध बोरा को दिया गया। दूसरा मैच दिल्ली और चंडीगढ़ टीम के बीच खेला गया। जिसमें दिल्ली ने चंडीगढ़ को 4-1से हराया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिल्ली के रविंदर सिंह को दिया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़)-वृत्त जिला भोपाल (म.प्र.)**
(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)
क्रमांक-0855/अ-6/2023-24/नजूल/ बैरा. वृत्त /2024, भोपाल दिनांक 15.01.2024
-: **सूचना-पत्र** :-
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रवण कुमार यादव आ. एन.एल. यादव ने पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण करने विषयक आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर ग्राम निशातपुरा तहसील हुजूर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक -14/1/1, 16, 17, 18/1, 18/2, 18/1/1 व अन्य रकबा 0.1611 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण करने का निवेदन किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में प्र.क्र.-0855/अ-6/2023-24 विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अब्दुल आजम हादी आ. स्व. श्री अब्दुल हादी निवासी-43, 257 हाउसिंग बोर्ड भोपाल के नाम भूमिस्वामी स्वत्व पर दर्ज है। अतः उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन से... दिवस के भीतर स्वंय अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है, तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राहा योग्य नहीं होगी। यह सूचना-पत्र आज दिनांक 15/01/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
तहसीलदार
नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़)-वृत्त-1 जिला भोपाल

**Government Women's Plytecnic College**
Shivaji Nagar, Bhopal - 462016 (M.P.)
Phone : 0755-2576839, Fax 0755-257684
Email : info@gwpbpl.org, Website : www.gwpbpl.ac.in
NBA Accredited Programmes
Architecture & Interior Design (2019-25)
Computer Science & Engineering (2019-25)
Estb. 1964 Approved by AICTE & Affiliated to RGPV Bhopal
Excellence in Technical Education for Women Empowerment
ई-नीलामी क्रमांक/GWPBPL/E-waste-1, Scrap-2/2024/62 दिनांक -10.01.2024
-:: **ई-नीलामी सूचना** ::-
शासकीय महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालय शिवाजी नगर, भोपाल की अनुपयोगी ई-वेस्ट (सीपीयू, मॉनिटर, की-बोर्डस, एसी, टेलीफोन, फोटो कॉपियर आदि) एवं अन्य कबाड (जैसे पुराने एवं खराब फर्निचर/आफिस उपरकण रद्दी आदि) का विक्रय "जैसा है, जहॉं है" के आधार पर प्रति किलो से अधिकतम दर पर किया जाना है।
इस हेतु ई-वेस्ट (प्रबधन एवं हथालन) नवीन नियम के तहत् पंजीकृत रीसायकलर्स अथवा जिन्होंने कलेक्शन सेंटर स्थापित किये है, तथा अन्य कबाड़ का व्यापार करने वाली एजेन्सियों से ई नीलामी आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा कर्ता दिनांक 27/01/2024 को 05.00 बजे तक ऑन लाइन अपनी ई-नीलामी https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की www.gwpbpl.ac.in उपलब्ध है।
जी-22948/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। प्राचार्य

## जैकेट का शेष

### मैं भाग्यशाली हूं कि...

**7 हजार से ज्यादा गणमान्य लोग शामिल होंगे:** समारोह के लिए देश भर से हजारों संतों को आमंत्रित किया गया है और आमंत्रित लोगों में राम मंदिर का निर्माण करने वाले मजदूरों के परिवार भी शामिल हैं। मंदिर ट्रस्ट, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की आमंत्रित सूची में 7,000 से अधिक लोग शामिल हैं, जिनमें बॉलीवुड हस्तियां, क्रिकेटर, उद्योगपति शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री यादव ने...

लड्डू बनाए और उनकी पैकिंग भी की। मुख्यमंत्री ने लड्डू बना रहे कारीगरों से भी बातचीत की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हम सभी के लिए गौरव की बात है। पूरे देश व विश्व में उत्साह का माहौल है। उज्जैन से भी पांच लाख लड्डू भेजने का निर्णय लिया गया है। इसे ट्रकों में भरकर रवाना किया जा रहा है। अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर महाकालेश्वर प्रबंध समिति की ओर से 5 लाख लड्डू प्रसाद स्वरूप अयोध्या भेजे जा रहे हैं, इनमें से 4 लाख लड्डू बन चुके हैं तथा शेष एक लाख लड्डू बनाने का कार्य निरंतर जारी है। प्रबंध समिति ने जानकारी दी कि लड्डू प्रसाद बेसन, रवा, शुद्ध घी और सूखे मेवों से बनाया जा रहा है। लड्डू प्रसाद निर्माण के लिए अतिरिक्त कारीगरों व कर्मचारियों को लगाया गया है। लड्डुओं को पैकेट में पैक कर अयोध्या भेजा जाएगा, एक लड्डू का वजन लगभग 50 ग्राम है।

### मुख्यमंत्री यादव ...

हालात व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के तल्ख तेवर को लेकर भी चर्चा हुई होगी। हालांकि इस बारे में कोई अधीकृत जानकारी नहीं मिल पाई। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले उनका केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम था, किंतु अचानक शाह के बहन के निधन के बाद मुख्यमंत्री का उनसे मिलने का कार्यक्रम निरस्त हो गया। केंद्रीय मंत्री शाह के दो दिन तक के सभी कार्यक्रम निरस्त किए गए हैं।

**एक माह के कार्यकाल की दे सकते रिपोर्ट:** सूत्रों ने बताया कि डॉ. यादव नड्डा से मुलाकात में अपने एक माह के कार्यकाल के काम की रिपोर्ट के साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों तथा केंद्रीय नेतृत्व ने जो टॉस्क दिया था, इस बारे में भी विस्तृत चर्चा करेंगे। बताते हैं कि मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव और 22 जनवरी को अयोध्या के कार्यक्रम आदि के संबंध में भी चर्चा करेंगे। वे यह भी बताएंगे कि अभी तक उन्होंने किस तरह से तैयारी की और आगे क्या तैयारी है। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयानों पर संगठन और सरकार बारीक नजर रख रही है। अभी दो दिन पहले शिवराज के बेटे कार्तिकेय ने भी कह दिया कि जरूरत पड़ी तो वादे पूरे कराने के लिए वे अपनी सरकार से भी लड़ेंगे। इसे लेकर भी चर्चा किए जाने के आसार हैं।

### मोदी सरकार के नौ...

स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है। नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए। रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले।

**गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत रही:** रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज (गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत) रही।

**ओपीएचआई और यूएनडीपी ने तकनीकी इनपुट दिए:** नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन सोमवार को नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया। नीति आयोग के इस पेपर के लिए ऑक्सफोर्ड पॉलिसी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने तकनीकी इनपुट प्रदान किए हैं।

**12 सतत लक्ष्यों पर आधारित है राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी का आंकड़ा:** नीति आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में बदलावों के आधार पर वंचितों का आकलन किया जाता है। इन्हें विकास के 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित संकेतकों के जरिए मापा जाता है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूलों में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं।

### फास्टैग की 31 तक...

वाले फास्टैग को 31 जनवरी 2024 के बाद बैंकों द्वारा निष्क्रिय/ब्लैकलिस्ट कर दिए जाएंगे। और टोल पहुंचने पर आपको पेनाल्टी देनी होगी। सड़क परिवहन मंत्रालय में पीआईबी की एडीजी जेपी मट्टू सिंह बताती हैं कि केवाईसी कराने के दायरे में पुराने फास्टैग आएंगे, क्योंकि इधर कुछ वर्षों में लिए गए फास्टैग आधार से लिंक हैं और उनका केवाईसी भी हुआ है. पुराने फास्टैग में इस तरह की समस्या आ रही है, जो ब्लैकलिस्ट किए जाएंगे।

**क्या है नियम:** फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 'एक वाहन, एक फास्टैग' का भी अनुपालन करना होगा। अपने संबंधित बैंकों के माध्यम से पहले जारी किए गए सभी फास्टैग को छोड़ना होगा। केवल नवीनतम फास्टैग खाता सक्रिय रहेगा क्योंकि पिछले टैग 31 जनवरी 2024 के बाद निषक्रिय/ब्लैकलिस्ट कर दिए जाएंगे।

**केवाईसी कराने के लिए कहां जाना होगा?:** ऐसे फास्टैग धारकों को अपने बैंकर के पास जाकर केवाईसी अपडेट कराना होगा। मसलन किसी ने पेटीएम से फास्टैग लिया है तो पेटीएम में जाकर अपडेट कराना होगा, अगर किसी ने बैंक से लिया है तो वहां जाकर अपडेट कराना होगा। इस संबंध ट्रासंपोर्ट एक्सपर्ट अनिल छिकारा ने बताया कि कुछ वाहन चालक इसका मिसयूज कर हैं। वो छोटी गाड़ी के फास्टैग कमर्शियल गााड़ी चला रहे हैं।

### बुजुर्ग की हत्या...

ने गोली चला दी। गोली बुजुर्ग को लग गई और मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक पिस्टल को बरामद किया है। घटना की जांच पुलिस कर रही है। तीन की हत्या के बाद नबीनगर में सनसनी फैल गई है।

### आरोपी ने गलती...

कर लिया। आरोपी ने क्राइम ब्रांच के सामने अपनी गलती कबूल कर ली है। क्राइम ब्रांच ने धारा 354 ए के तहत आरोपी पर मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

**इस नियम के तहत हुई कार्रवाई:** तंतुवाय द्वारा महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 का उल्लंघन किया गया एवं मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3, 20, 21 का उल्लंघन किया गया, जिसके कारण संजीव कुमार तंतुवाय की संविदा सेवा तत्काल की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव की जाती है।

## पेज एक का शेष

### हितग्राही ललिता और...

में पढ़ती है, उसे छात्रवृत्ति, स्कूल यूनिफार्म मिली है और सुकन्या समृद्धि योजना में भी उसका खाता खुला है। लाड़ली लक्ष्मी योजना का भी बेटी को लाभ मिला है। दूसरा बेटा ध्रुव है, जो दूसरी क्लास में पढ़ रहा है, उसे भी स्कूल यूनिफार्म और मध्यान्ह भोजन मिलता है। तीसरा बेटा आंगनवाड़ी में जा रहा है। श्रीमती ललिता ने बताया कि वे स्वयं, शीतला माता स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं, जिससे गो-शाला संचालित करने का काम मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीमती ललिता की ओर से तत्परता से दी गई जानकारी की प्रशंसा की।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कनेक्शन मिल गए:** प्रधानमंत्री ने श्रीमती ललिता से पूछा कि उन्हें जनमन योजना के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त हुई और इस योजना के तहत उन्हें क्या-क्या लाभ प्राप्त हुए? ललिता ने बताया कि उनके स्व-सहायता समूह को अधिकारियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव में आई रैली से जानकारी प्राप्त हुई। जनमन से उन्हें आवास स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि उनके ससुर कृष्णा आदिवासी को केसीसी का लाभ मिला, बच्चों के आधार कार्ड बन गए, बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र भी बन गया है। गांव में पहले 310 आयुष्मान कार्ड थे, जनमन योजना से 100 आयुष्मान कार्ड गांव में और बने हैं। गांव में सभी महिलाओं के पास उज्जवला गैस कनेक्शन था पर विकसित भारत संकल्प यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कनेक्शन मिल गए। गांव में उज्जवला के 20 कनेक्शन और बढ़ गए है। गांव में नल-जल योजना का काम भी चल रहा है, जिससे हमें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

**पीएम को मॉडल से बताया गांव का डेवलपमेंट:** मोदी को श्रीमती विद्या ने ग्राम विकास के संबंध में जानकारी दी। विद्या ने बताया कि वे वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह का संचालन करती हैं। श्रीमती विद्या ने एक मॉडल के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि गांव में पानी की टंकी, नल, बिजली, पक्की सड़क और सामुदायिक केंद्र है, जहां गांव वाले गणेश उत्सव पर गणेश जी की स्थापना करते हैं और उत्सव मनाते हैं।

### पायलट को मारा...

के मुताबिक फिलहाल आरोपी पैसेंजर साहिल कटारिया को सीआरपीसी 41 के तहत पूछताछ के लिए नोटिस सर्व किया है। हालांकि, ये सभी धाराएं जमानती हैं। शिकायत के मुताबिक आरोपी पैसेंजर ने को पायलट के ऊपर हमला किया और इंडिगो फ्लाइट नंबर 6ई 2175 दिल्ली से गोवा जाने वाली फ्लाइट में हंगामा किया। एक अन्य वीडियो में इंडिगो क्रू पायलट की मदद के लिए दौड़ते हुआ नजर आया और इस दौरान उन्होंने पैसेंजर से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते। आप ऐसा नहीं कर सकते। इस पर यात्री ने कहा कि मैं ऐसा क्यों नहीं कर सकता? मैं क्यों नहीं कर सकता?। इस पायलट ने कई घंटों की देरी के बाद फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) मानदंडों के कारण पिछले चालक दल की जगह ले ली थी। यात्री की पहचान साहिल कटारिया के रूप में हुई है। इसे गिरफ्तार कर लिया है।

**देरी से निपटने का एक्शन प्लान रेडी:** केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने उड़ानों को लेट होने से बचाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सभी हितधारक कोहरे से संबंधित प्रभाव को कम करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। सिंधिया के अनुसार नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) खराब मौसम के कारण उड़ान रद्द होने और देरी के मद्देनजर असुविधा को कम करने के प्रयास में लगा हुआ है। इसके लिए बेहतर कम्युनिकेशन और यात्रियों की सुविधा के वास्ते एयरलाइंस के लिए एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी किया जाएगा।

### हंगामे के बीच ...

*फ्लाइट को कैंसिल कर सकती है। इसके साथ-साथ डीजीसीए ने सभी एयरलाइन से हवाई अड्डों पर कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने और यात्रियों को उड़ान में देरी के बारे में सूचित करने के लिए कहा है। इसके साथ-साथ कंपनियों से संबंधित वेबसाइट पर भी फ्लाइट से जुड़ी अपडेट जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया है। डीजीसीए ने कहा कि यात्रियों को एसएमएस, व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए भी अग्रिम सूचना दी जाए।*

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है? अवेदन है? बेचना है? व्यापार शिक्षा नौकरी किराये से
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9300009644

### भूख हड़ताल पर फिर सिमी ....

थी। जेल में बंद आतंकियों में दो को फांसी और दो को उम्रकैद की सजा मिली है। जेल प्रशासन ने जेल मुख्यालय को पत्र लिखकर हड़ताल की जानकारी दी है। हड़ताल करने वालों में कमरुद्दीन, शिवली, कामरान और अबू फैसल हैं। इनको चेतावनी देने के बावजूद वह अपनी हड़ताल पर अड़े हुए हैं। हालांकि, कुछ महीनों पहले भी हड़ताल कर दबाव बनाने की कोशिश की थी। सूत्रों का कहना है कि आतंकियों की मांग पूरी करने से जेल ब्रेक की साजिश हो सकती है। इसलिए जेल रोस्टर के खिलाफ मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा।

### धार में दुकान को किया....

बनाने के बाद की गई। इधर, सोमवार को मासूम कनिष्क का अंतिम संस्कार किया गया। जिसके बाद सोमवार दोपहर के समय पीड़ित परिवार से मिलने के लिए लुनियापुरा स्थित उनके घर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसपी मनोज कुमार सिंह पहुंचे। कलेक्टर मिश्रा ने शहर के नागरिकों से अपील भी की इस डोर का उपयोग लोगों को आगे आकर ही बंद करना होगा। साथ ही अगर किसी के पास धागा मौजूद है, तो वे कनिष्क चौहान को दी जाने वाली श्रद्धांजलि सभा में आकर उस धागे को वहीं पर जला दें। धागा जलने से ही कनिष्क को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### किसान को 'अंडे...

से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हां, यह हमारा वीडियो है और हम उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अनुभाग के कुमारियां राव गांव में बिजली विभाग के टॉवर लगाए जाने के संबंध में गए थे। जहां किसान द्वारा अनर्गल शब्दों का उपयोग किया गया। जिस पर यह स्थिति निर्मित हो गई। इस मामले में मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी आम लोगों के साथ सभ्य और शालीन भाषा का इस्तेमाल करें। इस तरह की अभद्र भाषा बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बैतूल में बेटी...

नवजात शिशु की हत्या कर दी। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की पाढर चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बज्जरवाड़ा का है। जहां एक पिता ने अपने 12 दिन के नवजात बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई आशीष सिंह पंवार ने बताया कि रविवार रात 100 डायल पर सूचना मिली थी कि एक 12 दिन के शिशु की उसके पिता ने हत्या कर दी गई है। सूचना पर पुलिस टीम गांव पहुंची। मृतक बच्चे की माँ रूचिका उइके से पूछताछ की गई। तो उसने बताया कि उसके पति अनिल उइके ने शराब के नशे में रूचिका के साथ भी मारपीट की और उस समय उसकी गोदी में बच्चा था, उसे छुड़ाया। रूचिका मारपीट के डर से भाग गई थी। जब वापस आई तो झोपड़े के अंदर बच्चा मृत पाया गया। उसके गले पर गला दबाने के स्पष्ट निशान थे। इसकी रिपोर्ट दर्ज होने पर इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति अनिल उइके के खिलाफ हत्या की धारा 302 का मामला दर्ज किया है। सोमवार की सुबह आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अनिल उइके ने पुलिस को बताया कि उसके दो बेटे पहले से थे, वह तीसरी पुत्री चाह रहा था, लेकिन तीसरा भी पुत्र हो गया था इसलिए उसने उसकी हत्या कर दी।

### आरोपी ने...

और आरोपी को गिरफ़्तार कर उसके खिलाफ धारा 302 का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एफिल टॉवर पर...

यज्ञ के बाद शुरू होगी और ले रिपब्लिक, मुसी डे लौवर और आर्क डी ट्रायम्फ जैसे पेरिस के लोकप्रिय स्थलों से होकर गुजरेगी।


### न्यूयॉर्क में भक्त...

*आयोजन किया है। वीएचपी के डीसी चेप्टर के एक स्वयंसेवक अनिमेष शुक्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि 20 जनवरी को हम एक अद्भुत कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिसमें 1,000 से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। 22 जनवरी के बाद बोस्टन से शुरू होकर पूरे अमेरिका के मंदिरों में प्रसाद बांटा जाएगा। ऑस्ट्रेलिया में वेस्टर्न सिडनी के पररामट्टा पार्क और मेलबर्न के किंग्सले पार्क में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के अन्य शहर जहां वीएचपी हिंदू समुदायों के साथ कार्यक्रम आयोजित करेगी, उनमें ब्रिस्बेन, पर्थ, एडिलेड और न्यू साउथ वेल्स शामिल हैं। विज्ञानानंद ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में लगभग 25 से 50 संगठन सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। अफ्रीका में विहिप केन्या, तंजानिया, युगांडा, मॉरीशस, घाना, नाइजीरिया और मोजाम्बिक में कार रैली और अन्य कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। बकिंघम, बैंकॉक, सिंगापुर, कुआलालंपुर, जकार्ता और बाली में भी इसी तरह के कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।*

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म/प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸निवेश का सुनहरा मौका
▸डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी



Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कारोबार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

### शब्द पहेली - 5396



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 5395 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

### सुडोकु नवताल - 5406



सुडोकु नवताल - 5405 का हल



## खबर संक्षेप

### सर्वेश्वर फूड्स ने खोला निम्बार्क ऑर्गेनिक स्टोर



**नई दिल्ली।** सर्वेश्वर फूड्स अपने सिग्नेचर निम्बार्क ऑर्गेनिक स्टोर्स खोलकर पंजाब और दिल्ली क्षेत्र में अपने फूड-प्रिंट का विस्तार कर रहा है, जहां कोई भी व्यक्ति हिमालय की भूमि से ऑथेंटिक और ऑर्गेनिक डिलाइट्स का एक्सपीरियंस कर उन्हें खरीद सकता है। कंपनी ऑनलाइन मार्केट के द्वारा टेरिटरीज से परे स्थान पर अपनी उपस्थिति को एक्सपेंड करने निम्बार्क ऑर्गेनिक स्टोर्स खोलकर पंजाब और अपने फूड-प्रिंट्स के विस्तार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### दो दिवसीय एसएमई फोरम की कार्यशाला आज से

**भोपाल।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के सहयोग से इंडिया एसएमई फोरम ने भोपाल में एमएसएमई के लिए भारत बौद्धिक संपदा की घोषणा की है। एमएसएमई के बीच जागरूकता और बौद्धिक संपदा अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला 16 और 17 जनवरी को भोपाल के रेडिसन होटल में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे व्यवसायों को आईपी के रणनीतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना है और यह कैसे नवाचार को बढ़ावा दे सकता है।

### विकास लाइफ ने दी शेयर्स के अलॉटमेंट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्लास्टिक, सिंथेटिक और नेचुरल रबर के लिए पॉलिमर, रबर कंपाउंड और एडिटिव्स की ट्रेडिंग और मैन्युफैक्चरिंग में प्रमुख विकास लाइफ केयर लिमिटेड ने घोषणा की है कि इसकी फंड-राइजिंग कमेटी ने योग्य संस्थागत खरीदारों को 10,41,65,000 इक्विटी शेयर्स के आवंटन को मंजूरी दे दी है। यह शेयर्स एफपीआई- कोयस ग्लोबल अपार्चुनिटीज फंड, एजी डायनेमिक फंड्स लिमिटेड और नक्षत्र स्ट्रेस्ड एसेट्स फंड को आवंटित किए गए भूमि और उस पर भवन के अधिग्रहण और डेवलपमेंट की टोटल कॉस्ट लगभग 30 मिलियन रुपए होगी।

---

# मंडे बना 'मनी डे', शेयर बाजार में बहार

# निवेशकों की झोली में आए 2.7 लाख करोड़ रुपए

## सेंसेक्स पहली बार 73,000 अंक के पार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नए साल 2024 का तीसरा सोमवार शेयर बाजार के लिए मंडे नहीं 'मनी डे' साबित हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार में बुल्स के जोर के आगे बियर्स का दम निकल गया। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी नई बुलंदियों पर पहुंच गए। सोमवार के कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स 73,402.16 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया।

वहीं निफ्टी भी पहली बार 22,115.55 के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। सोमवार के कारोबारी सेशन के बाद 30 शेयरों का बीएसई सेंसेक्स 759.49 अंकों या 1.04 फीसदी की बढ़त के साथ पहली बार 73,327.94 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों का एनएसई निफ्टी बाजार में बंपर खरीदारी के कारण पहली बार 202.91 या 0.93 फीसदी की बढ़त के साथ 22,097.45 के लेवल पर बंद हुआ।

निफ्टी बाजार में बंपर खरीदारी के कारण पहली बार 202.91 या 0.93 फीसदी की बढ़त



### आईटी सेक्टर के शेयरों में बंपर खरीदारी से नए शिखर पर बाजार

सोमवार को शेयर बाजार में आईटी सेक्टर के शेयरों में रिकॉर्ड तोड़ खरीदारी से पंख लग गए और आखिरकार बेंचमार्क इंडेक्स अपने नए शिखर की ओर उड़ान भरने में सफल रहे। आईटी के अलावा फार्मा और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी निवेशकों ने जमकर खरीदारी की।

#### बाजार में 22 अरब डॉलर जोड़े

भारत की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियों के शेयरों ने नए साल की शानदार तरीके से शुरुआत की है। पिछली तिमाही में उम्मीद से अधिक बिक्री के आंकड़ों ने निवेशकों का ध्यान भारतीय आईटी कंपनियों की ओर खींचा है। उद्योग की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड और इंफोसिस लिमिटेड के नेतृत्व में चार प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनियों ने बीते गुरुवार के बाद केवल दो कारोबारी सत्रों में बाजार की पूंजीकरण में लगभग 22 अरब डॉलर जोड़े हैं। विप्रो लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को 14 फीसदी तक का उछाल आया।

---

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बाजारों में जबरदस्त उत्साह

# व्यापारिक संगठन तैयारियों में जुटे, शहर के बाजारों में होगा 'दिवाली' जैसा माहौल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को लेकर भोपाल सहित समूचे प्रदेश और देश में उत्साह का माहौल है। इसे लेकर बाजारों में भी जबरदस्त उत्साह है और सभी मार्केट एसोसिएशंस इस ऐतिहासिक महोत्सव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बाजार के सभी मार्केट को सजाने की तैयारी हो रही है।

22 जनवरी को बाजारों में रौनक लाने के लिए व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अयोध्या का सीधा प्रसारण लोगों को दिखाने जगह- जगह एलईडी स्क्रीन का बंदोबस्त कर रह हैं तो पारंपरिक भारतीय संगीत बैंड और स्वदेशी वाद्ययंत्र जैसे ढोल, ताशे, शहनाई के जरिए बाजारों को राम की धुन से संगीतमय करने के अनेक बड़े कार्यक्रम करने की योजना बना रहे हैं।

न्यूमार्केट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय बलेचा और श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश राठौर, सचिव आरसी जैन, अजय अग्रवाल ने बताया कि श्रीखेड़ापति हनुमान के मंदिर सामने वाला पूरा प्रांगण साज-सज्जा सजाया जाएगा। इसके अलावा विमल साड़ी एम्पोरियम वाली लाइन, जौहरी ज्वेल्र्स वाली लाइन, तरंग वाली लाइन में बेहतरीन साज सज्जा की जाएगी। मंदिर प्रांगण में आयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। 21 से रामायण पाठ, 22 को सुंदरकांड, स्थापना पश्चात आयोध्या में जिस समय आरती हो उसी समय मंदिर में आरती होगी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 12 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम शाम 5 बजे होगा। इसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रसादी वितरण होगा जो देर रात चलेगा।





### व्यापारियों द्वारा धुआंधार आतिशबाजी की जाएगी

विजय मार्केट व्यापारी संघ, बरखेड़ा के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा के अनुसार व्यापारी संघ द्वारा मार्केट में तीन दिवसीय (21,22,23 जनवरी को) बेहतरीन साज सज्जा की जाएगी। समूचे मार्केट में दीपावली का माहौल होगा। 22 जनवरी की शाम 6 से 7 बजे के बीच यहां के व्यापारियों द्वारा धुआंधार आतिशबाजी की जाएगी।

**▸ भगवा रंग के झंडे और केसरिया रंग के गुब्बारे से साज -सज्जा**

दस नंबर मार्केट व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार और सचिव हरीश चोइथानी के भगवान श्रीरामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के चलते मार्केट में भव्य तैयारियां चल रहा है। 20 जनवरी से मार्केट भगवा रंग के झंडे और केसरिया रंग के गुब्बारे और विद्युत साज सज्जा से सजेगा। व्यापारी संघ द्वारा मार्केट में भव्य राम दरबार बनाया जाएगा, जिसे फूलों और गुब्बारे से सजाया जाएगा। चारों तरफ रंगोली बनवाई जाएगी। 22 जनवरी को शाम 5 बजे हवन से कार्यक्रम शुरू होगा और फिर रामलाल की आरती होगी, बूंदी का प्रसाद वितरण होगा। इसके अलावा डे-टू-डे प्रोटीन्स के संचालक पप्पू आहूजा की ओर सभी दुकानदार भाईयों को मिठाई के पैकेट दिए जाएंगे। तत्पश्चात मार्केट में आतिशबाजी होगी।

**▸ बाजारों में एलईडी स्क्रीन से सीधा प्रसारण**

भोपाल व्यापारी महासंघ के महामंत्री नवनीत अग्रवाल के अनुसार पुराने शहर के सभी प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने अपने व्यापारिक क्षेत्र की साज-सज्जा, दुकानों को फूलों और विद्युत झालरों से सजावट करने के साथ प्रमुख बाजारों में एलईडी स्क्रीन लगाकर रामजन्मभूमि का सीधा प्रसारण की व्यवस्था की है। इसके अलावा चलित प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन किया है।

**▸ प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी**

श्रीसिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष मनमोहन मंगल के अनुसार पंचायत समिति द्वारा दोपहर साढ़े 12 बजे श्रीराम मंदिर बालमुकुंद की बगिया में भगवान की आरती, प्रसादी वितरण और भजनों का कार्यक्रम आयोजित होगा। अग्रवाल समाज के महिला मंडल द्वारा प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी त्रिभुवनलाल मंदिर गुजरपुरा से निकाली जाएगी।

**▸ मरीजों को कंबल और वस्त्र दान**

अग्रकुल परिवार के महेंद्र अग्रवाल और रूपेश अग्रवाल के अनुसार सुबह 10 बजे हमीदिया अस्पताल में भंडारा प्रसादी वितरण के साथ मरीजों को कंबल और वस्त्र दान किए जाएगा। शाम को 7 बजे श्रीराम मंदिर बड़ा तालाब फतेहगढ़ में रामजी का श्रंगार और 2100 रामज्योति जलाकर महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात सुंदरकांड और आतिशबाजी होगी।

**▸ सुंदरकांड का पाठ, भजन संध्या**

भोपाल सराफा एसोसिएश के उपाध्यक्ष विजय वर्मा के अनुसार समूचे मार्केट में विद्युत साज सज्जा और रामजी की आरती और प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तो सर्राफा व्यापारी दिनेश अग्रवाल, सुधीर माने द्वारा पीपल चौक पर सुंदरकांड का पाठ, भजन संध्या आयोजित किया जा रहा।

**▸ विभिन्न मार्केट में की गई ये तैयारी**

शहर के तमाम बाजारों में साज-सज्जा के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बाजार में सुंदर लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है, तो मार्केट में दीये जलाए जाएंगे। बाजार में भगवा गुब्बारे और झंडे लगाए जाएंगे, सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा।

**▸ राम मंदिर उद्घाटन को लेकर खूब बिक रहे ये समान**

व्यापारियों ने बताया कि राम मंदिर को लेकर हर दुकानदार उत्साहित हैं। इस मौके पर बाजारों से काफी सामान दूसरे शहरों में भेजा जा रहा है। राम मंदिर मॉडल, राम पोशाक, माला, मुकुट, धनुष, ध्वजा, लॉकेट, चाबी के छल्ले, रामजी की फोटो आदि की विशेष डिमांड देखी जा रही है। इसके अलावा मिट्टी के दीए, रंगोली, मिठाइयां, गिफ्ट आइटम्स, फूलों की सजावट, आर्केस्ट्रा, टेंट एवं डेकोरेशन, बिजली की लड़ियों का व्यापार करने वाले लोगों का काम भी एकदम से बढ़ गया है।

---

## बैंक ऑफ बड़ौदा का वार्षिक आउटरीच कार्यक्रम

# मप्र सहित देशभर के 4 लाख 65 हजार से अधिक किसानों को जोड़ा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

■ 2,200 करोड़ रुपए से अधिक के कृषि ऋण मंजूर किए

बैंक ऑफ बड़ौदा ने भारतीय किसानों के साथ अपने वार्षिक आउटरीच कार्यक्रम- बड़ौदा किसान पखवाड़ा के छठें संस्करण का आयोजन हुआ। कृषि उत्सव के दौरान बैंक ने देशभर में 465,000 से अधिक किसानों को अपने साथ जोड़ा और समग्रतः 2,200 करोड़ रुपए से अधिक के कृषि ऋण मंजूर किए।

देश भर में मुख्य रूप से कृषि ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाली बैंक की अर्ध शहरी और ग्रामीण शाखाओं के नेटवर्क तथा कुछ मेट्रो और शहरी शाखाओं ने भी इस उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया। किसान पखवाड़े के दौरान बैंक ने किसानों की बैठकों, चौपाल, किसान मेलों और स्वास्थ्य शिविरों (मृदा, पशुओं और किसानों के लिए) संबंधी विभिन्न आयोजन किए। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक अजय के खुराना ने कहाकि हमें बड़ौदा किसान पखवाड़ा के छठें संस्करण के सफल समापन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक होने के नाते, भारतीय कृषक समुदाय की बेहतर सेवा के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा विभिन्न पेशकशों और कृषि ऋण में विस्तार करने की प्रतिबद्धता के साथ, एक मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था का पोषण करने के अपने मिशन में अटल व दृढ़संकल्प है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा 30 सितंबर 2023 तक कृषि क्षेत्र को दिया गया ऋण 1,30,694 करोड़ रुपए था, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 13.7 फीसदी की वृद्धि दिखाता है।


**मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड**
(म.प्र. शासन का उपक्रम)
74, अरेरा हिल्स, केन्द्रीय विद्यालय के सामने, भोपाल-462011
दूरभाष : 2552763-8319132556
क्र./सामान्य-1/128/2023-2024/ भोपाल, दिनांक : 15.01.2024

**ई-निविदा विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, भेपाल के कार्यालयीन उपयोग हेतु मासिक दर पर वाहन किराये पर लेने बाबत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रस्ताव दिनांक 31.01.2024 तक ई-निविदा के माध्यम से प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड भोपाल को प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा संबंधी विस्तृत शर्तें/नियम वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। किसी प्रकार के संशोधन की स्थिति में इसी वेबसाइट पर अपलोड किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/113297/2024 प्रभारी अधिकारी (सामान्य)



**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

1. खुली ई-निविदा सं. 2024/आईआरसीटीसी/ईपीआर कंप्लायंस के लिए समय-समय पर संशोधित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत आईआरसीटीसी की ओर से ईपीआर अनुपालन की पूर्ति के लिए सेवा प्रदाता/एजेंसियों को काम पर रखने के लिए निविदा। ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 07.02.2024 को 15:00 बजे। ई-मेल ggmrailneer@irctc.com
2. डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनी (डीएमसी) का इम्पैनलमेंट, ईओआई नं. 2023/आईआरसीटीसी/सीओ/टूरिज्म/ओबीटी, [illegible] 15.02.2024 को 15:00 बजे होगा। [illegible] 23.01.2024 और 30.01.2024 को 15:00 बजे [illegible]
3. "कॉर्पोरेट एजेंटों के इम्पैनलमेंट" के लिए ईओआई आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएएस (सीएजी)/7/2023/टूरिज्म/ईओआई दिनांक 15.01.2024, प्री-बिड मीटिंग: 30.01.2024 को 12.30 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि 15.02.2024 को 15:00 बजे, ई-मेल cargo@irctc.com
4. निविदा सं. जीईएम/2024/बी/4422635, [illegible] प्री-बिड मीटिंग (वीसी): 23.01.2024 को 12:00 बजे। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि: 05.02.2024 को 15:00 बजे।
5. निविदा सं. जीईएम/2023/बी/4377794, आईआरसीटीसी की कस्टमर कॉन्टैक्ट सेंटर के लिए। जमा करने की अंतिम तिथि: 30.01.2024 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए क्र.सं. 1-5 के लिए www.irctc.com क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र .सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल क्र.सं. 1-5 के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com पर, क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

आईआरसीटीसी लि., एम–13, दूसरा तल, पुंज हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001


---

## बिजनेस न्यूज

### एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय में भाषण और क्विज प्रतियोगिता



**भोपाल।** एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय, विश्व आयुर्वेद परिषद एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर भाषण व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सपन जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर डॉ. विशाल शिवहरे व उप प्राचार्य डॉ. वर्षा बंजारी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चलचित्र के ऊपर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने अपनी भाषण कला का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर रसशास्त्र विभाग डॉ. वंदना हिरदुलकर, असिस्टेंट प्रोफेसर काय चिकित्सा डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत व असिस्टेंट प्रोफेसर रोग निदान विभाग डॉ. निकेतन समैया थे। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम अग्नि ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान टीम जल ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम मीत जैन रहे। द्वितीय स्थान पर तनिशा जाधव रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सपन जैन द्वारा युवाओं से व्यसन त्याग करते हुए निरंतर लक्ष्य प्राप्ति के लिए संकल्पित होने के लिए आह्वान किया गया।

### असाटी समाज का स्नेह सम्मेलन संपन्न



**भोपाल।** असाटी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन घोड़ा पछाड़ रेस्ट हाउस में आयोजित हुआ। जिसमें महासभा के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, डॉ. रमेश असाटी, शशि असाटी, अंकुर असाटी सहित अन्य पदाधिकारी सम्मलित हुए। असाटी समाज के मुख्य संरक्षक अशोक गुप्ता असाटी विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि असाटी समाज भवन के लिए जगह क्रय की गई है जिसका विधिवत भूमि पूजन किया गया, दान राशि में महासभा द्वारा 10 लाख जमीन क्रय के लिए चेक दिया गया। इसी दान दाताओं की लाइन लग गई थोड़ी देर में ही करीब 25 लाख दान मिला। समाज भवन करीब 70 लाख की लागत से पूर्ण होगा। जिसमें समाज असाटी बंधुओं का विशेष योगदान आगे भी रहेगा। समाज भवन को लेकर के असाटी समाज के लोगों में काफी उत्साहवर्धन दिख रहा है भवन के लिए स्वेच्छा से अधिक राशि दे रहे हैं ऐसे समाज बंधु धन्यवाद के पात्र है। आज स्नेह सम्मेलन के अवसर भारतीय पारंपरिक खेलकूद मैं महिलाओं द्वारा कुर्सी दौड़, बच्चों द्वारा रेस प्रतियोगिता तथा तंबोला का भी आयोजन संपन्न हुआ। साथ ही विभिन्न प्रकार तत्पश्चात स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया गया। 22 तारीख को हो रहे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सामाजिक बंधुओं को घर-घर झंडा वितरण किया गया। इस अवसर पर संजीव असाटी, राकेश असाटी, आरआर असाटी, राम असाटी दीपक नायक, मणिकांत गुप्ता तथा सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए: मिश्रा



**भोपाल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मंडल कल्याण समिति, भोपाल सर्कल, भोपाल द्वारा स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, खेल मैदान पर 14 से 18 जनवरी 2024 तक आयोजित इंटर सर्कल हॉकी टूर्नामेंट 2024 का शुभारंभ किया गया। जिसमें कॉरपोरेट सेंटर मुंबई से मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के उपप्रबंध निदेशक बिनोद कुमार मिश्रा थे। उन्होंने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा सहित विशिष्ट अतिथि ऑल इंडिया एसबीआई स्टाफ फेडरेशन के अध्यक्ष कॉम अरुण भगोलीवाल व महासचिव कॉम संजीव बंदलिश ने शिरकत की । इस दौरान प्रबंधन के सभी अधिकारी गण सहित ऑफिसर्स एवं कर्मचारी उपस्थित थे । इस दौरान बिनोद कुमार मिश्रा उप प्रबंध निदेशेक एवं चंद्रशेखर शर्मा मुख्य महाप्रबंधक भोपाल एसबीआई मंडल ने 13 सर्कल से पधारे खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए हौसला अफजाई की और कहा की खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए।

### बैंक के कार्य के अलावा टूर्नामेंट के आयोजन से उत्साह बढ़ता है: त्रिपाठी



**भोपाल।** केनरा बैंक ऑफिसर एसो. ने अंकुर खेल मैदान पर केनरा बैंक ऑफिसर एसोसिएशन (सीबीओए) ने तीसरे वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। प्रदेश के विभिन्न रीजनल ऑफिस इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन तथा भोपाल एवं अंचल कार्यालय की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन महाप्रबंधक विक्रम दुग्गल एव उपमहाप्रबंक आर के मीना,सत्यपाल वीसी ने किया। टूर्नामेंट के विजेता भोपाल रीजनल ऑफिस तथा उपविजेता जेड आई भोपाल रही। सीबोओए के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी केके त्रिपाठी ने बताया कि बैंक के कार्य के अलावा इस प्रकार के आयोजन से भी कर्मचारियों का उत्साह बढ़ता है। भविष्य में इस प्रकार के आयोजन और होते रहेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में केनरा बैंक के अधिकारीगण तथा इंदौर से संजय गोयल, विभु जोशी, वेंडिय तथा मनीष चतुर्वेदी, आयुसी मालवीय उपस्थित थे।

### राधारमण ग्रुप में क्लॉउड कंप्यूटिंग पर सेमिनार



**भोपाल।** राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के परिसर में क्लाउड कंप्यूटिंग विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सोलूशन्स आर्कीटेक्ट संकेत सक्सेना तथा डॉटस्टार्क टेक्नोजीस के फाउंडर सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग के बेसिक से लेकर एडवांस नॉलेज तक विभिन्न पहलुओं पर बात की तथा क्लाउड कंप्यूटिंग के विभिन्न संस्थानों में प्रयोगों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कुछ प्रेक्टिकल उदाहरणों से एडवांस्ड लेवल की क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब भी दिए। राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने कहाकि समूह विद्यार्थियों को उद्योग जगत की व्यावहारिक जरूरतों व वर्तमान में चल रही नवीनतम टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से सेमिनार आयोजित करता रहता है। इससे विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल पहलुओं को जानने व समझने में मदद मिलती है।

### भोपाल हवाई अड्डे पर एटीएम काउंटर का शुभारंभ



**भोपाल।** भाविप्रा यात्रियों को हवाई अड्डों से आरामदायक और संतोषजनक यात्रा प्रदान करने के लिए लगातार यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की प्रक्रिया में है। यात्री सुविधाओं में सुधार की इस दिशा में भोपाल हवाई अड्डे पर एक नए एटीएम काउंटर का उद्घाटन किया गया। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस एटीएम काउंटर को टर्मिनल भवन के बाहर प्रस्थान स्थल पर इंडसइंड बैंक द्वारा संचालित किया जाएगा।

---

## सौरभ वत्स निसान के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम



निसान मोटर इंडिया ने सौरभ वत्स को कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति 15 जनवरी से प्रभावी हो गई है। सौरभ अपनी नई भूमिका में, कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव को रिपोर्ट करेंगे और कंपनी को भारत में अपनी भविष्य की योजनाओं के मद्देनजर मौजूदा ट्रांसफार्मेशन प्लान को लागू करने में सपोर्ट करेंगे।

सौरभ इससे पहले स्टेलेंटिस से जुड़े थे जहां वह स्टेलेंटिस की लीडरशिप टीम के सदस्य थे और भारत में सिट्रॉएन ब्रैंड की स्थापना के समय से ही इसका नेतृत्व कर रहे थे तथा ब्रैंड प्रमुख के तौर पर बिजनेस के सभी पहलुओं के लिए जिम्मेदार थे। सौरभ करीब दो दशकों तक जनरल मोटर्स (जीएम) से भी जुड़े रहे हैं और कंपनी में ही कई प्रमुख नेतृत्वशाली भूमिकाओं को निभाने के साथ-साथ दक्षिण कोरिया में काफी लंबे समय तक कार्यरत रह चुके थे।


**-: आम सूचना :-**

**प्लाट नम्बर 28 सेक्टर 'ए' स्थित रतनपुर सड़क, नटराज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित तहसील हुजूर जिला भोपाल**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमति ममता अग्रवाल पत्नि श्री सुशील अग्रवाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य का प्लाट नम्बर 28 सेक्टर 'ए' जिसका कुल क्षेत्रफल 1914 वर्गफिट खसरा क्र. 221/2/1, एवं 221/2/2 का भाग स्थित रतनपुर सड़क नटराज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित तहसील हुजूर जिला भोपाल को क्रय करने का अनुबंध पत्र निष्पादित कर बयाना राशि अदा कर दी गई है जिसकी चतुर्थ सीमाये इस प्रकार है पूर्व में इसी भूखंड का हिस्सा पश्चिम में 25 फिट चौडी कालोनी की सड़क, उत्तर में 20 फिट चौडी कालोनी की सड़क, दक्षिण में भूखंड क्रमांक 29 को विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैक, सोसायटी, निगम, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था एवं निकाय को किसी भी तरह की आपत्ति, दावा, यह आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का लेना देना हो या उक्त प्लाट बंधक, दान, गिरवी, अनुबंध, वसीयत, हिबा, हस्तांतरण आदि हो या किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति का सौदा पूर्ण कर रजिस्ट्री अपने पक्ष में करने के लिये स्वतंत्र होगा, समयावधि पश्चात कोई भी आपत्ति, दावा, वाद आदि मान्य नही होगा।

**भवदीय देवेन्द्र सिंह परिहार (एडवोकेट)**
पता-ए-87, शाहपुरा कालोनी भोपाल
मो.न. -9893204081, 8120790333
फोन न.- 0755-2423439



**कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन (म.प्र.)**
Email -: cmoobaidullaganj@mpurban.gov.in Website : www.npobaidullaganj.co.in
क्रमांक/1553/2024 औ.गंज, दिनांक 12.01.2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट www.mptender.gov.in पर निविदा आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्र में नहीं की जावेगी।

| क्र. | एन.आई.टी. क्र./दि. | आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि (रू.) | निविदा अमांत्रण क्रम | समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1527/TS/DEVLOP/ SAMSAANGHAT/ 24 11.01.2024 | 2024_UAD _325807_1 | वार्ड क्र. 01 विशनखेड़ा में शमशान घाट का निर्माण कार्य | 44.83 लाख रू. | 33,625/- | प्रथम | 90 दिवस | 5,000/- |
| 2 | 1528/TS/CCRAOD/ ARJUN NAGAR /2024 | 2023_UAD _328919_1 | वार्ड क्र. 12 अर्जुन नगर में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य रमेश धुर्वे के घर से मुन्ना मिस्त्री के घर तक। | 2.24 लाख रू. | 2,240/- | प्रथम | 90 दिवस | 2,000/- |

(लक्ष्मी सोनू चौकसे) अध्यक्ष (नमिता बागीश अग्रवाल) उपाध्यक्ष (सुनील सेरिया) सभापति मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद औबेदुल्लागंज



**कार्यालय भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

-:: **सार्वजनिक सूचना** ::- 2397 दिनांक -26.12.23

प्रकरण क्रमांक/बी-121/2023-24- चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक्ता है अथवा आवश्यक्ता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2024 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। नीति अनुसार धारको को निर्धारित प्रारूप 'ख' में अपनी सहमति प्रस्तुत की गई है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारकों से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबंधित विभाग/ उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा।

- :: **अनुसूची** ::-
भूमि का वर्णन

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम का नाम | सर्वे क्रमांक | कुल रकबा हे.में | अर्जित रकवा हे.में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1 | सियाबाई पुत्री बैनीप्रसाद, हरप्रसाद, गोपाल प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, देवीप्रसाद आ बैनीप्रसाद जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम डुंगरिया तहसील बैगमगंज | डुंगरिया | 218/144 | 1.004 | 0.263 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रायसेन | बिछुआ जागीर-बीलखेडा-शाहपुर सुलतानपुर-डुंगरिया-सीहोरा जागीर-बेरसला भजिया मार्ग |

जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल ।

सक्षम प्राधिकारी (भू अर्जन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग बेगमगंज जिला-रायसेन

जी-22942/23

## चिंतन

# जनजातियों में आवासीय गरीबी जल्द दूर करे केंद्र

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय गरीबी व्यापक स्तर पर है। केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2022 तक 'सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य को प्राप्त करने के वास्ते एक अप्रैल, 2016 को पूर्ववर्ती इंदिरा आवास योजना का पुनर्गठन कर उसे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) कर दिया गया था। वर्ष 2022 तो बीत गया, आज एक साल बाद भी सरकार सबको पक्के आवास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी है। बीच में बेशक कोरोना महामारी के काल के दो साल बीते, लेकिन यह को बड़ी बाधा नहीं होनी चाहिए थी। चूंकि सरकार हर वित्त वर्ष में पीएमएवाई-जी के लिए बजट का आवंटन करती है और राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में चरणों में दी जाती है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की गई है। सरकार ने दावा किया है कि दस साल में 4 करोड़ पक्के मकान निर्मित कराए गए हैं। इसके बावजूद अभी भी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीब आवास की भारी कमी से जूझ रहे हैं। भारत तो आवासीय गरीबी का भी शिकार है। संयुक्त राष्ट्र तथा उसके विभिन्न घटक निकायों ने पर्याप्त आवास के अधिकार को बुनियादी मानवाधिकार के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र समिति ने रेखांकित किया है कि पर्याप्त आवास के अधिकार की व्याख्या करते समय संकीर्णता का भाव नहीं होना चाहिए, अर्थात पर्याप्त आवास के अधिकार को मात्र चार दीवारों और एक छत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत ने पर्याप्त आवास के अधिकार के संदर्भ में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, किंतु इसके बावजूद देश में सभी नागरिकों को मात्र एक आवास (पर्याप्त आवास नहीं) उपलब्ध कराना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है। पर्याप्त आवास के अधिकार की सर्वाधिक उपेक्षा देश के ग्रामीण क्षेत्र में है, जहाँ भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे- स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं आदि उपलब्ध कराना गंभीर चुनौती है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, पर्याप्त आवास में चार दीवारों और एक छत के अतिरिक्त बिजली एवं पानी की आपूर्ति और स्वच्छता तथा सीवेज प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी शामिल किया जाता है। आवासीय गरीबी एक व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहने तथा आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से उत्पादक होने की क्षमता को प्रभावित करती है। केवल छत निर्माण कराना ही पूर्ण आवास का लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता है। देश में केरीब 11 फीसदी आबादी जनजातियों की है, वे सबसे अधिक सुविधासंपन्न आवास की कमी से जूझ रहे हैं। जनजातियों को आवास के लिए राशि दिए जाने से निश्चित रूप से सबको आवास के सरकार के लक्ष्य की दिशा में सकारात्मक कदम है, इससे लाभार्थी जनजातियों के पक्के आवास बन सकेंगे। पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरूआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपए का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य सबसे कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इनमें आवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, बिजली, सड़क और संचार शामिल हैं।

## स्मृति शेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# मां पर कविताओं ने मुनव्वर को बनाया 'चितेरा' शायर

उर्दू साहित्य का विशाल वटवृक्ष रविवार की सर्द शाम को नवाबों के शहर लखनऊ में ढह गया। 26 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश के जिले रायबरेली में जन्मे मशहूर शायर जनाब 'मुनव्वर राणा' ने एक अस्पताल में अंतिम सांस लेकर नश्वर दुनिया को अलविदा कह दिया। खुदा ने उनके निधन की वजह दिल के दौरे के रूप में मुकर्रर की, जबकि थे कैंसर से पीड़ित। उनके न रहने की खबर सोमवार तड़के पूरे संसार में आग की तरह फैली, जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। बड़ी-बड़ी हस्तियों ने दुख जताया। मुनव्वर के निधन से न सिर्फ उर्दू-साहित्य को नुकसान होगा, बल्कि अवधि-हिंदी भाषा को भी गहरा धक्का लगेगा। विश्व पटल पर उन्हें अवधि का खूब प्रचार-प्रसार किया। उर्दू शायरी में नया प्रयोग करके उन्होंने देशी भाषाओं को अपनी जुबान बनाई थी।

मुनव्वर राणा की कही प्रत्येक शायरी-कविता में ऐसी तल्खियां होती थीं, जो सियासतदानां को हमेशा नागवार गुजरी। उनकी प्रस्तुति में झलकता अलहदापन सुनने वालों को अपनी ओर खींचता था। मुनव्वर राना का जन्म बेशक उत्तर प्रदेश में हुआ, लेकिन ज्यादा वक्त उन्होंने कोलकाता में ही बिताया। वहां उनके वालिद का छोटा-मोटा कारोबार था। पारिवारिक सदस्य उन्हें 'मोटू' कहते थे, क्योंकि वह शुरू से ही शारीरिक रूप से हट्टे-कट्टे थे।



पहलवानी का भी शौक था जिसका हुनर उन्होंने मदरसे में तालीम लेने के दौरान टीचर को पटक कर दिखाया था। गलती पर टीचर ने डांटा तो उन्हें चित कर दिया, उसके बाद राणा को उनके वालिद ने खूब पीटा, तभी से उन्होंने पहलवानी का शौक त्याग दिया। राणा का इंतजार 'पहलवानी का अखाड़ा' नहीं, बल्कि 'साहित्य जगत' कर रहा था। कविताओं ने ही उनको 'मोटू' से 'मुनव्वर राणा' स्थापित किया। ये नाम उर्दू-साहित्य में सदैव अदब-सम्मान से लिया जाता रहेगा। साहित्य के अलावा अन्य सामाजिक मसलों पर उनकी बेबाक टिप्पणियां भी जगजाहिर रहीं। शायरी में शोहरत प्राप्ति कि जहां तक बात है, तो मुनव्वर को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि 'मां' के स्नेह और रिश्तों पर उकेरी कविताओं से ही मिली। मां की ममता को दर्शाने वाली कविता की एक लाइन हमेशा सभी के दिलों में जिंदा रहेंगी।.... 'किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में माँ आई...। इन लाइनों में भावुकता और मार्मिकता का ऐसा संगम समाहित है जिसे सुनकर रूहें कांप उठती हैं। एक वक्त था जब शायरी के लिए सजने वाली कोई ऐसी महफिल नहीं होती थी जिसे वह अपनी शायरी से न लूटते हों? जहां उनकी मौजूदगी होती थी, तो वहां दूसरे शायर जाने से भी कतराते थे। महफिलों के अनगिनत किस्से हैं जो उनसे जुड़े हुए हैं।

हैदराबाद के एक मुशायरे में अपने कलामों के बारे में एक दफे कहा था कि 'वह गजल को कोठे से उठाकर माँ तक ले आए हैं'। वह एक ऐसा संदेश था जिसने सीधे राजनीति पर प्रहार किया था। वहीं, दुबई के एक मुशायरे में जब उन्होंने एक मां पर लिखी शायरी की एक लाइन पढ़ी, तो वहां बैठे दूतावास के एक बड़े अधिकारी बिलख-बिलख कर रोने लगे। उन्होंने तुरंत अपनी मां को फोन लगाया और मांफी मांगी। बाद में पता चला उस अधिकारी की मां से कुछ दिनों से अनबन चल रही थी। उनकी शायरी में ऐसी ही ताकत थी कि बिछड़ों को भी एक करने का मादा रखती हैं। राणा बेबाक राजनीतिक बयानबाजी को लेकर बीते कुछ वर्षों से ज्यादा चर्चाओं में थे। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के दोबारा जीतने पर लखनऊ से पलायन करने की भी बात कह दी थी। उन्हें वर्ष 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था जिसे बाद में उन्होंने लौटा दिया था। तब से वह कुछ ज्यादा ही सियासतदानों के निशाने पर आ गए। दरअसल, उनकी चुभने वाली बेबाक बयानबाजियां ही उन्हें हमेशा परेशान करती रहीं। गले के कैंसर से पीड़ित 71 वर्षीय इस शायर का विवादों से कभी नाता छूटा ही नहीं? हालांकि उनके विवाद इसलिए कमतर आंके जाते हैं क्योंकि उन्होंने उर्दू साहित्य विधा पर जो अमिट छाप छोड़ी, वह अकल्पनीय है। उनके योगदान को पीढ़ियां याद रखेंगी। उनके जाने से उर्दू-साहित्य को निःसंदेह बड़ी क्षति हुई है। मुनव्वर उर्दू के बड़े शायर होते हुए भी अपने शेरों में अवधी और हिंदी जमकर प्रयोग करते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



कांग्रेस

उमेश चतुर्वेदी

# अस्तित्व नहीं, विरोध की ज्यादा चिंता

कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों। कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई।

कांग्रेस का अब तक का जो राजनीतिक रुख रहा है, उसके हिसाब से देखें तो राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा उसके सामने दो तरह की चुनौतियां लेकर आया था। कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों से पहले कांग्रेस के सामने पहली चुनौती सांप्रदायिकता विरोध की अपनी राजनीति को बचाए रखना थी। कांग्रेसी नेतृत्व और उसके रणनीतिकार शायद ही इसे स्वीकार करें। लेकिन उसके सामने दूसरी चुनौती अपने अस्तित्व को बरकरार रखते हुए मजबूत बनाना रही। तटस्थ नजरिए से देखें तो कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों। दरअसल, कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। पता नहीं कांग्रेसी रणनीतिकार इसे स्वीकार करते हैं या नहीं, लेकिन यह भी सच है कि कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई। जिस उत्तर प्रदेश से उसका केंद्रीय नेतृत्व जुड़ा हुआ है, उसी उत्तर प्रदेश की 80 में से सिर्फ एक सीट कांग्रेस के कब्जे में है। राज्य की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस के महज दो ही विधायक हैं। उत्तर प्रदेश से सटे बिहार की चालीस लोकसभा सीटों में से पार्टी के पास सिर्फ एक ही सांसद है, जबकि 243 सदस्यीय विधानसभा में 19 विधायक हैं। वैसे इन विधायकों की संख्या के पीछे राज्य में उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल का साथ है। इसी तरह झारखंड में भी कांग्रेस का एक ही सांसद है, 82 सदस्यीय विधानसभा में उसके 18 विधायक हैं। इसमें उसके सहयोगी दलों का हाथ है।

राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर भारत में कांग्रेस का अस्तित्व लगातार छीजता चला गया। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि कांग्रेस राममंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर एक तरह से अपने अस्तित्व पर आए संकट को टालने की कोशिश करेगी। लेकिन उसने अस्तित्व बचाने की कोशिश की बजाय कथित सांप्रदायिकता विरोध की ही राह को चुना है। हालांकि कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व ऐसा नहीं चाहता था। कांग्रेसी विधायकों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बजाय किसी और दिन राम मंदिर जाने का बाकायदा ऐलान भी कर रखा है। कांग्रेसी नेता भी अब गाहे-बगाहे बोलने लगे हैं कि राम किसी एक के नहीं हैं, बल्कि सबके हैं। साफ है कि स्थानीय नेतृत्व राममंदिर आंदोलन से साथ अलग हुए सवर्ण वोटरों के एक तबके के साथ अपना रिश्ता जोड़ना चाहता है, लेकिन कांग्रेसी आलाकमान और उनके सलाहकारों को शायद यह पसंद नहीं आ रहा है।



यह नहीं भूलना चाहिए कि राममंदिर को लेकर भले ही आंदोलन सैकड़ों वर्षों से चल रहा हो,लेकिन उसे गति विवादित ढांचे का ताला खुलवाने के बाद ही मिली। राजीव गांधी के निर्देश पर नवंबर 1989 में तब के विवादित ढांचे का ताला खोला गया था और नौ नवंबर को प्रतीकात्मक शिलान्यास हुआ था। उन दिनों शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने वाली संसदीय कार्रवाई के बाद राजीव सरकार अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों का सामना कर रही थी। उसके ही अपने कद्दावर मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था, जिससे अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों को बल ही मिला था। कुछ वक्त बाद चूंकि आम चुनाव होने थे, लिहाजा आरोपों को थामने और हिदुवादी वोटरों का साथ पाने के लिए राजीव सरकार ने शिलान्यास का फैसला लिया। कांग्रेस का वह दांव उलटा रहा। ना उसे माया मिली और न राम। मुस्लिम वोटर लगातार समाजवादी खेमे की ओर झुकते चले गए और सवर्ण हिंदू वोट बैंक भी उससे दूर होता ही गया था।

राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यकवाद की राजनीति को उत्तर भारतीय वोटरों के बीच जवाब देने का मौका हो सकता था। कांग्रेस समारोह में शामिल होकर यह कह सकती थी कि राम सबके हैं। किसी एक दल विशेष के नहीं। उसके इस कदम से उलटे भाजपा की सांसत बढ़ सकती थी। भाजपा के पास यह भी कहने को मौका होता कि जिस कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था, उसे भी राम की शरण में आना पड़ा है। वैसे राजनीति में ऐसी बातें होती रहती हैं। असल खेल वोटरों के सामने अपनी अहमियत साबित करना होता है। कांग्रेस चाहती तो वह इस मौके का इस नजरिए से इस्तेमाल कर सकती थी।

कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में न जाने का फैसला करके एक तरह से धारा के खिलाफ जाने का काम किया है। धारा के विरोध में कुशल तैराक ही तैर पाता है पर अभी कांग्रेस की जैसी हालत है, उसे कुशल तैराक नहीं माना जा सकता। उसकी तैराकी की ज्यादातर कोशिशें नाकाम हो रही हैं। इसलिए धारा के खिलाफ इस बार का उसके तैरने को समझदारी नहीं मानी जा सकती। बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में ही जीत मिली। इस चुनावी प्रदर्शन के बाद जिस तरह का नैरेटिव पार्टी ने पेश किया, उससे ऐसा लगता है कि उसे उत्तर भारत से ज्यादा उम्मीद नहीं है। तेलंगाना विंध्य पर्वतमाला से दक्षिणी इलाके में पड़ता है। कुछ महीने पहले विंध्य के ही दक्षिण में स्थित कर्नाटक में कांग्रेस को जीत मिली थी। तेलंगाना की जीत के बाद कांग्रेस ने विचार दिया कि उत्तर भारत के वोटर जहां सांप्रदायिकता के आधार पर वोटिंग करते हैं, वहीं दक्षिण के वोटर मुद्दों पर मतदान करते हैं। दक्षिण के दोनों राज्यों में अपनी जीत को कांग्रेस गैर सांप्रदायिक मुद्दों की जीत मानती है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार करके एक तरह से दक्षिण के किले को मजबूत करने की कोशिश में है। कांग्रेस शायद मान चुकी है कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के बरक्स समाजवादी राजनीति खड़ी है, वहां उसका थोड़ा-बहुत अस्तित्व बचा भी रहेगा, तो उसकी वजह स्थानीय दल ही रहेंगे। कांग्रेस व समाजवादी धड़े के दलों का मत आधार कम से कम उत्तर भारत में एक ही है। इनमें मुस्लिम वोटर अहम भूमिका में हैं। कांग्रेस इन वोटरों को ना खुद खोना चाहती है और न ही इंडी गठबंधन में उसके साथ शामिल दूसरे दलों को भी सांसत में डालना चाहती है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण अखिलेश यादव भी ठुकरा चुके हैं। वैसे भी उन्हें अपने वोटबैंक को लेकर कोई कशमकश नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## ज्ञान का अभिषेक




संकलित

दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। - श्रीश्री रविशंकर

## अच्छे कार्य करने से गुरु अपने शिष्य को कभी न रोके



संकलित

प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा।

राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## सटाका




## आज की पाती


### ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी

11 जनवरी से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ष 1989 से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के नियमों के पालन करने के लिए जागरूक करना है। इस वर्ष के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम है, 'सड़क सुरक्षा नायक बनें'। अर्थात हमें खुद तो सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक होना चाहिए ही, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करना भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। -परेश सिंहा, दुर्ग

## करंट अफेयर

### उ. कोरिया का हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण का दावा

उत्तर कोरिया ने सोमवार को दावा किया कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की एक नयी हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है जो क्षेत्र में अमेरिका के दूरस्थ ठिकानों पर हमला कर सकती है।




उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया में यह खबर तब आयी है जब एक दिन पहले दक्षिण कोरिया और जापान की सेना ने उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के समीप एक स्थान से मिसाइल दागे जाने का दावा किया था। इससे दो महीने पहले उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की नयी मिसाइल के इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो गुआम और जापान में अमेरिकी सेना के ठिकानों को निशाना बनाने वाले हथियारों को विकसित करने के उसके कदमों को दिखाता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि रविवार को किए परीक्षण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस ईंधन चालित इंजनों की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक विस्फोटक की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। उसने परीक्षण को सफल बताया। केसीएनए ने यह नहीं बताया कि क्या उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन परीक्षण स्थल पर मौजूद थे।

## ऑफ बीट

### होता कुछ है, देखते कुछ हैं भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम



अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवत: हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

## ट्रेंड

### अच्छी बातचीत



रूसी राष्ट्रपति पुतिन से अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में विभिन्न सकारात्मक विकासों पर चर्चा की और भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मेरा फेक वीडियो



मेरा वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है। आप सब से विनती है के ऐसे वीडियो या एप या विज्ञापन आपको अगर नजर आए तो उन्हें तुरंत रिपोर्ट करें।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### राजनीतिक लाभ



रामलला के मंदिर निर्माण की मांग 1984 तक न आरएसएस, न जनसंघ और न ही भाजपा ने सोची। जब भाजपा ने 1984 के लोकसभा चुनाव में 2 सीटें जीती तब उन्होंने बाबरी मस्जिद राम मंदिर का लाभ राजनीतिक लाभ के लिए उठाया।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### प्रतीक्षित सौभाग्य



दस दिन से निरंतर यात्रा में हूं। हर्षित हूं कि अयोध्या में शताब्दियों से प्रतीक्षित सौभाग्य पल का सम्पूर्ण विश्व साक्षी होगा। इक्कीस जनवरी को अयोध्या जी में ही अपने अपने राम से मेरे राघवेंद्र के गुण स्तवन का सौभाग्य भी मुझ अकिंचन को प्राप्त होगा।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

भोपाल के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

# कार्निवाल के प्लेटफार्म पर प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा, पेपर परिधानों ने सभी का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

एसएचआईएम 'कार्निवाल' ने अपने 9वें वर्ष में टैलेंट का इंद्रधनुषी रूप देखने को मिला। रंगोली में सांस्कृतिक विविधता का संदेश जब उकेरा गया, तो निर्णायकों ने प्रतियोगियों की तारीफों के पुल बांध दिए। ट्रेडिशनल वॉक में विशाल मंच पर रॉयल वॉक थीम पर आधारित प्रस्तुति देना हो या ऐड-मैड शो में क्रिएटिविटी के द्वारा विज्ञापन बनाना हो, सभी का अनुभव अविस्मरणीय था।

एक तरफ जहां पेपर ड्रेस में विभिन्न अलग-अलग परिधानों को आकार दिया जा रहा था, वहीं पर



मेहंदी एवं टैटू प्रतियोगिता में एकाग्रता देखने को मिला। टैलेंट हंट में गायन, कविता एवं अन्य कई हुनर का प्रदर्शन हो रहा था, वहीं पर मैनेजमेंट क्विज में रैपिड फायर राउंड में सभी टीम के चेहरे पर बेचैनी की झलक थी। अपने इनोवेटिव आइडिया को रूप देते नजर आए, प्रतिभागियों का उत्साह बिजनेस प्लान में देखते ही बनता था। ये सभी नजारे दिखे मैनेजमेंट एवं कल्चरल फेस्ट कार्निवाल में देखने को मिले। कार्निवाल में भोपाल एवं अन्य शहरों के विभिन्न कॉलेज से आए छात्रों ने 13 से ज्यादा इवेंट्स में जोर-शोर से भाग लिया।




### विजेताओं को 1 लाख से अधिक मूल्य का दिया पुरस्कार

कार्निवाल का विशेष आकर्षण क्रिशानु घोष का बैंड परफॉर्मेंस था, जिसने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी डॉ. आशीष ठाकुर ने कार्निवल के सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुल 1 लाख से अधिक मूल्य के पुरस्कार प्रदान किए। सबसे अधिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतने पर आईपर पीजी कॉलेज को ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी एवं वीएनएसएमबीए कॉलेज को रनर-अप ट्रॉफी प्रदान की।

**खबर संक्षेप**

### हितेश कुमार के सिविल जज बनने पर स्वागत

**भोपाल।** राजधानी के प्रसिद्ध अधिवक्ता और अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र कुमार वलेजा के बेटे हितेश कुमार वलेजा का चयन छत्तीसगढ़ सिविल सेवा में सिविल जज के पद पर हो गया है। हितेश कुमार वलेजा का चयन होने पर जिला बार एसोसिएशन के निवृतमान अध्यक्ष पीसी कोठारी, नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक खरे, जिला बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी रवीन्द्र तिवारी, जिला बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी खालिद हफीज, अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के राष्ट्रीय संरक्षक रवींद्र स्थापक और कैलाश गौतम, माधव मालवीय सहित अनेक वकीलों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चंद्र कुमार वलेजा और हितेश कुमार वलेजा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया है।

### युवा मोर्चा ने कराया नमो एप डाउनलोड



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मंडल के शैक्षणिक संस्थान 'रघु कोचिंग क्लासेस' में विद्यार्थियों को नमो एप डाउनलोड करवाकर 'विकसित भारत एम्बेसडर' बनने के लिए प्रेरित किया। मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम खटीक ने बताया कि नमो एप डाउनलोड कर 100 डे चेलेंज में भाग लेकर पीएम मोदी से मिलने के मौके को लेकर अपने विचार रखे।

### राजेंद्र नागर बने विधायक प्रतिनिधि

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में भाजपा के युवा नेता, समाजसेवी डॉ. राजेंद्र नागर इटाया कला को जिला स्वास्थ्य समिति व स्वास्थ सेवाओं के लिए विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। जानकारी अनुसार भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने राजेन्द्र नागर की नियुक्ति की है। राजेंद्र नागर के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जीवन सिंह पाल, विनोद जैन सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।



### सलकनी में प्रधानमंत्री से आज सीधे जुड़ेगी जनता

**औबेदुल्लागंज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को औबेदुल्लागंज विकासखंड के ग्राम सलाकनी पहुंचेगी। जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से सीधे संवाद करेंगे, जिसका लाइव प्रसारण किया जाएगा। यात्रा में क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा पहुंचेंगे, साथी विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी उपस्थित रहेंगे। मालूम हो कि क्षेत्र में विकास संकल्प यात्रा, सुचारू रूप से चल रही है। इसमें शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी विभिन्न योजनाओं से मिलने वाले पात्र हितग्राहियों का सम्मान, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा हैं।

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित विजय नगर लालघाटी में हुई वारदात

# बैंक से रिटायर्ड एजीएम के सूने मकान से नगदी समेत 20 लाख रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित विजय नगर लालघाटी में बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड एजीएम के सूने मकान से बदमाश 4 लाख की नगदी समेत 285 ग्राम सोने के जेवरात चुराकर ले गए। बदमाशों ने घर में रखे कुछ चांदी के सिक्के भी चोरी किए हैं। नकबजन इतने शातिर थे कि सेंट्रल लॉक काटने के लिए गैस कटर भी लेकर आए थे। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद तो हुई, लेकिन नकबजन अपने साथ डीबीआर भी चुराकर ले गए हैं। पुलिस ने रिटायर्ड एजीएम की शिकायत पर नकबजनी का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार विजय नगर लालघाटी निवासी 60 साल के शैलेन्द्र श्रीवास्तव, बैंक ऑफ इंडिया से एजीएम के पद से रिटायर्ड हैं। 12 जनवरी की सुबह करीब सवा 6 बजे वह परिवार के साथ छोटे बेटे को लेने अहमदाबाद गए थे। उनका बेटा वहां नौकरी करता है। परिवार बाय रोड गया था। रविवार शाम परिवार अहमदाबाद से लौटा तो पता चला कि सेंट्रल लॉक कट चुका है। वे अंदर पहुंचे तो घर की सभी लाइट जल रही थीं। बदमाश घर में रखी तीन अलमारियों का सामान बाहर बिखराते हुए ऊपर वाले कमरे में पहुंचे थे। चोरों ने वहां पलंग के नीचे रखे बाक्स का कुंदा तोड़ लिया था। शैलेंद्र ने बॉक्स में सोने-चांदी के जेवरात व सोने व चांदी के सिक्के और नगदी चार लाख रुपए रखी थी, जो नकबजनों ने चुरा ली। बदमाश अपने साथ लाए गैस कटर को मौके पर ही छोड़कर गए हैं। बदमाश उनके घर से करीब बीस लाख रुपए का माल चुराकर ले गए हैं।

**बेटे को लेने अहमदाबाद गए थे,चोरों ने लॉक तोड़कर घर में की पार्टी**



### पड़ोस में रहते हैं डॉक्टर

घटना की जानकारी शैलेंद्र ने कोहेफिजा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोहेफिजा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले डॉक्टर सहगल के घर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। फुटेज में मंकीकैप पहने संदिग्ध नजर आए हैं। पुलिस ने एफएसएल और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से घटनास्थल का निरीक्षण कराया है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट द्वारा कुछ फिंगर प्रिंट भी कलेक्ट किए गए हैं। शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ समय पहले उनके पिता का निधन हुआ था। वह शासकीय विभाग में शिक्षक थे। पिता के पास की नगद राशि को उन्होंने उनकी निशानी समझकर पुराने संदूक में रख दिया था।

### किचन में रखी मिठाई और अन्य सामान खाया

शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि किचन में सभी बर्तन साफ थे, लेकिन किचन में देखने पर पता चला कि आरोपियों ने फ्रिज से मिठाइयों और फल भी खाएं हैं। पुलिस ने पड़ोसी डॉक्टर सहगल के घर के कैमरे चेक किए तो पता चला कि बदमाश रात करीब दो बजे के आसपास घर में घुसे थे। पुलिस का संदेह है कि मंकी कैप पहना एक संदिग्ध पुराना बदमाश है। वह हाल ही में जेल से छूटकर आया है।

**कोतवाली की इलेक्ट्रॉनिक टॉयज की दुकान में वारदात**

## कैमरे का डायरेक्शन बदलकर चोरी, दुकान में लगाई आग

**भोपाल।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित इतवारा रोड पर इलेक्ट्रॉनिक टॉयज की दुकान में बदमाशों ने पहले सीसीटीवी कैमरे का डायरेक्शन बदला फिर चोरी करने के बाद दुकान में आग लगाकर फरार हो गए। आगजनी में दुकान में रखा काफी सारा सामान जलकर खाक हुआ है। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि यह वारदात नकबजनी की है। पुलिस के अनुसार नीलकंठ कॉलोनी ईदगाह हिल्स निवासी जगदीश सिसोदिया (57) की इतवारा, रोड कोतवाली में मकान है। मकान में ही वे इलेक्ट्रॉनिक टॉयज की दुकान का संचालन करते हैं। कुछ समय पहले परिवार यहां से ईदगाह हिल्स रहने चला गया था। जगदीश को 6 जनवरी की सुबह करीब 6 बजे दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। वे दुकान पहुंचे और फायर ब्रिगेड की दमकलों की मदद से आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने उक्त मामले में आगजनी का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो पता चला कि एक बदमाश दुकान में घुसा था और कैमरे का डायरेक्शन बदलने के बाद चोरी की। वह दुकान से वीडियो गेम व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चुराकर ले गया है। इसके बाद दुकान में आग लगाई गई।



## कार डेकोरेटर पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद पुलिस ने कार डेकोरेटर और परिजन पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को आरोपियों का जुलूस भी निकाला गया और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

▶ पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार, जुलूस निकालकर कोर्ट में किया पेश

पुलिस के अनुसार ओल्ड सैफिया कॉलेज निवासी 60 साल के मोहम्मद नफीस उर्फ पप्पू की बीएस कार सीट कवर नाम से कार डेकोरेशन की दुकान है। उनके बेटे नासिर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने छोटे भाई फहीम और पिता नफीस के साथ शनिवार शाम दुकान पर थे। इस बीच टीला जमालपुरा निवासी इमरान कार लेकर पहुंचा। उसने कार में साउंड सिस्टम लगाने के लिए कहा। नफीस ने कहा कि पहले आए ग्राहकों की गाड़ियों में काम चल रहा है थोड़ा समय लगेगा। इस बात पर विवाद हो गया। रात करीब 9 बजे वह अपने अन्य साथियों के साथ फिर नफीस की दुकान पर पहुंचा था। उसके और साथियों के हाथ में तलवार समेत रॉड थी।

### नासिर के सिर में चोट, 25 टांके आए

गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने नफीस और उसके परिवार के साथ मारपीट की। इस बीच आरोपियों ने नासिर के सिर में तलवार मार दी। उनके सिर में 25 टांके आए हैं। इस मारपीट और तलवार बाजी में उनके बेटों को भी चोट आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी इमरान (32) कांग्रेस नगर थाना टीलाजमालपुरा, समीरउद्दीन (27) कबीटपुरा थाना टीलाजमालपुरा और मोहम्मद वसीम (45) काले खां मस्जिद के पास बुधवारा थाना तलैया को गिरफ्तार कर उनके पास से तलवार बरामद की है।

**एक्सीडेंट के दो माह बाद दर्ज कराया केस**

## झूठी एफआईआर पर कोर्ट ने खारिज किया क्लेम प्रकरण

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

एक्सीडेंट के दो के माह बाद पुलिस थाना में कराई गई एफआईआर को झूठी पाते हुए न्यायाधीश अमित रंजन समाधिया ने क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किए गए क्लेम के प्रकरण को खारिज कर दिया। मामले के अनुसार 10 दिसंबर 2012 को दोपहर 2 बजे मुंगावली जिला अशोक नगर में कमला बाई नामक महिला को हैंड पंप पर पानी भरने के दौरान अज्ञात जीप वाहन ने टक्कर मार दी थी। परिजन कमला बाई को अस्पताल ले गए थे।

अस्पताल में परिजनों ने बताया था कि अज्ञात जीप ने उन्हें टक्कर मारी है। इलाज के दौरान कमला बाई की मौत हो गईं थी। एक्सीडेंट के दो माह के बाद परिजनों ने पुलिस थाना मुंगावली में कमला बाई को डंपर द्वारा टक्कर मारने की बात बताकर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए क्लेम का प्रकरण अदालत में प्रस्तुत किया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान डंपर की बीमा कंपनी श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के लीगल अधिकारी भवानी शंकर की ओर से कहा गया कि आवेदक पक्ष ने एक्सीडेंट के दिन अस्पताल में अज्ञात जीप द्वारा कमला बाई को टक्कर मारने की बात बताई गई है जोकि ईलाज के पर्चों में लिखी हुई है। एक्सीडेंट के दो माह के बाद परिजनों द्वारा पुलिस थाना में कराई गई एफआईआर में टक्कर मारने वाले वाहन को डंपर बताया गया है।

### राजा भोज एयरपोर्ट पर नए एटीएम की सुविधा

**संतनगर।** भारतीय विमानन प्राधिकरण द्वारा यात्रियों को हवाई अड्डों से आरामदायक और संतोषजनक यात्रा प्रदान करने के लिए लगातार यात्री सुविधाओं को बढ़ाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को भोपाल हवाई अड्डे पर एक नए एटीएम काउंटर का उद्घाटन किया गया।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस एटीएम काउंटर को टर्मिनल भवन के बाहर प्रस्थान स्थल पर स्थित किया गया है। यह एक अग्रणी इंडसइंड बैंक द्वारा संचालित किया जाएगा। मालूम हो कि एयरपोर्ट पर पहले ही एटीएम की कई सुविधाएं हैं, लेकिन ये सभी मशीनें एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन के अंदर लगी हुई है, लेकिन सोमवार को नई मशीन का लोकार्पण हुआ है, वह टर्मिनल भवन के बाहर प्रस्थान गेट पर संचालित होगी।

**सभी मंदिरों के पुजारी, जनप्रतिनिधि की बैठक आयोजित**

## 22 तक होंगे कई धार्मिक कार्य, साफ-सफाई भजन-कीर्तन और सहयोग करने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नगर पालिका परिसर में सोमवार को सभी मंदिरों के पुजारी गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि की बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में विभिन्न आयोजनों, मंदिरों परिसर में साफ-सफाई से लेकर सुसज्जित करने, भंडारे, रैली, प्रभात फेरी, भजन-कीर्तन, मंदिरों में सुंदर कांड पाठ, अपने-अपने घरों, वार्ड और शहर को सजाने को लेकर रूपरेखा बनाई गई। सभी ने अपनी-अपनी स्तर पर सहयोग प्रदान करने और भव्यता देने की बात कही।



बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल भी शामिल हुई। इस मौके पर एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव ने कहा हम सभी सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे सामने यह सपना साकार हो रहा है। इसके हम साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने सभी मंदिर के पुजारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों से 22 जनवरी तक विभिन्न आयोजनों के विषय में चर्चा कर सभी को अपने-अपने स्तर पर इस महत्वपूर्ण कार्य में योगदान करने की अपील की। एसडीएम ने उपस्थित पुजारी और गणमान्य नागरिकों से कहां की मेरे घर पर आज से ही लाइट लग जाएगी, आप लोग भी अपने-अपने घरों पर विद्युत सजा-सज्जा कर दीप जलाना प्रारंभ कर दें।

### भगवान श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में उल्लास

**औबेदुल्लागंज।** नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे ने कहा कि भगवान श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर औबेदुल्लागंज सहित आसपास के ग्रीमण क्षेत्र में उल्लास का माहौल है। चौकसे ने कहा कि भक्ति और शक्ति के महोत्सव ने भक्तों के हृदय में श्री राम के प्रति भावनाओं का नया इतिहास बना है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को नगर परिषद क्षेत्र में पार्षदों के साथ गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम होंगे। वहीं भोजपुर क्षेत्र में विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा भगवान श्रीराम के स्वागत के लिए सभी जन तैयार हो जाएं। अयोध्या में श्री राम आ रहे हैं, होइहि सोइ जो राम रचि राखा।



**राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में भाग लेने वाले कार सेवकों ने बताई आपबीती**

# प्रदेश की बॉर्डर चाकघाट पर जब पुलिस ने रोका तो 150 किलोमीटर पैदल चल कर अध्योध्या पहुंचे कार सेवक

ऋषभ जैन ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर क्षेत्र औबेदुल्लागंज से राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में भाग लेने वाले कार सेवकों ने बताई आपबीती। उन्होंने बताया कि 1989 में कार सेवकों ने अयोध्या श्री राम मंदिर निर्माण के लिए 24 हजार ईट भेजी एवं 1992 में अशोक मित्तल और मिशा बंदी रामकिशोर शर्मा के साथ कई राम भक्ति अयोध्या पहुंचे।

▶ 24 घंटे में 30 किलोमीटर पैदल चलते और 7 घंटे सोते थे
▶ ग्रामीणों ने भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की

अशोक मित्तल, राम किशोर शर्मा ने बताया कि हम लोग जीप और कार से औबेदुल्लागंज से रवाना हुए और उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की बॉर्डर चाकघाट पहुंचे।





चाकघाट बैरियर पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने सारी कारों को रोक दिया, आगे नहीं जा सके। पुलिस ने जीपे और कारों को वापस कर दिया और पैदल जाने की इजाजत दी। इलाहाबाद से नैनी पैदल पहुंचे और धर्मशाला में रुके। जहां से अयोध्या लगभग 150 किलोमीटर कार सेवक पैदल चले। ग्रामीणों ने कार सेवकों की सेवा कर भोजन व्यवस्था और रात्रि में ठहरने की व्यवस्था की। कार सेवक 24 घंटे में 30 किलोमीटर पैदल चलते और 7 घंटे सोते थे।

### आडवाणी के समक्ष लिया था संकल्प

जगदीश भारद्वाज सेवक स्वर्गीय प्रेम नारायण तिवारी, स्वर्गीय मामा टेऊमल, स्वर्गीय बलराम तिवारी, स्वर्गीय मदन सोलंकी, स्वर्गीय नंदू चावला सहित राजू अग्रवाल, भारत राजपूत, रविंद्र विजयवर्गीय, भाजपा महामंत्री राजू पंडा, गिरीश मित्तल, बाबा तुलसीराम ईकलमा, मनमोहन गौर, जगदीश हाजली आदि कार सेवक 1992 में अयोध्या गए थे। 1989 में बीजेपी जन संघ के नेता पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की अयोध्या रथ यात्रा औबेदुल्लागंज आई थी, तब कार सेवकों ने संकल्प लिया था कि वे अयोध्या जाएंगे ।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार सेवकों में उत्साह

आज सभी कार सेवकों ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कर उन दिनों की घटनाओं को बयां की। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा होगी, इस बात को लेकर कार सेवकों में उत्साह है। आज उनका सपना साकार होता हुआ देख रहा है। कई कार सेवकों में हर्ष और आनंदित हैं कि आडवाणी की मेहनत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास और गारंटी से आज भव्य विशाल राम मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न होने जा रहा है।

## शराब के लिए अड़ीबाजी, रॉड से हमला, बाइक में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित सिंगार चोली के पास दो बदमाशों ने बाइक सवार युवक को रोक लिया और पांच सौ रुपए की अड़ीबाजी की। रुपए नहीं देने पर आरोपियों ने युवक से मारपीट की और रॉड से हमला कर दिया। बदमाश बाइक में तोड़फोड़ करते हुए फरार हुए है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार वरुण रजक पिता दुर्गाप्रसाद (21) सिंगारचोली, कोहेफिजा में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 14 जनवरी को उसकी छोटी बहन का जन्म दिन था। जन्मदिन पर उसके रिश्तेदार आए हुए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह अपने चाचा विजय को छोड़ने के लिए बाइक से निकला था। रात करीब 1 बजे सिंगारचोली में घर से थोड़ी ही दूर पहुंचे थे कि विक्की और शुभम मिल गए। दोनों ने रोकते हुए शराब के लिए 500 रुपए मांगा। वरुण ने कहा कि रुपए नहीं है तो शुभम भड़क गया और हाथ में रखी रॉड से हमला कर दिया। रॉड उसके कंधे पर लगी थी। इसके बाद शुभम के साथ मौजूद विक्की अपने हाथ में चाकू लेकर उसके पीछे दौड़ने लगा। विवाद होता देख वरुण की बहन आई तो आरोपियों ने उससे भी अभद्रता की। आरोपियों ने गुस्से में वरुण के चाचा विजय की बाइक में रॉड और पत्थर से तोड़फोड़ की है।

## प्रदेश के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता करेंगे दीवार लेखन

# जन-जन की आवाज, पीएम मोदी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी: विष्णुदत्त

**2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज**

**भाजपा ने शुरू किया दीवार लेखन अभियान**

*प्रदेश अध्यक्ष ने दीवार पर अपने हाथ से कमल का फूल बनाया, लिखा: ''एक बार फिर से मोदी सरकार''*

*दिल्ली से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, भोपाल से प्रदेश अध्यक्ष ने किया दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं से आज हर वर्ग खुश है, तो वहीं वैश्विक पटल पर भारत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। आज जन-जन के मन से एक ही आवाज निकलती है कि प्रधानमंत्री मोदी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है।

मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से मोदी सरकार प्रचण्ड बहुमत से बनकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जुटेगी। यह बात प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 15 जनवरी से देश भर में दीवार लेखन अभियान शुरू किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार नई दिल्ली से एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल में शिवाजी नगर के वार्ड क्रमांक 45, बूथ क्रमांक 159 से मध्यप्रदेश में दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने दीवार पर अपने हाथ से कमल का फूल बनाया और ''एक बार फिर से मोदी सरकार'' स्लोगन लिखा। इसके बाद् प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के जिलाध्यक्षों ने दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ किया।





### हनुमान मंदिर में दर्शन कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने दीवार लेखन के बाद शिवाजी नगर स्थित केसरी नंदन हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर दर्शन कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और प्रगति की कामना की। देश भर में मंदिरों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने हनुमान मंदिर परिसर में सफाई की। प्रदेश अध्यक्ष ने जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के आह्वान से जुड़कर अपने आसपास के मंदिरों में सफाई अभियान चलाए और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मंगल अवसर पर अपने निवास पर रामज्योति जलाकर उत्सव मनाएं।

## खबर संक्षेप

### श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास बैठक आज चित्रकूट में

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 16 जनवरी 2024 को ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट में श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास की पहली बैठक होगी। दोपहर 1.30 बजे से शुरू होने वाली बैठक में न्यास से संबंधित जानकारी, न्यास के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों का प्रस्तुतीकरण, जिसमें अमरकंटक में प्रस्तावित विकास कार्य, चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा पथ एवं अन्य प्रस्तावित कार्य, बृहस्पति कुंड तथा चित्रकूट के घाटों का विकास कार्यों का प्रस्तुतिकरण तथा लीला गुरुकुल प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण होगा।

### महिला-बाल विकास के पुरस्कारों के आवेदन 25 तक होंगे जमा

**भोपाल ।** महिला-बाल विकास विभाग ने नारी सशक्तिकरण के लिए समाज सेवा, महिला सुरक्षा के लिए वीरता तथा साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत, संस्थागत और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। विभाग ने वर्ष 2023 के इन पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। राज्य स्तरीय पुरस्कारों में 'रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार' के तहत वीरता के लिए एक लाख रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। समाज सेवा के लिए 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार', संस्था अथवा व्यक्ति की ओर से समाज सेवा के लिए 'विष्णु कुमार पुरस्कार' के लिए एक-एक लाख रुपए और प्रशास्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

## उज्जैन में सीएम ने दिए भव्य विक्रमोत्सव 2024 की तैयारियों के निर्देश

# विद्यार्थियों को दें विक्रमादित्य की न्यायप्रियता दानशीलता और शौर्य की जानकारी: डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में 8 मार्च से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विक्रमोत्सव 2024 के आयोजन की तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। महाराजा विक्रमोत्सव भव्य स्वरूप से आयोजित होगा। महाशिवरात्रि से वर्ष प्रतिपदा की अवधि में होने वाले विक्रमोत्सव में उज्जैन सहित निकटवर्ती जिलों के नागरिक भी शामिल होंगे। मेले में भारतीय सांस्कृतिक संबद्ध परिषद के सहयोग से भी ज्ञान और मनोरंजन के उद्देश्य से अनेक गतिविधियों का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में विक्रमोत्सव के व्यवस्थित और भव्य आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आगामी महीनों में उज्जैन में व्यापार मेला भी लगेगा, जिसमें विभिन्न सेक्टर में उत्पादों के विक्रय की व्यवस्था होगी। व्यापार मेले में विविध सांस्कृतिक आयोजन होंगे। बैठक में स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा और संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा की प्रस्तुत

*मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दानशीलता, उनके शौर्य और खगोल शास्त्र के ज्ञान से आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों को अवगत करवाया जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष विक्रमोत्सव के प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला और निदेशक महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ श्रीराम तिवारी ने विक्रमोत्सव के स्वरूप का विवरण दिया।*

### सम्राट के जीवन से परिचित करवाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न आयामों से परिचित करवाने वाली गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। प्रस्तुतियों के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के योगदान को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया जाए, जिससे आमजन और विद्यार्थी इससे पूरी तरह परिचित हो सकें।पौराणिक फिल्मों सहित सम्राट विक्रमादित्य, रानी दुर्गावती और रानी अवंतिबाई के शौर्य से संबंधित नाट्य मंचन किया जाए।*

### ये प्रस्तुतियां प्रस्तावित

बैठक में जानकारी दी गई कि विक्रम उत्सव 2024 में प्रदर्शनी, आर्ष भारत, पुनर्नवा उज्जयिनी, मुद्रा एवं मुद्रांक के साथ ही गायन, चौरासी महादेव प्रदर्शनी, हस्तशिल्प मेला, लेजर शो, ड्रोन शो, अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम, श्री कृष्ण लीलामृत, विभिन्न अंचलों के लोक नृत्य, बांसुरी वादन, भक्ति गायन, डांडिया रास, कथकली नृत्य, यक्षगान, मंदिरों में प्रभु श्रृंगार प्रतियोगिता, मूर्तिकला कार्यशाला प्रस्तावित है।

### वेधशाला के विद्यार्थियों के भ्रमण के आयोजन कराएं

*मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले में डोंगला स्थित वैधशाला के विद्यार्थियों के भ्रमण के साथ ही संवाद कार्यक्रम भी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को साइंस सिटी का अवलोकन करवाने और जून और जुलाई महीनों में अवकाश की अवधि के लिए शैक्षणिक भ्रमण के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाए। इसमें अकादमिक और गैर-अकादमिक गतिविधियों का संचालन करते हुए विषय-विशेषज्ञों को जोड़ा जाए। योग दिवस 21 जून के अवसर पर भी कार्यक्रम किए जाएं।*

### डॉ.यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह की बहन के निधन पर जताया दुःख

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की बहन श्रीमती राजेश्वरी बेन के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को शांति एवं अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।*

### सिंहस्थ-2028 कुंभ मेला भव्य, दिव्य और अलौकिक स्वरूप में मनाया जाएगा

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में अंकपात मार्ग स्थित श्रीराम मन्दिर में दर्शन कर गादीपति तुलसीदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने तुलसीदास महाराज का गादीपति बनने पर स्वागत-वन्दन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 कुंभ मेला भव्य, दिव्य और अलौकिक स्वरूप में मनाया जाएगा। सनातन धर्म की ध्वजा लहरा रही है। उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य ने हजारों साल पहले अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बनाया था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प से अयोध्या में भव्य मन्दिर का निर्माण होने पर श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिप्रा नदी में 2028 कुंभ मेले के पहले गन्दा पानी न मिले, इसकी पुख्ता कार्य योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने श्री चिन्तामन गणेश मन्दिर में भी पूजन-अर्चन कर दर्शन किए।*

**सहकारिता मंत्री ने मंत्रालय स्थित कक्ष में कार्यभार ग्रहण कर की समीक्षा**

## पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री शाह के विजन और 54 पहल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के विजन एवं 54-पहल के क्रियान्वयन कार्य समय-सीमा में सुनिश्चित हों। इसके लिए कार्यालय में एक अलग से डेस्क बनाए।

मंत्री सारंग ने आज मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा की। मंत्री सारंग ने विभाग के महत्वपूर्ण आयाम एवं नवाचारों पर कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने सहकारी संस्थाओं में बेहतर गवर्नेंस के लिये उपायों का निर्धारण एवं मॉनीटरिंग करने को कहा। उन्होंने विभागीय गतिविधियों में पारदर्शिता लाने के लिए तकनीकी का समावेश करने के निर्देश दिए। सारंग ने बैंकिंग व्यवस्था में वर्तमान स्थिति, चुनौतियों सहित भविष्य की कार्य-योजना पर भी चर्चा की। मंत्री सारंग ने सहकारिता चिंतन शिविर सहित सहकारिता में गुड कॉर्पोरेट गवर्नेंस व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

### मंत्री सारंग ने किया कार्यभार ग्रहण

*मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को मंत्रालय स्थित अपने कक्ष में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर गणमान्य नागरिक, शुभचिंतक सहित उनके इष्ट-मित्रों ने भी बधाई दी।*

### इंटरनेट बैंकिंग और आरटीजीएस लागू हो

*उन्होंने सहकारी बैंक में इंटरनेट बैंकिंग आरटीजीएस को लागू करने को भी कहा। मंत्री सारंग ने ग्रामीण व्यवसाय को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक विकसित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं को रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने को भी कहा। केन्द्र की योजनाओं पर मप्र की पहल की स्थिति का प्रजेंटेशन दिया गया, जिस पर आवश्यक दिशा-निर्देश मंत्री सारंग ने दिए।*

## ओबीसी फ्रंट प्रदेशभर में निकालेगा पिछड़ा अधिकार यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र सहित देश के लगभग सभी राज्यों में पिछड़ा वर्ग की सबसे अधिक आबादी है। फिर भी विधानसभा हो या लोकसभा में ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व सिर्फ 25 से 30 प्रतिशत ही होता है। जिस प्रकार एससी,एसटी के भाइयों को उनकी संख्या के अनुपात में दोनों सदनों में सीटें आरक्षित की जाती है। वैसे ही ओबीसी वर्ग के लिए भी सीटें आरक्षित की जानी चाहिए। यह बात प्रदेश संयोजक दामोदर यादव ने कही। दतिया पीताम्बरा पीठ से 28 जनवरी से पिछड़ा अधिकार यात्रा निकाली जा रही है, जो पहले चरण में ग्वालियर चंबल की 20 विधानसभा क्षेत्रों में किसान सभायें एवं ओबीसी सम्मेलन करेंगी।




### सीएम का खास मंत्री कौन?

नई सरकार बनने के बाद मंत्रियों को लेकर कई तरह की चर्चा होती है। कुछ हाई प्रोफाइल मंत्री होते हैं तो कुछ लो प्रोफाइल। इस समय खोज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सबसे खास मंत्री की हो रही है। एक महीने की मोहन सरकार में कैलाश विजयवर्गीय हाई प्रोफाइल मंत्री बनकर उभरे हैं। उन्हें उनकी पसंद का नगरीय प्रशासन विभाग मिला है। वे संसदीय कार्यमंत्री भी है, इस नाते सरकार के प्रवक्ता भी। वे अपेक्षाकृत सबसे ज्यादा सक्रिय भी दिख रहे हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा, राकेश सिंह और प्रहलाद पटेल भी ताकतवर मंत्री हैं। अब मुख्यमंत्री का सबसे खास मंत्री कौन बनता है, राजनीतिक हलकों में उस चेहरे का इंतजार है।

### गोपाल- भूपेंद्र के उपयोग की तैयारी

बुंदेलखंड के सागर जिले के दिग्गज नेता गोपाल भार्गव और भूपेंद्र सिंह इस बार राज्य मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए गए, लेकिन भाजपा नेतृत्व इन्हें महत्वपूर्ण भूमिका में लाने की तैयारी में है। टीकमगढ़ से सांसद और केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार का टिकट इस बार कट सकता है। सागर सांसद राजबहादुर सिंह को भी शायद ही फिर टिकट मिले। ऐसे में पार्टी नेतृत्व गोपाल और भूपेंद्र का उपयोग कर सकता है। भूपेंद्र को दिल्ली बुलाया गया है। भूपेंद्र को बुंदेलखंड की चारों लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी बनाया जा सकता है। दूसरी तैयारी गोपाल भार्गव को लोकसभा का चुनाव लड़ाने की बताई जा रही है।

### मंत्रियों के स्टाफ पर संघ व संगठन की नजर

मंत्री प्रहलाद पटेल के मामले से पहली बार पता चला कि मंत्री की जानकारी के बिना भी स्टाफ की नियुक्ति हो जाती है। इस एक मामले की वजह से अब मंत्री खुद अपने स्टाफ को लेकर सतर्क हो गए हैं। स्टाफ की सिफारिश में वे फूंक-फूंक कर कदम रखने लगे हैं। सबसे ज्यादा चौकन्ना हुआ है आरएसएस और भाजपा संगठन। तय हुआ है कि मंत्री स्टाफ में नियुक्ति पाने वाले अधिकारी-कर्मचारी की कुंडली पहले संघ देखेगा। उसकी हरी झंडी के बाद ही संबंधित को मंत्री के स्टाफ में पदस्थ किया जाएगा। संघ एक स्वयंसेवक हर मंत्री के स्टाफ में पदस्थ करने की तैयारी में है, ताकि उसके पास हर मंत्री के कामकाज का फीडबैक रहे।

### कांग्रेस का डैमेज कंट्रोल की दिशा में कदम

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बयान डैमेज कंट्रोल की दिशा में कदम माने जा रहे हैं। कमलनाथ ने पहले ही कह दिया था कि भगवान राम और अयोध्या पर भाजपा का पट्टा नहीं है। वे बाद में भगवान राम के दर्शन करने जाएंगे। इसके बाद जीतू पटवारी ने कहा है कि जैसे ही मंदिर का पूर्ण निर्माण हो जाएगा, हम लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जाकर भगवान राम के दर्शन करेंगे। कांग्रेस नेतृत्व भी अयोध्या और भगवान राम के मसले पर पार्टी लाइन से अलग हटकर बोलने वाले किसी नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। पार्टी इस मसले पर हर कदम सतर्कता से आगे बढ़ाती दिख रही है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

## श्रीरामकथा गंगा कार्यक्रम में सुनें भारत की विभिन्न भाषाओं में रचित रामकथा

**15 से 22 जनवरी तक रेडियो आजाद हिन्द पर श्रीराम कथा गंगा**

**मलयालम भाषा की अध्यात्म रामायण से हुई शुरूआत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र के नागरिक विभिन्न भारतीय भाषाओं में रचित रामकथा का हिन्दी रूपांतरण रेडियो आजाद हिन्द एफएम 90.8 पर सुन सकते हैं। प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य, पवित्र और ऐतिहासिक अवसर पर रेडियो आजाद हिन्द में श्रीरामकथा गंगा/" की विशेष प्रस्तुति की जा रही है। यह प्रसारण सुबह 9 तथा शाम 7 बजे किया जा रहा है। पन्द्रह जनवरी से शुरू हुए इस प्रस्तुति में मंगलवार 16 जनवरी को मराठी भाषा की भावार्थ रामायण का हिन्दी रूपांतरण, 17 जनवरी को चकबस्त की उर्दू रामायण, 18 जनवरी को कंबन की तमिल रामायण, 19 जनवरी को बांग्ला भाषा की कृतिवास रचित श्रीराम पंचाली के हिन्दी रूपांतरण की प्रस्तुति दी जाएगी। असमिया भाषा की माधव कंदली रामकथा का हिन्दी रूपांतरण 20 जनवरी को प्रसारित किया जाएगा, 21 जनवरी को तेलगू भाषा की रंगनाथ, द्विपद रामायण और 22 जनवरी को कन्नड़ भाषा तोरवे रामायण के हिन्दी रूपांतरण का प्रसारण किया जाएगा।

## पीएम मोदी से कमलनाथ की मुलाकात की अटकलें सिर्फ अफवाह

**पूर्व सीएम के मीडिया सलाहकार ने कहा-यह साजिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पूर्व सीएम कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि सोशल मीडिया पर षडयंत्रपूर्वक इस तरह की अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा है और वे 21 जनवरी को प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। यह खबर पूरी तरह षड्यंत्रकारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कमलनाथ न तो प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे हैं और ना ही उन्होंने मिलने के लिए समय मांगा है। उन्होंने लिखा कि वे 21 जनवरी को दिल्ली में भी नहीं है। बबेले ने लिखा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संगठित साजिश के तहत पिछले कुछ दिन से लगातार झूठी और बेबुनियाद अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इस तरह की हरकतें अत्यंत निंदनीय हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस आलाकमान ने पीढ़ी परिवर्तन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद से कमलनाथ को हटा कर जीतू पटवारी को कमान सौंप दी है। इसको लेकर चर्चा चली कि कमलनाथ को बिना बताए पद से हटा दिया गया। इससे पहले केंद्रीय नेताओं की विधानसभा चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक में भी कमलनाथ शामिल नहीं हुए थे। वे छिंदवाड़ा में थे।

**केंद्रीय संस्कृत विवि में भारतीय मनोविज्ञान कार्यशाला एवं इग्नू अध्ययन केंद्र शुरू**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने गुलामी की बेड़ियों को तोड़: परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 6 दिवसीय भारतीय मनोविज्ञान कार्यशाला एवं इंदिरा गांधी मुक्त विवि अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया। संस्कृत विवि के भोपाल परिसर में स्थापित होने जा रहे इग्नू के अध्ययन केंद्र का शुभारंभ केंद्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. माधवी गोडबोले प्राचार्य स्कूल ऑफ़ वैदिक साइंस एमआईटी आर्ट डिजाइन एंड तकनीकी विवि पुणे तथा डा. विनी थॉमस वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक इग्नू उपस्थित रहीं। संस्कृत विवि के निदेशक प्रोण रमाकांत पांडेय भी उपस्थित रहे।

### खास बातें

- 6 दिवसीय होगी कार्यशाला
- मंत्री इंदर सिंह ने की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना
- भारतीय ज्ञान परंपरा में ही मनस को माना जाता है पाश्चात्य में नहीं

### भारतीय शिक्षा से शरीर, प्राण, बुद्धि तथा आत्मा का विकास

*मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार ने कहा कि हमें हमारी शिक्षा परंपरा पर गर्व करना चाहिए तथा हमारी जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनी है, उसने वर्षों पुरानी गुलामी की बेडियों को तोड़ा है, जो स्वतंत्रता के समय ही हो जाना चाहिए। भारतीय शिक्षा व्यक्ति के शरीर, प्राण, बुद्धि तथा आत्मा का विकास करती है। प्रो श्रीनिवास बरखेड़ी कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में ही मनस को माना जाता है पाश्चात्य में नहीं। आज दुनिया में मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं जिनका समाधान केवल भारतीय ज्ञान परंपरा में ही मिल सकता है।*





## सात दिन चलेगा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

- **16** जनवरी प्रायश्चित,दशविध स्नान,विष्णु पूजन,गोदान
- **17** जनवरी शोभा यात्रा,सरयू का जल मंदिर पहुंचेगा
- **18** जनवरी गणेश अंबिका पूजन,वास्तु पूजन
- **19** जनवरी अग्नि और नवग्रह स्थापना,हवन
- **20** जनवरी गर्भगृह को सरयू के जल से धोना
- **21** जनवरी 125 कलश से मूर्ति का दिव्य स्नान

## चयनित मूर्ति की 9 विशेषताएं

- श्याम शिला की आयु हजारों साल होती है, यह जल रोधी होती है।
- चंदन, रोली आदि लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी।
- पैर की अंगुली से ललाट तक रामलला की मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच है।
- चयनित मूर्ति का वजन करीब 150 से 200 किलो है।
- मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल होगा।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर आज से शुरू होगी पूजन विधि

**150 से 200 किलोग्राम है प्रतिमा का वजन**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि समारोह को लेकर पूजन विधि आज से प्रारंभ हो होगी। राय ने कहा कि पूजन 21 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होकर 1 बजे तक पूरी हो जाएगी. इसको लेकर प्लानिंग की जा रही है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे कहा कि राम भगवान की प्रतिमा 150 से 200 किलोग्राम की है।



चंपत राय

**अरुण मूर्तियां बना चुके हैं**

- केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा
- मैसूर में स्वामी रामकृष्ण परमहंस की प्रतिमा
- मैसूर के राजा की 14.5 फीट ऊंची सफेद अमृत शिला प्रतिमा
- मैसूर के चुंचनकट्टे में हनुमान जी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा
- संविधान निर्माता डॉ.बीआर आंबेडकर की 15 फीट ऊंची प्रतिमा

### प्राण-प्रतिष्ठा से पहले देश में होगा एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश में अर्थव्यवस्था को पंख लग गए हैं। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश में एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया है कि 22 जनवरी से पहले देश भर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**देश में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान**

खंडेलवाल के मुताबिक अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते देशभर में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पहले कैट ने 50 हजार करोड़ रुपए का व्यापार का अनुमान लगाया था, लेकिन जिस प्रकार से दिल्ली सहित देशभर के लोगों में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जबरदस्त उत्साह है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि देश में एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए कैट ने देश के 30 शहरों से प्राप्त फीडबैक को आधार बनाया है। कैट ने पूर्व अनुमान को संशोधित करते हुए कहा, मंदिर के इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में उछाल का आंकड़ा, एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार को पार करेगा।



### ये हस्तियां होंगी शामिल

दरअसल, 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह है। इसमें विभिन्न क्षेत्र से आने वाली हस्तियां भी शामिल होगी। चंपत राय ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत अपने मनोभाव प्रकट करेंगे।

### अरुण योगीराज ने बनाई प्रतिमा

चंपत राय ने बताया कि मैसूरु के अरुण योगीराज की बनाई गई रामलला की नई प्रतिमा को राम मंदिर में स्थापित करने के लिए चुना गया है। रामलला की वर्तमान प्रतिमा भी नए राम मंदिर में रखी जाएगी। 23 जनवरी से राम मंदिर में भगवान राम के दर्शन कर सकेंगे।

### पुरानी मूर्ति का क्या होगा?

चंपत राय ने बताया कि पुरानी मूर्ति मंदिर परिसर में ही रहेगी। दरअसल, इसको लेकर सवाल पूछा जा रहा था कि इतने दिनों तक जिस मूर्ति का पूजा किया जा रहा था उसका क्या होगा? क्यों नहीं उसी मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया जाए।



## खबर संक्षेप

### विधानसभाओं में आप कराएगी सुंदरकांड

**नई दिल्ली।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले आम आदमी पार्टी दिल्ली की सभी विधानसभाओं में सुंदरकांड का आयोजन करेगी। पार्टी के बयान के मुताबिक विधायक और पार्षद हर महीने के पहले मंगलवार को सुंदरकांड का करेंगे। पार्टी के मुताबिक सुंदरकांड के साथ-साथ हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया जाएगा।



### मुस्लिम छात्रा ने गाया पहाड़ी भाषा में भजन

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की मुस्लिम छात्रा सैयद बतूल जहरा ने हाल ही में राम भजन को अपनी मातृभाषा पहाड़ी में गाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यूजर्स छात्रा की खूब तारीफ कर रहे हैं। छात्रा बतूल उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली हैं और कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती हैं। सर्जिकल स्ट्राइक वाला उड़ी राम भजन के लिए जाना जाने लगा है।



### साध्वी ने माई के दर्शन किए, स्कूल में लगाई झाड़ू

**दतिया।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार सुबह पीतांबरा माई के दर्शन किए। अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मां तो सब जानती है, लेकिन मनुष्य होने के नाते जो हमारा कर्तव्य है वह हमने पूरा किया है। केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सरस्वती स्कूल पहुंचकर झाड़ू लगाई।



### एटीएम काट रहे थे चोर आग से जल गए 21 लाख

**ठाणे।** जिले में चोरों द्वारा एक एटीएम को गैस कटर से काटकर लूटने की कोशिश के दौरान वहां आग भड़क गई। इससे उसमें रखी 21 लाख रुपए की नकदी जलकर राख हो गई। आरोपी गैस कटर से एटीएम काटने लगे। इस दौरान ज्यादा गर्मी पैदा होने से आग लग गई। आग से एटीएम के भीतरी हिस्से बुरी तरह नष्ट हो गए।



अपने जन्मदिन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने किया महत्वपूर्ण ऐलान

# गठबंधन से इनकार, मायावती का प्रहार, अब अकेला लड़ेगा 'हाथी'

बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने का ऐलान किया है। पिछले चुनाव में बसपा ने महागठबंधन में लड़ते हुए 10 सीटों पर जीत हासिल की थी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण को लेकर पार्टियों में हलचल तेज हो गई है। सभी दल अपने-अपने कोर वोटर्स के साथ ही दूसरे दलों के वोटर्स को भी लुभाने के लिए रणनीति बना रहे हैं। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती के अकेले चुनावी मैदान में उतरने के ऐलान से देश की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। दलित मतदाताओं को बसपा का वोट बैंक माना जाता है। हर चुनाव में सभी पार्टियों की कोशिश इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रहती है। यही वजह है इंडिया गठबंधन के कई नेता ये चाह रहे हैं कि मायावती विपक्ष के महागठबंधन में शामिल हो जाएं।

आपको बताते हैं कि दलित वोट आखिर क्यों जरूरी है और पिछले कुछ चुनावों में दलित वोट का क्या असर रहा है। आंकड़ों के अनुसार, यूपी में बसपा के जनाधार की बात करें तो पार्टी को 2014 के लोकसभा चुनाव में कोई सीट नहीं मिली थी और कुल 19.77 प्रतिशत वोट मिला था। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 19 सीटों पर जीत हासिल की और 22.23 प्रतिशत वोट हासिल किया।

**उत्तर प्रदेश में दलित वोट बैंक बना है बसपा की ताकत**

दलित वोट के आंकड़ों के संकेतों के निकल रहे मायने

पिछले लोकसभा चुनाव में 10 सीटों पर जीती थी



### पिछले चुनाव में बसपा का ऐसा था प्रदर्शन

इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पिछली बार के मुकाबले शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 सीटों पर जीत का परचम लहराया था और पार्टी को 19.26 प्रतिशत वोट मिला था। वहीं 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी को केवल एक सीट पर जीत मिल सकी थी जबकि 12.88 प्रतिशत वोट हासिल किया था।

### अकेले लड़ेंगी मायावती

मायावती ने सोमवार को कहा कि हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। हम किसी गठबंधन में नहीं जाएंगे। गठबंधन से वोट बंट जाता है। हमारी पार्टी का सर्वोच्च नेतृत्व एक दलित के हाथ में है। गठबंधन करने पर हमारा वोट तो उन्हें मिल जाता है मगर उनका वोट खासकर सवर्ण वोट हमें नहीं मिलता है। साथ ही उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की तुलना गिरगिट से की।

### भाजपा और सपा ने क्या कहा?

बसपा सुप्रीमो के इस ऐलान पर भाजपा नेता और यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनके इस फैसले से भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा यूपी में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं सपा प्रवक्ता राजपाल कश्यप ने कहा कि कौन सी पार्टी किस गठबंधन के साथ जाती है यह उसका अपना निर्णय है। जहां तक मायावती के बोलने का सवाल है, यह देखना होगा कि वो बोल रही हैं या उनसे बुलवाया जा रहा है। अखिलेश यादव संस्कारी नेता हैं।

### दलित वोट कितना जरूरी है?

अब आते हैं उस सवाल पर कि आखिर दलित वोट कितना जरूरी है? इस सवाल का जवाब ढूंढने के लिए पिछले चार लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालते हैं। 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 26 प्रतिशत, भाजपा को 13 प्रतिशत, बसपा को 22 प्रतिशत और अन्य को 39 प्रतिशत दलित वोट मिला था। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस को 27 प्रतिशत, भाजपा को 12 प्रतिशत, बीएसपी को 20 प्रतिशत और अन्य को 41 प्रतिशत दलित वोट मिला था। दोनों ही बार देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार रही। इसके बाद 2014 के चुनाव में कांग्रेस को 19 प्रतिशत, भाजपा को 24 प्रतिशत, बसपा को 14 प्रतिशत और अन्य को 43 प्रतिशत दलित वोट मिला था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 20 प्रतिशत, भाजपा को 34 प्रतिशत, बसपा को 11 प्रतिशत और अन्य को 35 प्रतिशत दलित वोट मिला था। 2014 और 2019 में देश में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार बनी। ऐसे में आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं कि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के लिए दलित वोट कितना जरूरी है।

'असली शिवसेना' को लेकर विवाद

# उद्धव ठाकरे गुट ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को विभाजन के बाद असली शिवसेना घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती दी गई है। स्पीकर ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। 10 जनवरी को अयोग्यता याचिकाओं पर अपने फैसले में स्पीकर ने शिंदे खेमे के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था।

### शिंदे की स्थिति हुई और मजबूत

स्पीकर के इस फैसले ने मुख्यमंत्री के रूप में शिंदे की स्थिति को और मजबूत कर दिया है। बता दें कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के सीएम बनने के 18 महीने बाद एकनाथ शिंदे ने ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में शिंदे की राजनीतिक ताकत बढ़ गई, जिसमें भाजपा और एनसीपी (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। गौरतलब है कि कुछ महीने बाद आम चुनाव और 2024 की दूसरी छमाही में राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं।

### दलबदल विरोधी कानून यहां लागू नहीं

नार्वेकर ने कहा था कि कोई भी पार्टी नेतृत्व किसी पार्टी के भीतर असंतोष या अनुशासनहीनता को दबाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के प्रावधानों का उपयोग नहीं कर सकता है। स्पीकर ने कहा था कि जून 2022 में जब पार्टी विभाजित हुई तो शिंदे समूह को शिवसेना के कुल 54 विधायकों में से 37 का समर्थन प्राप्त था। इससे पहले चुनाव आयोग ने 2023 की शुरुआत में शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'शिवसेना' नाम और 'धनुष और तीर' प्रतीक दिया था।

### रूद्र का इस्तीफा, शर्मिला को मिल सकती है जिम्मेदारी



**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव के साथ इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस में बदलाव शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में गिडुगु रूद्र राजू ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। इससे वाईएस शर्मिला की इस पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राजू ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेज दिया है। बता दें कि वाईएस शर्मिला के कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा जा रहा था कि पार्टी उन्हें प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप सकती है।

समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

# नगालैंड पहुंची राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय' यात्रा

एजेंसी ▶▶ कोहिमा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सोमवार शाम नगालैंड पहुंच गई। राहुल गांधी अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ मणिपुर की सीमा से लगे कोहिमा जिले के खुजामा गांव पहुंचे। राहुल गांधी और उनकी टीम का खुजामा में लोगों ने स्वागत किया। वह रात्रि विश्राम गांव में किया।

कांग्रेस की नगालैंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष ख्रीदी थेनुओ ने बताया कि राहुल गांधी नगा होहो सहित नगा आदिवासी संगठनों, नागरिक संस्थाओं और चर्च निकायों के साथ उनके मुद्दों और समस्याओं पर बंद कमरे में बैठकें करेंगे। यात्रा 18 जनवरी को असम में प्रवेश करेगी और इससे पहले नगालैंड के पांच जिलों कोहिमा, त्सेमिन्यु, वोखा, जुन्हेबोटो और मोकोकचुंग से गुजरेगी।



उन्होंने बताया कि मंगलवार को राहुल गांधी विश्वेमा गांव से नगालैंड में अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे और कोहिमा पहुंचने पर वह द्वितीय विश्व युद्ध के कब्रिस्तान पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

देशव्यापी 'दीवार लेखन' अभियान की हुई शुरुआत

नई दिल्ली के लोधीनगर से अभियान की शुरुआत

# नड्डा ने दीवार पर बनाया 'कमल का फूल',नारा दिया और अपील की कि 'एक बार फिर... मोदी सरकार'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान भाजपा प्रमुख ने देशवासियों से एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि आज से एक बार फिर मोदी सरकार के नारे के साथ हमारा देशव्यापी दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू हो गया है, देश के लोगों से हमारी अपील है कि वे फिर से मोदी सरकार बनाएं, देश को आगे बढ़ाएं, देश में स्थिरता और स्थिर सरकार की जरूरत है। इसलिए इस 'दीवार लेखन' कार्यक्रम के माध्यम से हम भारत के लोगों से एक बार फिर मोदी सरकार की अपील करते हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि आज नई दिल्ली स्थित लोधीनगर से लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त 'दीवार लेखन कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के स्लोगन के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देशभर के हर बूथ पर स्वयं को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।




### सभी को कराएंगे मंदिर के दर्शन

इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बयान देते हुए कहा था कि भाजपा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत इस पूरे हफ्ते कई कार्यक्रम करेगी।उन्होंने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के बाद, भाजपा ने फैसला किया है कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक हम (पार्टी नेता और कार्यकर्ता) कई मंदिरों और पवित्र परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

### समावेशी सरकार जरूरी

'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-प्रयास, सबका-विश्वास' का हमारा ध्येय नया आयाम प्राप्त करेगा। देश की जनता से मेरी अपील है कि आगामी चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व विकास के हमारे संकल्प को साकार करने के साथ देश में स्थिर व समावेशी सरकार चुनें।

विश्व आर्थिक मंच की 54वीं वार्षिक बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में शुरू

# नीति-निर्धारण, वैश्विक साझेदारी सहित कई समस्याओं पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच की 54वीं वार्षिक बैठक 15 जनवरी से स्विट्जरलैंड के दावोस में शुरू हो गई। यह बैठक 19 जनवरी तक चलेगी। दुनिया के तमाम हिस्सों में मची जियोपॉलिटिकल उथल-पुथल की पृष्ठभूमि में हो रही बैठक का विषय विश्वास का पुर्ननिर्माण (रिबिल्डिंग ट्रस्ट) रखा गया है। डब्ल्यूईएफ की इस सालाना बैठक में 2,800 से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं, जिनमें 60 देशों की सरकारों के प्रमुख भी शामिल हैं। इसके अलावा 40 देशों के वित्त मंत्री, 16 सेंट्रल बैंक गवर्नर और 30 ट्रेड मिनिस्टर भी डब्ल्यूईएफ मीटिंग में दावोस पहुंच रहे हैं।



### वैश्विक नेता पहुंचे दावोस

*फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन, चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग, दक्षिण कोरिया के प्रेसिडेंट हैन डक-सू, स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज, स्विस प्रेसिडेंट वियोला अमहर्ड, बेल्जियम के पीएम अलेक्जेंडर डि क्रू, इराक के राष्ट्रपति मोहम्मद शया अल सूडानी, नीदरलैंड के पीएम मार्क रुट्टे, कतर के पीएम मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी, सिंगापुर के राष्ट्रपति थारमन शंमुगारत्नम, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे बैठक में शामिल हो रहे हैं।*




### विश्व में हो रहे युद्ध संघर्ष पर भी चर्चा

*बैठक में नई प्रौद्योगिकी और उसके प्रभाव से पैदा हुए अवसरों का पता लगाना तथा नीति-निर्धारण और वैश्विक साझेदारी के मुद्दों पर चर्चा होगी। जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरे, आर्थिक सहयोग, भू-राजनीतिक विभाजन, उर्जा सुरक्षा और विश्व के सामने खड़ी अन्य समस्याओं पर भी विचार-विमर्श होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध जैसे संघर्ष भी बैठक की कार्यसूची में शामिल हैं।*

### 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर रहने का अनुमान



डब्ल्यूईएफ में मुख्य अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में बताया गया है कि 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर हो सकती है। इस वर्ष विभिन्न देशों के बीच आर्थिक मोर्चे पर मतभेद बढ़ने का भी खतरा है। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने रिपोर्ट के बारे में कहा कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है। वैश्विक अर्थव्यवस्था तंग वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक दरार और एआई में तेजी से प्रगति से जूझ रही है।

### भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री बैठक में शामिल

पांच दिन की इस बैठक में भारत का आधिकारिक प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी कर रहे हैं। भारतीय प्रतिनिधि मंडल में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया तथा सौ से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास तथा यूपी, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री भी बैठक में भाग ले रहे हैं। दावोस में गौतम अदाणी, संजीव बजाज, कुमार मंगलम बिड़ला, संजीव बजाज, एन चंद्रशेखरन, नादिर गोदरेज, सज्जन जिंदल आदि शामिल हो रहे हैं।

### हमारे सामने एक खंडित दुनिया



डब्ल्यूईएफ फाउंडर और एक्जीक्यूटिव चेयरमैन क्लॉस स्कवाब के मुताबिक, 'हमारे सामने एक खंडित दुनिया है, जिसके समाज में टूट बढ़ रही है। इससे अनिश्चित्ता और निराशा में इजाफा हुआ है। हमें संकट प्रबंधन के आगे जाकर मौजूदा समस्याओं की जड़ खोजकर भविष्य में विश्वास को दोबारा विकसित करना होगा। ताकि हम ज्यादा बेहतर भविष्य का निर्माण कर पाएं।'
डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्जे ब्रेंडे ने कहा कि ये बैठक बेहद जटिल और चुनौती भरे जियोपॉलिटिकल और जियो-इकोनॉमिक हालातों में हो रही है।

## खबर संक्षेप

### दो भारतीय छात्रों की संदिग्ध हालत में मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कनेक्टिकट में दो भारतीय छात्रों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों 16 दिन पहले ही हायर स्टडीज के लिए अमेरिका गए थे। इनमें से एक छात्र गट्टू दिनेश तेलंगाना और दूसरा छात्र निकेश आंध्र प्रदेश से था। पुलिस ने दोनों छात्रों के घरवालों को बताया कि उनकी मौत नींद में हुई है। गट्टू दिनेश के चाचा ने बताया कि जब दिनेश के दोस्त उससे मिलने के लिए उनके कमरे पर गए तो उन्हें दोनों सोते हुए मिले।

### पांच उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया



**अगरतला।** त्रिपुरा में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के पांच उग्रवादियों ने सोमवार को सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के मुताबिक, इसके साथ ही पिछले वर्ष से हथियार डालने वाले एनएलएफटी उग्रवादियों की कुल संख्या 26 हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'एनएलएफटी के पांच कट्टर उग्रवादियों ने राज्य पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक कृष्णेंदु चक्रवर्ती के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

### यूएस में बर्फबारी का 82 साल का रिकॉर्ड टूटा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारी बर्फबारी का दौर जारी है। पिछले एक हफ्ते में 21 इंच से ज्यादा बर्फ गिरी है, जिससे बर्फबारी का 82 साल पुराना रिकॉर्ड टूट चुका है। इससे पहले साल 1942 में इतनी ज्यादा बर्फबारी हुई थी। खराब मौसम के चलते अमेरिका में करीब 7 करोड़ लोग प्रभावित हैं।4700 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। 2.5 लाख से ज्यादा घरों की बिजली सप्लाई ठप है। बर्फबारी के चलते पारा -45 डिग्री तक तापमान पहुंचने का अनुमान है।

एस. जयशंकर ने ईरान के शहरी विकास और विदेश मंत्री से की मुलाकात

# उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट के विकास पर सहमति

*कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देंगे*

◆ ईरान और मध्य एशिया के बीच व्यापार पर दिया जोर

◆ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शहरी विकास मंत्री के साथ चर्चा की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की गई है। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं।

*तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं।*



### आईएनएसटीसी एक महत्वपूर्ण परिवहन मार्ग

*आईएनएसटीसी एक परिवहन मार्ग है, जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के जरिए से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित, चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है, खासकर अफगानिस्तान से इसकी कनेक्टिविटी के लिए। 2021 में ताशकंद में एक कनेक्टिविटी सम्मेलन में जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह को अफगानिस्तान सहित एक प्रमुख क्षेत्रीय पारगमन केंद्र के रूप में पेश किया। चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी देखा जाता है। यह गलियारा भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी मल्टी-मोड परिवहन परियोजना है।*

### लाल सागर में उभरी स्थिति पर चर्चा

एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन से भी मुलाकात की। दोनों ने लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से लाल सागर से आवाजाही कर रहे व्यापारिक जहाजों को यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। भारत लाल सागर में उभरती स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। भारतीय नौसेना ने उत्तर और मध्य अरब सागर सहित महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में समुद्री वातावरण को देखते हुए समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अपने अग्रिम पंक्ति के जहाजों और निगरानी विमानों की तैनाती पहले ही बढ़ा दी है।

### संबंधों को मजबूत करने पर जोर

*गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अगस्त में ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी के साथ मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों के नेताओं ने कनेक्टिविटी हब के तौर पर चाबहार बंदरगाह की मजबूती के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया था।*

#### दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करेंगे

*जयशंकर ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से मुलाकात की। इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट पर पोस्ट साझा करते हुए जयशंकर ने कहा कि ईरान के शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बजरपाश के साथ मेरी बैठक हुई। इस दौरान चाबहार बंदरगाह के संबंध में दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर, विस्तृत और उत्पादक चर्चा की।*

## भारत विश्व मैत्री की बात करता है



*भारत और मालदीव के बीच चल रहे राजनयिक विवाद के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की बयानबाजी पर दो टूक कहा है कि राजनीति तो राजनीति होती है और इसकी कोई गारंटी नहीं है कि हर देश भारत को सपोर्ट करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भारत ने अपार सफलता हासिल की है और दुनियाभर में अपने संबंधों को मजबूत किया है। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बदलती राजनीति के साथ विदेशी देशों के लोगों के मन भारत को लेकर सद्भावना हो और वे हमारे साथ अच्छे संबंधों का महत्व समझ सकें। पीएम नरेंद्र मोदी विश्व मैत्री की बात करते हैं।*

### सैनिकों की वापसी पर कोर समूह बनाया गया

*चीन की पांच दिवसीय यात्रा से स्वदेश लौटे मुइज्जू लगातार अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर निशाना साध रहे हैं। मुइज्जू ने भारत सरकार से 15 मार्च तक मालदीव में मौजूद अपने सभी सैनिकों को हटाने को भी कह दिया है। सार्वजनिक नीति सचिव अब्दुल्ला नाजिम ने राष्ट्रपति कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति ने भारतीय सैनिकों को मार्च से पहले वापस जाने के लिए कहा है।*

*इस बीच, भारतीय सैनिकों की वापसी पर चर्चा के लिए दोनों देशों ने एक उच्चस्तरीय कोर समूह बनाया है। समूह ने रविवार सुबह विदेश मंत्रालय में एक बैठक की, जिसमें मालदीव में भारतीय राजदूत मुनु महावर भी शामिल हुए।*

*नाजिम ने कहा कि राष्ट्रपति ने इस साल 15 मार्च से पहले मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी को रविवार की बैठक के एजेंडे के रूप में लिया और शाम तक चर्चा जारी रही।*

हूती विद्रोहियों और अमेरिका में संघर्ष

# पहली बार अमेरिकी पोत पर लाल सागर में मिसाइल दागी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजेंसी, दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक अमेरिकी जहाज को निशाना बनाकर पोत विध्वंसक क्रूज मिसाइल दागी, जिसे एक अमेरिकी लड़ाकू विमान ने मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा पट्टी में हमास के साथ इजराइल के युद्ध के बीच हाल में वैश्विक स्तर पर जहाजों की आवाजाही को प्रभावित करने वाले हमले हुए हैं।

देसी मिसाइल 'एस्ट्रा' बनेगी 'काल'

# बॉर्डर पर दुश्मनों के छूटेंगे छक्के

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भारतीय वायु सेना को आपूर्ति के लिए स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित एस्ट्रा मिसाइल को हरी झंडी दिखाई। मिसाइल को भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), कंचनबाग यूनिट, हैदराबाद में कंपनी के सीएमडी, कमोडोर ए. माधवराव (सेवानिवृत्त), महानिदेशक, मिसाइल और सामरिक प्रणाली (डीजीएमएसएस) यू. राजा बाबू और डीआरडीओ, वायु सेना तथा बीडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई गई।




### हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल

एस्ट्रा एक दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जिसे डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है और भारतीय वायुसेना के लिए बीडीएल द्वारा इसका निर्माण किया गया है। हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की श्रेणी में यह हथियार प्रणाली दुनिया में अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ है। इसकी मारक क्षमता 100 किमी से अधिक है। इस मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दुश्मनों के उन ठिकानों को भी तबाह करने की ताकत रखती है, जिसे पायलट नहीं देख पाता।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से की बात

# रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर बनी सहमति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की और इस दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए एक खाका विकसित करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

### भविष्य की पहलों के लिए योजना तैयार

पीएमओ से जारी बयान के मुताबिक, टेलीफोन पर हुई इस बातचीत में प्रधानमंत्री ने रूस को ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह और पुतिन भविष्य की पहलों के लिए एक योजना तैयार करने पर भी सहमत हुए। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति पुतिन के साथ अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में विभिन्न मुद्दों पर प्रगति का जायजा लिया और भविष्य की पहलों के लिए एक खाका तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।

### भारत ने पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाया

पीएमओ ने कहा कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के बाद द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2024 में रूस को ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दीं और भारत के पूर्ण समर्थन का भरोसा दिलाया। बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

आईएमएफ चीफ बोलीं- एआई से 40% नौकरियां जाने का खतरा

# 2024 दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल होगा, चुनाव से देशों पर कर्ज बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जीवा का कहना है कि एआई जॉब सिक्योरिटी के लिए खतरनाक हो सकता है। स्विट्जरलैंड के दावोस में शुरू हुई वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में शामिल होने से पहले आईएमएफ चीफ जॉर्जीवा ने कहा कि एआई से विकसित देशों की 60% नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। यह जॉब सिक्योरिटी के लिहाज से भी खतरनाक साबित होगा। हालांकि, एआई उत्पादकता बढ़ाने के लिए मौके भी पैदा करेगा।

### खास बातें

- एआई उत्पादकता बढ़ाने के लिए मौके भी पैदा करेगा
- हाई स्किल्ड जॉब वाले देशों में एआई से सर्वाधिक खतरा रहेगा
- आधी नौकरियों पर एआई का गलत असर

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में भाग लेने से पहले चेताया



### एआई का असर अच्छा भी हो सकता है

*आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया कि दुनियाभर की आधी नौकरियों पर एआई का गलत असर पड़ेगा। बाकी बची आधी नौकरियों पर इसके अच्छे प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खतरा उन देशों में सबसे ज्यादा होगा, जहां हाई स्किल्ड जॉब की डिमांड होगी। जॉर्जीवा ने कहा- एक तरफ एआई के आने से आपकी नौकरी पूरी तरह से खत्म हो सकती है, दूसरी तरफ नौकरियां बढ़ सकती हैं। नौकरी के अवसर बढ़ेंगे तो आपकी प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी। इससे इनकम, लिविंग स्टैंडर्ड भी बढ़ेगा।*

#### कर्ज के जाल में फंसी दुनिया

उन्होंने कहा कि विकासशील देशों में एआई का प्रभाव कम हो सकता है, लेकिन वैश्विक स्तर पर करीब 40 प्रतिशत नौकरियों पर एआई का असर पड़ सकता है। वहीं, उन्होंने 2024 के लिए दुनिया को चेताया है। उन्होंने कहा कि 2024 दुनियाभर की अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल साल हो सकता है। दुनिया कोरोना के वक्त लिए गए कर्ज के जाल से अभी तक नहीं निकल पाई है। इस साल दुनिया में 60 से ज्यादा देशों में चुनाव हैं। ऐसे में सरकारें लोगों को लुभाने के लिए पैसे खर्च करेंगी, इससे देशों पर कर्ज और बढ़ेगा।

#### छोटे देशों की मदद करनी होगी

*14 जनवरी को आईएमएफ की नई रिपोर्ट पब्लिश हुई। इसमें अनुमान जताया गया है कि उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में लेबर मार्केट पर एआई का शुरुआती असर कम होगा। जॉर्जीवा ने कहा कि हमें विशेष रूप से कम आय वाले देशों को तेजी से आगे बढ़ने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि वे एआई के आने से बनने वाले अवसरों का लाभ उठा सकें।*

कार्यशाला और जनहितैषी, कार्यक्रम शामिल होंगे

# 150 साल का हुआ आईएमडी, भोपाल मौसम केंद्र सालभर करेगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), मौसम विज्ञान में 150 वर्ष पूरे किए हैं। 15 जनवरी 1875 में स्थापना के साथ भारत मौसम विज्ञान विभाग लगातार देश को सटीक मौसम पूर्वानुमान, चेतावनियां और जलवायु की जानकारी दे रहा है।

150वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए मौसम केंद्र भोपाल इस साल भर में समारोह का आयोजन करेगा। इसके तहत सम्मेलन, कार्यशाला और जनहितैषी, कार्यक्रम शामिल होंगे, जो मौसम विज्ञान, जलवायु परिवर्तन और तैयारी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए होंगे। इसी आयोजन के तहत 15 जनवरी 2024 को मौसम केंद्र भोपाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका उदघाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा मौसम मुख्यालय नई दिल्ली में एवं प्रादेशिक स्तर पर डॉ. देवेंद्र प्रधान, पूर्व वैज्ञावनक जी, आईएमडी एवं विशेष अतिथि डॉ. डी. पी. दुबे, पूर्व प्रमुख, मौसम केंद्र भोपाल द्वारा किया गया।

◆ मौसम केंद्र की प्रदर्शनी का लोगों ने किया अवलोकन, मौसम मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च



**मौसम केंद्र भोपाल में प्रदर्शनी**

मौसम केंद्र भोपाल में डॉ. देवेन्द्र प्रधान, पूर्व वैज्ञानिक जी, भारत मौसम विज्ञान विभाग, मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि डॉ. डी. पी. दुबे, पूर्व प्रमुख, मौसम केंद्र भोपाल के साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संस्मरण साझा किए। डॉ. वेद प्रकाश सिंह, वैज्ञानिक सी ने सभी का स्वागत किया। स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, आमजन ने मौसम केंद्र द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



**मौसम मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री किरन रिजीजू, एम. रविचंद्रन, सचिव- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और डॉ. एम. महापात्र, महानिदेशक, भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली ने संयुक्त रूप से मौसम मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया गया।

भिंड कलेक्टर ने पेश की नजीर दो पक्षों में हुआ था विवाद, पूरे गांव के हथियार के लाइसेंस कर दिए थे सस्पेंड

# प्रदेश में हर्ष फायर और जबरन बंदूक तानने पर सरकार करेगी लाइसेंस सस्पेंड, इससे रुकेंगे विवाद और हत्याएं

**प्रदेश में 1 लाख 40 हजार से अधिक लाइसेंसी पिस्टल और रायफलधारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में लाइसेंसी पिस्टल या फिर रायफल से हर्ष फायर करने वालों के लायसेंस सस्पेंड भी हो सकते हैं। वहीं जबरन लोगों पर हथियार तान के वर्चस्व बनाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी सरकार कर रही है।

सरकार के एक्शन से हर्ष फायरिंग और विवाद की स्थिति को भी नियंत्रित किया जा सकता है। पिछले कई सालों में देखा गया है कि शादी और जश्न में फायरिंग करने की वजह से लोगों की मौत भी हुई है। लायसेंसी पिस्टल या फिर हथियार लोगों को सुरक्षा के लिए सरकार देती है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। पिछले दिनों भिंड जिले में भी ऐसी ही स्थिति बन गई थी, जिसके बाद कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने पूरे गांव के ही लाइसेंस सस्पेंड कर दिए थे। कलेक्टर की इस नजीर पर राज्य सरकार मंथन कर रही है। लायसेंस सस्पेंड करने के बाद विवाद शांत हो गया और बवाल काबू भी पाया गया।

पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा लायसेंस ग्वालियर चंबल में जारी किए गए हैं। यही पर सबसे ज्यादा विवाद और आपसी रंजिश के मामले भी सामने आते हैं। ऐसी स्थिति में जबरन विवाद पैदा करने और लोगों को धमकाने के मामले में लायसेंसी हथियार को सस्पेंड करने का नियम भी बनाया जा सकता है।

**सबसे ज्यादा बने रायफल और 12 बोर के लाइसेंस, अब पिस्टल का शौक**

गृह विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा राइफल और 12 बोर के लायसेंस पिछले 10 सालों में जारी किए गए हैं, जबकि पिछले दो दशक में करीब 80 हजार से अधिक लायसेंस बनाए गए हैं। जबकि अभी मध्य प्रदेश में 1 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को लायसेंस जारी किए गए हैं। खास बात है कि अब इसलिए 2 सालों में पिस्टल का क्रेज ज्यादा बढ़ा है। राइफल और 12 बोर के लिए कलेक्टर की ओर से आदेश जारी किया जाता है, जबकि पिस्टल के लिए गृह विभाग तक जांच पड़ताल के बाद लायसेंस दिया जाता है।

## रिटायर्ड कर्मचारी की संदिग्ध मौत

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित सागर लेकव्यूह होम्स में रहने वाले कृषि विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बाथरूम में अचानक बेसुध होकर गिरने के बाद परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार सागर लेकव्यूह होम्स निवासी 67 साल के धन्नालाल साहू, कृषि विभाग से रिटायर्ड थे। वे यहां परिवार के साथ रहते थे।

टाइम लिमिट बैठक में कलेक्टर ने दी एसडीएम और तहसीलदारों को जानकारी

## राजस्व पखवाड़े में निपटाएंगे नामांतरण, सीमांकन के केस



**भोपाल।** विधानसभा चुनाव के पहले से तहसील दफ्तरों के काम अटके हुए है। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और जमीन से जुड़े केसों की पेंडेंसी बढ़कर आठ हजार तक पहुंच गई है। लोकसभा चुनाव भी आने वाला है, ऐसे में राजस्व केसों को निपटाया जाएगा, जिसको लेकर सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट बैठक में एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को हिदायत देते हुए कहां कि आज ही राजस्व पखवाड़ा शुरू किया जाएगा। यह पखवाड़ा 29 जनवरी तक चलेगा। इस पखवाड़े में निपटाए जा रहे राजस्व केसों के डिस्पोजल की रोजाना मॉनीटरिंग की जाएगी।

**कलेक्टोरेट में होगा स्वच्छता अभियान**

कलेक्टर ने बताया कि सभी अफसरों को अपने दफ्तरों में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई करने की हिदायत दी गई ह। बुधवार को सुबह 8 बजे कलेक्टोरेट में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि खनिज विभाग अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई करे।



## पुरुषोत्तम ने जीता गुलाब प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार

**भोपाल।** राजधानी में बीते दो दिन से आयोजित 43वीं गुलाब प्रदर्शनी में सी सेक्टर सोनागिरी के रहने वाले पुरुषोत्तम गौर ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। पुरुषोत्तम को यह पुरस्कार लघु गार्डन की श्रेणी में दिया गया है। वहीं पुरुषोत्तम ने कट रोज फ्लॉवर्स की श्रेणी में 29वां प्रथम एवं 28वां द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

**खेल**

**खबर संक्षेप**



### विविध शॉट खेलना ईश्वर का उपहार

**इंदौर।** लंबे छक्के जड़ने में माहिर भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने सोमवार को कहा कि स्पिनरों के खिलाफ कई तरह के शॉट खेलना उनके लिए ईश्वर का उपहार है। दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा, 'मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है। मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है। मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं।'

### लाभ नहीं लेना चाह रहा था मानवजीत

**नई दिल्ली।** कुवैत में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रैप निशानेबाज मानवजीत सिंह को 'दोषपूर्ण' बंदूक के कारण अयोग्य ठहराए जाने को 'अन्यायपूर्ण' करार देने वाले भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने अपीली जूरी को बताया है कि यह निशानेबाज किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लेना चाहता था।



**टेनिस : सातवीं वरीय और विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा बाहर**

# गॉफ और मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां आसानी के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त और विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हालांकि पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 6-1, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंदी टेरेंस एटमाने के मैच के बीच से हट जाने के कारण दूसरे दौर में जगह बनाई। जब 22 वर्षीय एटमाने ने हटने का फैसला किया तब मेदवेदेव 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे।



**वावरिंका हारकर बाहर**



*पिछले साल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले स्टेफानोस सिटसिपास ने ज़िज़ौ बर्ग्स को 5-7, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 2014 के विजेता और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें एड्रियन मन्नारिनो ने 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से हराया। पिछले साल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बॉतिस्टा आगुट को 6-2, 7-6 (2), 7-5 से जबकि अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और 25वीं वरीयता प्राप्त सेबेस्तियन कोर्डा ने विट कोप्रिवा को 6-1, 6-4, 2-6, 4-6, 6-2 से हराया।*

# योगेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में जीते दो स्वर्ण



एजेंसी ▶▶ जकार्ता

भारतीय निशानेबाजों का एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन जारी है और योगेश सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 33 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे। ईरान के मोहम्मद बेरानवांद ने 40 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शूट ऑफ में चीन के युहाओ गुओ को पछाड़ा। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता । चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला।

**ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान पर रही श्रेयसी**

*महिला शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिंकियू झांग (39) को रजत पदक मिला । कजाखस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला।*

### जीत से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा भारत

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

ब्लीचिंग पावडर का टोटा

## मुलानी ने चटकाए 10 विकेट मुंबई की लगातार दूसरी जीत

*मुंबई। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे मुंबई ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में आंध्र को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। फॉलोआन खेल रही आंध्र की टीम शेक रशीद (66) और हनुमा विहारी (46) की उपयोगी पारियों के बावजूद मुलानी (96 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 73.4 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। मुंबई को 34 रन का लक्ष्य मिला।*



### बीसीसीआई ने चयनकर्ता पद के लिए मंगाए आवेदन

*नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए। पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा। क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है। बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है जिसमें चयनकर्ता के लिए वही योग्यता मांगी गई है जो 2 साल पहले मांगी गई थी। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है।*

**सात्विक और चिराग की जोड़ी पर भारत की निगाहें**

# इंडिया ओपन में पदक जीतने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे। सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी।

सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे जबकि हाल में वह मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे। इससे उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे लेकिन वह घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं।



**पुरुष एकल से पदक की उम्मीद**

पुरुष एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी विशेषकर तब जबकि ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। मलेशिया में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रणय और लक्ष्य को जल्द लय हासिल करनी होगी जबकि पिछले सप्ताह पहले दौर में जोनाथन क्रिस्टी को हराने वाले श्रीकांत उस जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। प्रणय और लक्ष्य मलेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे।





# पति विक्की से बोलीं अंकिता मैं जा रही हूं तेरी जिंदगी से

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 17 के घर में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के बीच लड़ाई-झगड़ा खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हाल ही में फैमिली वीक खत्म हुआ, जहां दोनों की मां ने उन्हें समझाया। जिसके बाद दोनों ने डिसाइड किया कि वो झगड़ेंगे नहीं लेकिन अब एक बार फिर से उनके बीच अनबन शुरू हो गई है। अंकिता ने तो विक्की से ये तक कह दिया कि मैं तेरी जिंदगी से जा रही हूं। अंकिता और विक्की का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दोनों एक बार फिर लड़ते दिख रहे हैं। वीडियो में अंकिता बेड पर बैठी हैं और विक्की खाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में विक्की पूछ रहे हैं- मुझ में क्या कमी हो रही है? इस रिलेशनशिप में आपके कम्पेशन की कमी है। उस पर प्रॉब्लम है। फिर विक्की कहते हैं- आप जब मुनव्वर का हाथ पकड़ती थीं, गले लगाती थीं तो मुझे भी ऐसे ही बिहेव करना था। आपके रिश्ते सारे पवित्र और मेरे सारे खराब। फिर अंकिता कहती हैं- मैं इंसिक्योर हूं। इस पर विक्की कहते हैं- हद हो गई है, मैं सब कुछ कर करके थक गया हूं। फिर अंकिता कहती हैं- मैं भी थक गई हूं। फिर गुस्से में विक्की कहते हैं- कुछ नहीं किया है तूने। सच बोलना चालू करूंगा तो सुन नहीं पाएगी। इस पर अंकिता कहती हैं- पता नहीं आपको क्या हो गया है आप सिर्फ झगड़ते हैं। मुझे माफ कर दो।

# अमेरिका कैसे पहुंचे किंजल-तोषू? कहानी में आएगा नया ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा टीवी का पॉपुलर शो है। सीरियल पर फैंस खूब प्यार बरसाते हैं। शो में इन दिनों अनुपमा अमेरिका में है। यहां पर वो रेस्टोरेंट में काम करके अपना गुजारा कर रही है। वहीं अनुज भी अमेरिका में है। शो में दिखाया गया कि छोटी अनु को ये पता चल गया है कि अनुपमा अमेरिका में है और वो पूरी कोशिश में लगी है कि अनुज को ये बात पता न चले। वहीं अनुज ने अनुपमा को दूर से देख लिया जिसके बाद वो अनुपमा से मिलने के लिए बैचेन है। अब आने वाले दिनों में देखना होगा कि अनुपमा और अनुज की मुलाकात कैसे होती है।

# कच्चा बादाम गर्ल ने दर्ज कराई एफआईआर



**मुंबई।** कच्चा बादाम गर्ल के नाम से मशहूर अंजलि अरोड़ा पॉपुलर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। पिछले साल अंजलि का एक वीडियो लीक हुआ था, जिसके बाद उन्हें काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी। अंजलि ने उस वीडियो को मार्फ्ड और फेक बताया था। अब अंजलि ने फेक एमएमएस वीडियो लीक मामले में एक्शन लिया है। अंजलि ने एफआईआर दर्ज कराई है। अंजलि ने सोशल मीडिया पर इस कंफर्म भी किया है। इसी के साथ उन्होंने लिखा- भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वहीं अंजलि ने कहा- 'हां, ये सच है लेकिन मैं आपसे रिक्वेस्ट करती हूं कि आप मेरी पीआर टीम से कनेक्ट करें। वो आपको पूरी डिटेल्स देंगे। इसके बाद अंजलि की पीआर टीम ने बताया, 'हां अंजलि ने एफआईआर दर्ज करवा दी है. पुलिस ने इस मामले में जांच भी शुरू कर दी है। अंजलि काफी पॉपुलर स्टार हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही एक लग्जरी घर भी खरीदा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंजलि का ये घर 4 करोड़ का है. अंजलि ने अपने घर की इनसाइड झलक दिखाई थी।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930